ख़बरों के 67 साल, ख़बरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump.com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें :—> jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 01 अगस्त 2023 | वर्ष –67 | अंक –267 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ मणिपुर खुद जल नहीं...
■ मानव तस्करी पर ... 04
■ अंतरिम प्रधानमंत्री पर खींचतान, अपने ही ....
■ 6 साल के मासूम को पेशाब से सनी ... 09
■ इस मानसून में बेहतर रही खरीफ फसल की बुआई
■ भारत के गैर-बासमती चावल निर्यात पर... 11
■ भारत की निगाहें वेस्ट ...
■ स्पेन को हराकर ग्रुप सी.. 10

## सार संक्षेप

### मोदी को आज लोकमान्य तिलक पुरस्कार से सम्मानित करेंगे शरद पवार



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को महाराष्ट्र के पुणे में लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शरद पवार होंगे, जो श्री मोदी को सम्मानित करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री दगडूशेठ गणपति मंदिर में पूजा–अर्चना करेंगे और विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। पीएमओ ने बयान में कहा, पुणे मेट्रो फेज–1 के दो गलियारों के उद्घाटन के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार दोपहर 12.45 बजे मेट्रो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। ये खंड फुगेवाड़ी स्टेशन से सिविल कोर्ट स्टेशन और गरवारे कॉलेज स्टेशन से रूबी हॉल क्लिनिक स्टेशन तक हैं। इस परियोजना की आधारशिला भी मोदी ने 2016 में रखी थी। कार्यक्रम में मोदी और शरद पवार के एक मंच पर होने से सियासित तेज हो गई है। इंडिया गठबंधन के कुछ सदस्यों ने इस पर एतराज जताया है।

**3,930 लाभार्थियों को सौंपेंगे घर**– प्रधानमंत्री मोदी पिंपरी चिंचवड़ नगर निगम (पीसीएमसी) के तहत अपशिष्ट से ऊर्जा उत्पादन के संयंत्र का भी उद्घाटन करेंगे। लगभग 300 करोड़ रुपये की लागत से विकसित यह संयंत्र सालाना लगभग 2.5 लाख मीट्रिक टन कचरे से बिजली उत्पन्न करेगा।

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।




**चूहा-सुनती हो**–सुप्रीम कोर्ट पुलिस से पूछ रहा है कि मणिपुर मामले में एफआईआर दर्ज करने में इतनी देर क्यों लगी?

**चुहिया- हां प्रिये**- अदालत वही बात पूछ रही है जो पुलिस बता नहीं सकती।

## मणिपुर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से कड़े लहजे में पूछा

# पुलिस को मामला दर्ज करने में 14 दिन क्यों लगे ?

**चीफ जस्टिस ने महिलाओं के खिलाफ हिंसा को रोकने के लिए मजबूत प्रक्रिया बनाने के दिए निर्देश**

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** मणिपुर वायरल वीडियो मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में फिर सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि वीडियो के सामने आने के बाद यह मामला सामने आया, लेकिन यह एकमात्र घटना नहीं है, जहां महिलाओं के साथ मारपीट या उत्पीड़न किया गया है।

अन्य घटनाएं भी हैं। सीजेआई ने कहा कि हमें महिलाओं के खिलाफ



हिंसा के व्यापक मुद्दे को देखने के लिए एक व्यवस्था भी बनानी होगी। इस व्यवस्था को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसे सभी मामलों का ध्यान रखा जाए। उन्होंने पूछा कि तीन मई के

**सीबीआई जांच के खिलाफ हैं महिलाएं**

बाद से, जब मणिपुर में हिंसा शुरू हुई थी, ऐसी कितनी एफआईआर दर्ज की गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया कि जब घटना चार मई को हुई तो एफआईआर 18 मई को क्यों दर्ज की गई? चार मई से 18 मई तक पुलिस क्या कर रही थी? यह घटना जब सामने आई कि महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाया गया और कम से कम दो के साथ दुष्कर्म किया गया, तब पुलिस क्या कर रही थी?

मणिपुर की दो पीड़ित महिलाओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि महिलाएं मामले की सीबीआई जांच और मामले को असम स्थानांतरित करने के खिलाफ हैं। इस पर सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हमने कभी भी मुकदमे को >>शेष पृष्ठ 2 पर

### निर्भया एक रेप केस था, यह उससे भी भीषण, बनाएंगे कमेटी

सरकार का पक्ष रख रहीं अधिवक्ता बांसुरी स्वराज ने जब मणिपुर मामले की बीच बंगाल का मुद्दा उठाया तो मुख्य न्यायाधीश श्री चन्द्रचूड़ ने सख्त लहजे में कहा कि – पं. बंगाल और निर्भया का ममला गंभीर है लेकिन यह अलग है। और उससे भी भीषण है। उन्होंने हिंसा के मामलों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक समिति के गठन की भी बात कही। उन्होंने कहा कि इन मामलों की जांच के लिए सीबीआई और एसआईटी पर ही भरोसा करना काफी नहीं होगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लोगों को न्याय मिल सके। पहले ही काफी समय गुजर चुका है। तीन महीने बीत चुके हैं और लोग अब तक न्याय के इंतजार में हैं। कोई प्रक्रिया तक शुरू नहीं हुई है।

## आरपीएफ जवान ने चलती ट्रेन में प्रभारी समेत 4 को गोली मारी

**मुंबई, (एजेसियां)।** चलती ट्रेन में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक कांस्टेबल ने जयपुर-मुंबई सुपरफास्ट एक्सप्रेस (नंबर 12956) में अपने प्रभारी और तीन अन्य यात्रियों की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

**जयपुर–मुंबई एक्सप्रेस में घटना**

ट्रेन विरार (पालघर) और मीरा रोड (ठाणे) के बीच तेज गति से चल रही थी, जहां ऑन–ड्यूटी कांस्टेबल चेतन कुमार और उनके प्रभारी, सहायक उप–निरीक्षक टीकम राम के बीच बहस हुई।

यह घटना सुबह करीब 5.23 बजे बी5 कोच में हुई, जब कुमार ने अपने स्वचालित हथियार से एएसआई राम और एक पेंट्री–कार कर्मचारी सहित चार लोगों की हत्या कर दी। बाद में, कुमार ने अलार्म चेन खींच ली व दहिसर स्टेशन के पास कूदकर भागने का प्रयास किया, लेकिन जीआरपी ने उसे पकड़ लिया। उसे मीरा रोड स्टेशन ले जाया गया, जबकि आरपीएफ, जीआरपी और अन्य अधिकारी घटना की जांच के लिए मौके पर पहुंचे।

## एक वर्ष में 1 लाख सरकारी पदों पर होगी भर्ती, अभी तक 60 हजार पदों पर नियुक्ति : शिवराज

### मुख्यमंत्री ने प्रदान किए अधिकारी-कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में एक वर्ष में 1 लाख सरकारी पदों पर भर्ती होगी, जिसमें से लगभग 60 हजार पदों पर नियुक्ति दी जा चुकी है।

प्रदेश की जनता मेरा परिवार है और मैं सरकार को परिवार की तरह ही चलाने का प्रयास करता हूं। गरीब और मजदूर हमारे लिए भगवान हैं। शासकीय सेवा में आपका चयन उनकी सेवा के लिए हुआ है।

गरीब और मजदूर को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना, उन्हें काम का स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना हमारा दायित्व है। मुख्यमंत्री श्री चौहान आबकारी, श्रम और सहकारिता विभाग के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निवास कार्यालय पर कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने नवनियुक्त शासकीय सेवकों को नियुक्ति–पत्र वितरित किए और शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पिछली 15 अगस्त पर मैंने एक साल में एक लाख पदों पर भर्ती की बात कही थी। यह भर्ती अभियान निरंतर जारी है। अब तक 60 हजार लोगों को नियुक्ति दी जा चुकी है। आज की नियुक्तियां भी इसमें शामिल हैं। हमारी प्रतिबद्धता रही है कि पारदर्शिता, ईमानदारी और मेरिट के आधार पर शासकीय सेवा में भर्तियां हों। आप सबका चयन मेरिट के आधार पर हुआ है, अतः आप सब बधाई के पात्र हैं। शासकीय सेवा में कार्यभार ग्रहण करने के बाद विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन आपके माध्यम से ही होगा। आप इस दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करें, यही आशीर्वाद >>शेष पृष्ठ 2 पर



## नरसिंहपुर-गोटेगांव मार्ग पर भीषण सड़क हादसा, जबलपुर पाटन के पिता और दो बेटों की मौत

**गोटेगांव, देशबन्धु।** नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव समीपवर्ती मानेगांव के पास रविवार रात भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार 3 लोगों की मौत हो गई। हादसे में दो गंभीर रूप से घायल हैं। बताया जा रहा है कि यह भीषण सड़क हादसा नरसिंहपुर स्टेट हाइवे मार्ग मानेगांव के पास हुआ है।

यहां किसी अज्ञात वाहन ने कार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे की जानकारी लगते ही ठेमी पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। शवों का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा गया है। जानकारी के अनुसार, पाटन के रहने वाले अग्रवाल परिवार अपने परिवार के साथ करेली से कार (एमपी 20 जेडए 9974) ग्रैंड विटारा में सवार होकर >>शेष पृष्ठ 2 पर

## रीवा में बिजली का तार श्रद्धालुओं पर गिरा, भगदड़ करंट की चपेट में आए 59 लोग, 3 गंभीर

**रीवा, देशबन्धु।** रीवा के देवतालाब में बिजली का तार गिरने से 59 श्रद्धालु करंट की चपेट में आ गए। 3 लोगों की हालत गंभीर होने पर रीवा शहर के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसा देवतालाब के शिव मंदिर में हुआ, जो लौर थाना इलाके में है। देवतालाब मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष गिरीश गौतम का गृह क्षेत्र भी है।

सावन का चौथा सोमवार होने से शिव मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे थे। बताया जा रहा है कि जिस समय यह हादसा हुआ, उस वक्त मंदिर समेत पूरे परिसर में 3 हजार से ज्यादा लोग दर्शन के लिए मौजूद थे। करंट फैलने से श्रद्धालुओं में भगदड़ भी मच गई।

रीवा के अलावा मऊगंज में 38, नई गढ़ी में 11 और देवतालाब के अस्पताल में



7 घायलों को भर्ती कराया गया।

बताया जा रहा है कि खंभे पर शॉर्ट सर्किट के कारण हादसा हुआ। सुरक्षा व्यवस्था में लगी जाली में भी करंट फैल गया था। कलेक्टर प्रतिभा पाल और एसपी विवेक सिंह ने घटनास्थल पहुंचकर जायजा लिया है।

## नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने वाले को पीट-पीटकर मार डाला

**फुलबनी।** ओडिशा में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने वाले व्यक्ति को पीड़िता के घरवालों ने पीट–पीटकर मौत के घाट उतार दिया। इस मामले की जानकारी देते हुए एक अधिकारी ने कहा कि– पीड़िता के पिता और चाचा ने कथित तौर पर दुष्कर्म करने वाले व्यक्ति को पीट–पीटकर मार डाला, जिसने बाद में दोनों ने ओडिशा के कंधमाल जिले में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

**हत्या के बाद आरोपी खुद पहुंच गये थाने**

यह घटना जिला मुख्यालय फुलबनी से लगभग 75 किलोमीटर दूर रायकिया पुलिस स्टेशन के अंतर्गत एक गांव में हुई। आरोप है कि कंक्रीट मिश्रण मशीन के एक ऑपरेटर ने लड़की के साथ दुष्कर्म किया, लड़की घर के बाहर घूम रही थी। मृतक छत्तीसगढ़ का रहने वाला था जिसे एक ठेकेदार ने किसी काम के लिए नियुक्त किया था।

रायकिया पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक रमाकांत पात्रा ने बताया कि घटना से गुस्साए उसके पिता और चाचा ने आरोपी को लाठियों से पीटा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि बाद में दोनों ने थाने में आत्मसमर्पण कर दिया और अपराध कबूल कर लिया।

### कांग्रेस चलाएगी अब तक का सबसे बड़ा अभियान

## अगले तीन महीने में देश के हर घर तक पहुंचेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अगले कुछ दिनों के भीतर केंद्र सरकार को घेरने के लिए एक बार फिर से जनता के उन मुद्दों में से एक मुद्दे को बाहर निकाला है, जिस पर बड़ी रणनीति पार्टी ने बनाई है।



अगले 90 दिनों के भीतर सभी राज्यों में एक बड़े जन अभियान के माध्यम से डीजल और पेट्रोल पर वसूले जा रहे टैक्स और सरकारी/प्राइवेट कंपनियों को होने वाले मुनाफे के बारे में बताएगी। जिस तरीके से उनकी पार्टी ने हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में जनता से जुड़े सीधे मुद्दों को उनके ही बीच में ले जाकर रखा है, ठीक उसी तरह इस मुद्दे को भी वह जनता के बीच में ले जाएंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश का कहना है कि बीते एक साल के भीतर कच्चे तेल की कीमतों में 35 फीसदी की गिरावट हुई है। बावजूद इसके डीजल और पेट्रोल की कीमतों में कोई कमी नहीं हुई है।

जयराम रमेश का आरोप है कि केंद्र सरकार डीजल और पेट्रोल के माध्यम से ना सिर्फ मुनाफाखोरी कर रही है, बल्कि जनता को मिलने वाली राहत भी नहीं दी जा रही है। इतनी बड़ी मुनाफाखोरी पर उनकी पार्टी चुप नहीं रहने वाली है। केंद्र सरकार की ओर से जनता के साथ हो रही लूट के बारे में उनके कार्यकर्ता हर घर–हर दर पर जाकर इसके बारे में बताएंगे।







**संसद** — मणिपुर पर 8वें दिन भी हंगामा

## जो मणिपुर पर बात नहीं करना चाहते, वे मरहम कैसे लगाएंगे : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र का सोमवार को 8वां दिन था। दोनों सदनों में मणिपुर मुद्दे पर हंगामा हुआ। राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने मुद्दे पर अल्पचर्चा की मंजूरी दे दी, लेकिन सदन में हंगामा जारी रहा। धनखड़ ने अपने ऑफिस में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कुछ मंत्रियों से भी बात की, ताकि सदन में गतिरोध दूर किया जा सके। कांग्रेस ने कहा कि जो लोग सदन में मणिपुर पर चर्चा नहीं चाहते वे पीड़ितों के जख्मों पर मरहम कैसे लगाएंगे।

राज्यसभा में सुबह मणिपुर मुद्दा उठा तो सरकार ने कहा कि हम इस पर आज ही चर्चा को तैयार हैं। दोपहर 2 बजे इस पर चर्चा हो। राज्यसभा सांसद पीयूष गोयल ने कहा– विपक्ष चर्चा से भाग रहा है, वो सच को सामने नहीं आने दे रहा। विपक्षी सांसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर अड़ गए। 2 बजे जब सदन शुरू हुआ तो सभापति ने मणिपुर पर अल्पचर्चा को मंजूरी दे दी, लेकिन हंगामा जारी रहा। इसके बाद सदन की कार्यवाही पहले 2.30 बजे और फिर 3.30 बजे तक

### मंत्रियों और खड़गे से मिले धनखड़

स्थगित कर दी गई। 3.30 के बाद जब राज्यसभा शुरू हुई तो भी हंगामा जारी रहा, इसके बाद अगले दिन (1 अगस्त) 11 बजे तक सदन स्थगित हो गया।

लोकसभा में भी मणिपुर मुद्दे पर हंगामा हुआ। 11 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो स्पीकर ओम बिड़ला ने कहा कि मलावी का डेलिगेशन भारत आया है। वे सदन की कार्यवाही देखने आए हुए हैं। हम उनका स्वागत करते हैं। जैसे ही बिड़ला की स्पीच खत्म हुई, विपक्षी सांसदों ने मणिपुर मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सदन में बयान देने की मांग की। विपक्षी सांसदों ने वेल में आकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। हालांकि इन सबके बावजूद प्रश्नकाल जारी रहा। इस दौरान 15 मिनट ही कार्यवाही चली और हंगामे के चलते बिड़ला ने 2 बजे तक सदन स्थगित कर दिया। 2 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने पर फिल्म पाइरेसी रोकने के लिए लाया गया सिनेमैटोग्राफ अमेंडमेंट बिल पास हो गया।

**सरकार को मणिपुर शब्द से ही नफरत हो गई**– कांग्रेस ने कहा है कि मणिपुर को लेकर सरकार का रवैया देखकर लगता है कि उसे मणिपुर शब्द से ही नफरत हो गई है इसलिए वह इस बारे में कुछ सुनना और बोलना नहीं चाहती है लेकिन इंडिया गठबंधन की मांग है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मुद्दे पर संसद में जवाब दें। तथा मणिपुर के लोगों से माफी मांगे। कांग्रेस महासचिव रणदीपसिंह सुरजेवाला ने सोमवार को संसद भवन परिसर में विपक्षी दलों के नेताओं के साथ पत्रकारों से कहा कि मोदी सरकार मणिपुर से प्रतिशोध ले रही है और संसद की मर्यादाओं को कुचल रही है। मोदी सरकार को मणिपुर शब्द से ही नफरत है, इसलिए वह संसद में मणिपुर पर >>शेष पृष्ठ 2 पर

# देश-विदेश

## लालू यादव के परिवार को बड़ा झटका! नौकरी के बदले जमीन मामले में 6 संपत्तियां अटैच

**पटना।** राजद प्रमुख लालू यादव के परिवार को बड़ा झटका लगा है। श्वष्ठ ने नौकरी के बदले जमीन मामले में लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार की 6 करोड़ की संपत्ति अटैच कर ली हैं। विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ये संपत्तियां गाजियाबाद और पटना में बताई जा रही हैं। लालू यादव परिवार के खिलाफ यह एक्शन श्वष्ठ के दिल्ली ऑफिस की तरफ से किया गया है। लालू यादव पर आरोप है कि उन्होंने मनमोहन सिंह सरकार में रेल मंत्री रहते हुए गलत तरीके से अपने परिवार के सदस्यों के नाम जमीन ली। मीडिया रिपोर्ट्स में लगातार यह बताया जा रहा है कि लालू यादव ने लोगों से जमीन के बदले उन्हें रेलवे में अलग-अलग जगहों पर नौकरी दी।

## लोकसभा में आज पेश होगा दिल्ली अध्यादेश पर बिल

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र का आठवां दिन है और सुबह लोकसभा हंगामे के चलते दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित हो गई थी। अब फिर से कार्यवाही शुरू हो गई है। वहीं लोकसभा में मंगलवार को दिल्ली में अधिकारियों के ट्रांसफर पोस्टिंग से संबंधित अध्यादेश को पेश किया जा सकता है। केंद्र सरकार इस अध्यादेश को लोकसभा में पेश करेगी।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सभी विपक्षी दलों से इस बिल का विरोध करने की मांग की है। उन्होंने लगभग सभी विपक्षी पार्टियों के प्रमुखों से मुलाकात कर संसद के दोनों सदनों में इस बिल का विरोध करने की अपील की है। दिल्ली अध्यादेश के जरिए केंद्र सरकार ने दिल्ली में ग्रुप् के अधिकारियों के तबादले और अनुशासनात्मक कार्रवाई का अधिकार उपराज्यपाल को दे दिया है। इसलिए इसका दिल्ली की क्क सरकार द्वारा विरोध किया जा रहा है।

दिल्ली अध्यादेश पर इसलिए भाजपा और आप आमने-सामने हैं क्योंकि दिल्ली सरकार के अधिकारियों के तबादले और तैनाती का अधिकार एलजी के कार्यकारी नियंत्रण में था लेकिन 11 मई को सुप्रीम कोर्ट ने इसे पलट दिया।

कोर्ट ने अपने एक फैसले में दिल्ली पुलिस, सार्वजनिक व्यवस्था और जमीन के अलावा अन्य सेवाओं का अधिकार दिल्ली की चुनी हुई सरकार को दिया था। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद ही केंद्र सरकार ने अध्यादेश लाकर अधिकारियों के तबादले का अधिकार वापस एलजी को सौंप दिया था।

विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी, सौगत रॉय, ए राजा, एनके प्रेमचंद्रन औ डीन कुरियाकोस ने बिल पर चर्चा के लिए नोटिस दिया था। हालांकि अब बिल कल लोकसभा में पेश होगा। अरविंद केजरीवाल दिल्ली अध्यादेश को असंवैधानिक बता चुके हैं और विपक्षी दलों से इसके खिलाफ वोटिंग करने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली की चुनी हुई सरकार से उसके अधिकार छीने जा रहे हैं। 'इंडिया' गठबंधन की पार्टियां इस बिल के खिलाफ हैं।

## चंद्रमा की कक्षा से सिर्फ 6 दिन दूर चंद्रयान-3



**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो ने चंद्रयान-3 को पृथ्वी की कक्षा से चंद्रमा की कक्षा में भेजने के लिए 1 अगस्त की तारीख तय किया है। इसरो 1 अगस्त को 12 बजे से 1 बजे के बीच चंद्रयान-3 के थ्रस्टर्स को चालू करेगा।

### आज थ्रस्टर्स चालू करेगा

इसरो की तरफ से जानकारी दी गई है कि चंद्रयान-3 अब चांद की कक्षा में पहुंचने से सिर्फ 6 दिन दूर है। इसरो के मुताबिक, ट्रांस-लूनर इंजेक्शन की प्रक्रिया पूरा होने में 28 से 31 मिनट के बीच का समय लगेगा। इस प्रक्रिया को मध्यरात्रि में किया जाएगा। साथ ही चंद्रयान-3 के ऑनबोर्ड थ्रस्टर्स को तब फायर किया जाएगा, जब चंद्रयान-3 पृथ्वी के निकटतम बिंदु पर होगा, न कि तब जब सबसे दूर के बिंदु पर होगा।

**पृथ्वी की कक्षा में चंद्रयान-3 का वेग**

चंद्रयान-3 मौजूदा वक्त में 1 किमी/सेकंड और 10.3 किमी/सेकंड के बीच के वेग से एक अंडाकार कक्षा में पृथ्वी के चारों ओर घूम रहा है। चंद्रयान-3 का वेग धरती के सबसे करीबी बिंदु पर सबसे ज्यादा (10.3 किमी/सेकंड) और धरती से सबसे दूर बिंदु पर सबसे कम होता है।

चंद्रयान-3 की रफ्तार को बढ़ाने की कोशिश करते समय उसको तेज रफ्तार की जरूरत होगी। दूसरा कारण यह है कि चंद्रमा की ओर बढ़ने के लिए इसके कोण को बदलना होगा, जिसे चंद्रयान-3 के धरती के सबसे करीबी बिंदु पर बदला जा सकता है।

**छह घंटे में टीएलआई लोड होगा**× प्रक्रिया में थ्रस्टर्स के चालू होने से लगभग पांच-छह घंटे पहले ट्रांस-लूनर इंजेक्शन (टीएलआई) के कमांड को लोड किया जाएगा। इससे चंद्रमा की ओर बढ़ने के लिए चंद्रयान-3 को अपना कोण बदलने में मदद मिलेगी। इसके अलावा थ्रस्टर्स की फायरिंग से इसकी रफ्तार भी बढ़ेगी। टीएलआई के बाद चंद्रयान-3 का वेग पेरिगी की तुलना में लगभग 0.5 किमी/सेकंड अधिक होने की उम्मीद है।

चंद्रयान-3 को औसतन 1.2 लाख किलोमीटर का सफर तय करने में करीब 51 घंटे का समय लगता है, जबकि पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की औसत दूरी 3.8 लाख किमी है।

## बांग्लादेश में खूनी घमासान, आग की भेंट चढ़ीं 100 से ज्यादा गाड़ियां




**ढाका।** पाकिस्तान की तरह बांग्लादेश में भी इन दिनों चुनाव को लेकर मांग तेज होती जा रही है। बांग्लादेश में आम चुनाव कराए जाने को लेकर खूनी घमासान हो रहा है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राजधानी ढाका में ऐसा उत्पात मचाया कि पूरा शहर जलने लगा।

मुख्य विपक्षी दल बीएनपी के कार्यकर्ताओं ने ढाका में जबर्दस्त हंगामा करते हुए करीब 50 गाड़ियों को फूंक दिया गया। 100 से ज्यादा गाड़ियों में जमकर तोड़फोड़ की गई। हिंसा की जो तस्वीरें ढाका से आई हैं, वो बेहद डरा देने वाली और चौंका देने वाली हैं। अब सवाल यही उठता है कि आखिर ये उत्पात क्यों हुआ? इसके पीछे किसका हाथ है।

बीएनपी ने शुक्रवार को ही ऐलान कर दिया था कि वह अगले साल तटस्थ सरकार के जरिए आम चुनाव कराने को लेकर दबाव बनाने के लिए ढाका के कई अहम स्थलों पर शनिवार को पांच घंटे का धरना देगी। लेकिन यह धरना तब हिंसक हो गया, जब पुलिस उन प्रदर्शनकारियों से भिड़ गई,

हिंसक हुए प्रदर्शन के बारे में प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि विपक्षी दल के कार्यकर्ताओं ने कम से कम 4 यात्री बसों और एक पुलिस की गाड़ी में आग लगा दी, जबकि अन्य गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया और पुलिस के बख्तरबंद कर्मियों के वाहक (एपीसी) पर पत्थरों और बांस की लाठियों से हमला किया। पूरे ढाका में कई जगहों पर गुजरती गाड़ियों पर हमला किया गया और उन पर जबरदस्त तोड़फोड़ की गई।

ये हिंसक प्रदर्शन देश में शेख हसीना वाजिद सरकार के खिलाफ है। बीएनपी के समर्थकों ने गुजर रहीं पुलिस और आम लोगों की गाड़ियों पर लाठी डंडों से धावा बोल दिया। इस उत्पात में करीब 50 गाड़ियां बर्बाद हो गईं जिसमें अकेले 10 गाड़ियां पुलिस की बताई जा रही हैं।

## कांग्रेस 9 अगस्त को मनाएगी 'आदिवासी गौरव पर्व'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अपनी सभी राज्य इकाइयों को विश?व के मूल निवासियों के अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर 9 अगस्त को 'आदिवासी गौरव पर्व' आयोजित करने के लिए कहा है। सूत्र के मुताबिक, कांग्रेस महासचिव प्रभारी (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने इस संबंध में सभी प्रदेश कांग्रेस समितियों (पीसीसी) को पत्र लिखा है। इसके अलावा, वेणुगोपाल ने राज्य इकाइयों से आदिवासियों की भलाई के लिए कांग्रेस के योगदान को उजागर करते हुए मेगा रैलियां निकालने को कहा है।

## हरियाणा के नूंह में शोभायात्रा के दौरान बवाल

**नूंह, (एजेंसियां)।** हरियाणा के नूंह में सोमवार को विश्व हिंदू परिषद और मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की तरफ से निकाली जा रही ब्रजमंडल यात्रा के दौरान बवाल हो गया। दो गुटों में हुए टकराव के बाद तीन दर्जन से ज्यादा गाड़ियों को आग लगा दी गई। पुलिस पर भी पथराव किया गया। भीड़ की तरफ से चली गोली में होमगार्ड के एक जवान की मौत हो गई है।

हिंसा में कई लोग और पुलिसवाले घायल हो गए। उपद्रवियों ने नूंह के साइबर थाना पर भी हमला कर दिया। उपद्रवियों ने पथराव किया और बाहर खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी। हंगामे को देख पुलिसकर्मियों को जान बचाकर भागना पड़ा। मेवात के कस्बे नगीना और फिरोजपुर-झिरका में भी कई जगह आगजनी की गई। इससे पहले

### 40 से ज्यादा गाड़ियों में तोड़फोड़ और आगजनी

उपद्रवियों ने स्कूल बस में भी तोड़फोड़ की थी। बस को उपद्रवी लूट ले गए और थाने को तोड़ने के लिए उसकी दीवार में टक्कर मार दी। नूंह जिला प्रशासन ने हालात से निपटने के लिए दूसरे जिलों से पुलिस फोर्स बुलाई है, साथ ही पूरे जिले में धारा 144 लगाते हुए दो अगस्त यानी 2 दिन के लिए इंटरनेट भी बंद कर दिया गया। जिले की सीमाएं सील कर दी गई हैं। ब्रजमंडल यात्रा नूंह के नल्हड़ शिव मंदिर से फिरोजपुर-झिरका की तरफ रवाना हुई थी। जैसे ही यात्रा तिरंगा पार्क के पास पहुंची, वहां एक समूह के लोग पहले से जमा थे। आमने-सामने आते ही दोनों पक्षों में तकरार हो गई और देखते ही देखते पथराव शुरू हो गया।

सोमवार दोपहर को सबसे पहले तिरंगा पार्क के पास हिंसा भड़की जिसने देखते ही देखते पूरे नूंह शहर को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान पुराना बस स्टैंड, होटल बाइपास, मेन बाजार, अनाज मंडी और गुरुग्राम-अलवर हाईवे पर एक के बाद एक गाड़ियां फूंक दी गई। दोपहर तक 40 से ज्यादा वाहनों में आगजनी और तोड़फोड़ हो गई। इनमें कारों के अलावा बसें, बाइक, स्कूटी और दूसरे वाहन शामिल रहे। गाड़ियों में लगाई गई आग की वजह से नूंह शहर के आसमान में धुआं ही धुआं नजर आने लगा।

## मप्र में 18 आईएएस के तबादले, पांच जिलों के कलेक्टर और चार संभागायुक्त बदले

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य शासन ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 18 अधिकारियों का तबादला करते हुए उनकी नवीन पदस्थापना की है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने संडे को आधी रात दो अलग-अलग आदेश जारी किए हैं।

पहले आदेश में 13 आईएएस अधिकारियों के तबादले हुए हैं, जिनमें पांच जिलों के कलेक्टर बदले गए हैं, जबकि दूसरे आदेश में पांच आईएएस का तबादला किया गया है। इनमें चार संभागों के आयुक्त बदले गए हैं।

रात करीब पौने 12 बजे जारी हुए आदेश के मुताबिक, भोपाल संभाग के आयुक्त माल सिंह भयडिया को इंदौर संभागायुक्त और नर्मदापुरम संभाग के आयुक्त श्रीमन शुक्ला को कृषि विपणन बोर्ड में प्रबंध संचालक नियुक्त किया गया है, जबकि इंदौर संभाग के आयुक्त डॉ। पवन कुमार शर्मा को भोपालसंभागायुक्त बनाया गया है, साथ ही उन्हें नर्मदापुरम संभाग के आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसके अलावा उज्जैन संभाग के आयुक्त संदीप यादव को मंत्रालय भोपाल में राजस्व विभाग में प्रमुख राजस्व आयुक्त पदस्थ किया है, जबकि राजस्व विभाग के प्रमुख राजस्व आयुक्त संजय गोयल को उज्जैन संभागायुक्त बनाया गया है।

वहीं, दूसरे आदेश में माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव श्रीकांत भनोट को श्रम आयुक्त इंदौर, मप्र स्टेट को आपरेटिव डेयरी फेडरेशन के प्रबंध संचालक तरुण राठी को गुना कलेक्टर का दायित्व सौंपा गया है, जबकि भोपाल नगर निगम कमिश्नर बीएस चौधरी कोलसानी को नगरीय विकास एवं आवास विभाग में उप सचिव पदस्थ किया गया है। वहीं, मप्र स्किल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के परियोजना संचालक हरजिंदर सिंह पन्ना कलेक्टर बनाया गया है।

इसी प्रकार राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव को भिंड कलेक्टर, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप सचिव मनोज पुष्प को छिंदवाड़ाकलेक्टर, पन्ना कलेक्टर संजय कुमार मिश्रा को मध्य प्रदेश शासन में उप सचिव बनाया गया है। उमरिया कलेक्टर कृष्ण देव त्रिपाठी को माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल में सचिव नियुक्त किया गया है। वहीं,भिंड कलेक्टरसतीश कुमार एस को म.प्र. स्टेट कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड भोपाल के प्रबंध संचालक बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। इसके अलावा गुना कलेक्टर फ्रेंक नोबेल ए को भोपाल नगर निगम के कमिश्नर पदस्थ किया गया है और उन्हें एमपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध संचालक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। छिंदवाड़ा कलेक्टर शीतला पटले को मुख्यमंत्री कार्यालय में उप सचिव बनाया गया है, साथ ही उन्हें म.प्र. स्किल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट परियोजना संचालक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं, भोपाल विकास प्राधिकरण के सीईओ बुद्धेश कुमार वैद्य को उमरिया कलेक्टर भोपाल नगर निगम के अपर आयुक्त संदीप केरकेट्टा को भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए) के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**अतिरिक्त तहसीलदार खम्हरिया (बरेला), जबलपुर**
**आम इश्तहार**

ग्राम घुघरी तहसील व जिला जबलपुर की आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक सरस्वती बाई श्रीपाल पिता/पति स्व. जगन्नाथ श्रीपाल साकिन - ग्राम घुघरी तह. व जिला जबलपुर ने ग्राम घुघरी प.ह.नं. 83 राजस्व निरीक्षक मंडल खम्हरिया स्थित भूमि ख.नं. 7/1 रकवा 0.4360 हें. भूमि के फौती/ वसीयत/विक्रय पत्र/पारिवारिक व्यवस्था पत्र/ आपसी बटवारा के आधार पर नामांतरण/ बटवारा/ अभिलेख दुरूस्त/ रकवा सुधार/ डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका / नक्शा बंटाक हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया है। अतः उक्त भूमि के फौती/वसीयत/ विक्रय पत्र/पारिवारिक व्यवस्था पत्र/ आपसी बंटवारा के आधार पर नामांतरण/ बंटवारा/ अभिलेख दुरूस्त/ रकवा सुधार/ डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका/नक्शा बंटाक तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 08/08/23 तक इस न्यायालय में स्वंय उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नही किया जावेगा। इश्तहार आज दिनांक 28/07/23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**जारी दिनांक 28/07/2023**
**पेशी दिनांक 08/08/2023**

अतिरिक्त तहसीलदार
र.नं. 843 खम्हरिया (बरेला), जबलपुर

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**पुलिस को मामले...** असम स्थानांतरित करने का अनुरोध नहीं किया है। तुषार मेहता ने कहा कि हमने यह कहा है कि इस मामले को मणिपुर से बाहर स्थानांतरित किया जाए। हमने कभी असम नहीं कहा।

**हिंसा में शामिल लोगों का सहयोग कर रही थी पुलिस-** दो पीड़ित महिलाओं की ओर से पेश हुए कपिल सिब्बल ने कहा कि यह स्पष्ट है कि पुलिस उन लोगों के साथ सहयोग कर रही थी, जिन्होंने दोनों महिलाओं के खिलाफ हिंसा को अंजाम दिया। पुलिस ने इन महिलाओं को भीड़ में ले जाकर छोड़ दिया और भीड़ ने वही किया, जो वे करते थे। सिब्बल ने कहा, पीड़ित महिलाओं में से एक के पिता और भाई की हत्या कर दी गई थी। हमारे पास अभी भी शव नहीं हैं। 18 मई को जीरो एफआईआर दर्ज की गई। जब कोर्ट ने संज्ञान लिया, तब कुछ हुआ। तो फिर हम कैसे भरोसा करें? ऐसी कई घटनाएं होंगी। इसलिए हम एक ऐसी एजेंसी चाहते हैं, जो मामले की जांच करने के लिए स्वतंत्र हो। **कोर्ट की निगरानी पर केंद्र को कोई आपत्ति नहीं** - सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का कहना है कि अगर सुप्रीम कोर्ट मामले की निगरानी करेगा तो केंद्र को कोई आपत्ति नहीं है। वहीं, वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि केंद्र की स्टेटस रिपोर्ट के मुताबिक, 595 एफआईआर दर्ज की गई हैं। इनमें से कितने यौन हिंसा से संबंधित हैं, और कितने आगजनी, हत्या से संबंधित हैं। इस पर कोई स्पष्टता नहीं है।

**एक वर्ष में 1 लाख.....** और शुभकामनाएं हैं। मेरी अपेक्षा है कि आप इस भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करें कि हम केवल अपने लिए नहीं, अपितु प्रदेश की जनता और प्रदेश के लिए हैं। शासकीय सेवा का अर्थ है, जनता की सेवा और प्रदेश एवं देश का विकास। इसके लिए कर्तव्य और दायित्व का भाव सदैव मन में रहना चाहिए। आप पर ही प्रदेश की प्रगति और विकास निर्भर है। आप पर ही जन-कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का सफल क्रियान्वयन भी निर्भर है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सहकारिता विभाग सामाजिक सरोकार से संबंधित महत्वपूर्ण विभाग है। विभाग ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों तक वित्तीय सेवाएँ उपलब्ध कराकर लोगों के और प्रदेश के विकास में योगदान दे रहा है। **प्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसर है-** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश, विकास और प्रगति के पथ पर अग्रसर है। प्रति व्यक्ति आय जो वर्ष 2002-03 में 11 हजार रूपए हुआ करती थी, अब बढ़कर एक लाख 40 हजार रूपए हो गई है। जीएसडीपी 15 लाख करोड़ और प्रदेश का बजट 3 लाख 15 हजार करोड़ का है। सड़क, पानी, बिजली सहित संपूर्ण अधोसंरचना के क्षेत्र में बहुत सुधार हुआ है। साथ ही सामाजिक सरोकार रखने वाले विभागों में भी संवेदनशीलता के साथ गतिविधियाँ संचालित हैं। **कुल 741 को नियुक्ति पत्र वितरित-** कार्यक्रम में कुल 741 अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र वितरित किए गए। आबकारी विभाग में 340 आबकारी आरक्षकों, सहकारिता विभाग में 347 क्लर्क और कंप्यूटर ऑपरेटर तथा श्रम विभाग में बीमा चिकित्सा पदाधिकारी, फार्मासिस्ट, सहायक ग्रेड 3 और सफाई सेवक के पदों पर कुल 54 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। प्रमुख सचिव सहकारिता उमाकांत उमराव, प्रमुख सचिव वाणिज्यिक कर श्रीमती दीपाली रस्तोगी, आबकारी आयुक्त ओ.पी. श्रीवास्तव, प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक पी.एस. तिवारी तथा चयनित अभ्यर्थी उपस्थित थे।

**नरसिंहपुर-गोटेगांव.....** पाटन जा रहे थे। नरसिंहपुर सड़क मार्ग के बीच ग्राम मानेगांव के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने कार को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से कार सड़क से पलटी खाते हुए नीचे खेत में जा घुसी। हादसे में ओमकार अग्रवाल (83), संजय अग्रवाल (55), सतीश अग्रवाल (50) की मौत हो गई, जबकि आयुष, संस्कार अग्रवाल गभीर रूप से घायल हो गए।

**अग्रवाल परिवार में शोक-** हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि टक्कर के बाद कार सड़क से पलटी खाते हुए खेत में जा गिरी। कार से घायलों को निकालने के लिए पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद ली। ठेमी थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला कायम कर जांच में लिया। अग्रवाल परिवार के 3 सदस्यों भीषण सड़क हादसे में निधन से परिवार में गहरा दुःख है, तो वहीं शहर में शोक की लहर है।

**जो मणिपुर पर....** चर्चा से भाग रही है। उन्होंने कहा, मणिपुर में खुद भाजपा के विधायक मान रहे हैं कि वहां मुख्यमंत्री के संरक्षण में हिंसा हो रही है। और ऐसी सरकार को बर्खास्त कर देना चाहिए। प्रधानमंत्री जी को मणिपुर के लोगों से माफी मांगनी चाहिए और यह चर्चा करनी चाहिए कि वह मणिपुर के जख्मों पर कैसे मरहम लगाएंगे। मोदी सरकार पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर मणिपुर को लेकर चुप बैठ गई है। वहां कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, भाई को भाई से लड़ाया जा रहा है। संविधान का शासन कुचल दिया गया है।'

**मणिपुर गए प्रतिनिधिमंडल ने नेताओं को दी जानकारी**

इंडिया गठबंधन के मणिपुर का जायजा लेने गये प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने संसद की कार्यवाही शुरु होने से पहले संसद भवन आज बैठक की और सदन में अपने अपने दल के नेताओं को मणिपुर के ताजा हालात से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने सदन के नेताओं के साथ यह बैठक यहां संसद परिसर में स्थित राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के कक्ष में की जिसमें विपक्ष के सभी दलों के नेता शामिल हुए।

**निविदा / नियुक्ति / जाहिरात**

**KATNI MUNICIPAL CORPORATION**

NIT No. 1215 SBM 2023 — Katni, Date21/07/2013

NOTICE INVITING TENDER
II nd Call

Online bids for the following works are invited from registered Company/NGOs/reputed firms fulfilling following eligibility criteria:-

| Online Tender No | Name of Work | Probable Amount of Contract (In Rs.) | Earnest Money (In Rupees) | Cost of Bid Document (In Rupees) | Period of work |
|---|---|---|---|---|---|
| Tender No 2023_VAD 293567-1 | Empanelment of Agency for conducting Solid Waste Management Activities and creating awareness to make KATNI City "A Garbage Free City" inall wards of KMC | 70,80,000.00/- | 53100/- | 10,000/- | 12 Months from the date of contract |

1. Interested bidders can view the detailed NIT in the website http://www.mptenders.gov.in
2. The Bid Document can be purchased only online from 10:30 (time) 24/7/2023 (date) to 17:30 (time) 18/8/2023 (date). /06 montiened in tender portal.
3. Amendments/Corrigendum to NIT, if any, would be published on website only, and not in newspaper.

Executive Engineer
MUNICIPAL CORPORATION KATNI (M.P.)

**कार्यालय नगर पालिका परिषद उमरिया, जिला- उमरिया म.प्र.**

क्रमांक/2091/लो.नि./नि.सू./2023 — उमरिया, दिनांक 28/07/23

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1. | 2023_UAD_ 294646_1 Date 28.7.2023 | Construction of C.C. Drain at ward No.- 09 Near Kodulal Gupta House to Satsang Bhawan | 1- 30 दिवस 2- 9,01,706.00 | 1- 2000.00 2- 9,017.00 | 07.08.2023 |
| 1. | 2023_UAD_ 294632_1 Date 28.7.2023 | Construction of C.C. Drain at ward No.- 06 fazilganj near suneel rajak house to umrar nala | 1- 30 दिवस 2- 12,62,646.00 | 1- 2000.00 2- 9,470.00 | 07.08.2023 |

नोटः निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(ज्योति सिंह)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद उमरिया
जिला- उमरिया म.प्र.

**In The Court of XVI Additional District and Session Judge, District Court, Jabalpur**
presiding Officer:
अरूण प्रताप सिंह
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MJC GW/0000085/2022)
श्रीमती स्नेहा जैन......... वादी
Vs
साकेत जैन ..............प्रतिवादी
Process Id- /2023
पेशी दिनांकः-21/08/2023

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- जिला जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी श्रीमती स्नेहा जैन ने आपके विरूद्ध एम जे सी जे डब्ल्यू आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 8 हिन्दु अप्राप्तव्यता और संरक्षकता अधिनियम 1956 वास्ते वादग्रस्त संपत्ति में अव्यस्क आवेदकगण क्रमांक 2 एवं 3 के हक हिस्से की संपत्ति को विक्रय करने की अनुमति प्रदान करने हेतु के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 31 जुलाई 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी- प्रकाशन एवं उपस्थिति हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 8 हिन्दु अप्राप्तव्यता और संरक्षकता अधिनियम 1956 वास्ते वादग्रस्त संपत्ति में अव्यस्क आवेदकगण क्रमांक 2 एवं 3 के हक हिस्से की संपत्ति को विक्रय करने की अनुमति प्रदान करने हेतु की छायाप्रति संलग्न।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(अरूण प्रताप सिंह)
जिला न्यायाधीश सोलहवे
र.नं. 842 जबलपुर (म.प्र.)

**In The Court of XV Additional District and Session Judge, District Court, Jabalpur**
presiding Officer:
राजेश नंदेश्वर
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCA /0000013/2023)
सौरभ कुशवाहा......... वादी
Vs
सिटी फाइनेंशियल कंज्यूमर फाइनेंस ऑफ इंडिया..........प्रतिवादी
Process Id- /2023
पेशी दिनांकः-06/09/2023

प्रेषिती-
(1) सिटी फाइनेंशियल कंज्यूमर फाइनेंस ऑफ इंडिया पता - द्वारा शाखा प्रबंधक शाखा कार्यालय द्वारा प्रखर एजेंसी महानद्दा नागपुर रोड जिला जबलपुर म.प्र.
(2) प्रबंधक कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड पता-एफ 1603 16 वीं मंजिल अम्बादीप बिल्डिंग 14 कस्तुरबा गांधी मार्ग कैनोट पैलेस नई दिल्ली-110001

यह कि प्रार्थी सौरभ कुशवाहा ने आपके विरूद्ध आरसीए प्रथम अपील अंतर्गत धारा 96 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 की छायाप्रति संलग्न है। के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 19 जुलाई 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी- प्रकाशन नोटिस के साथ प्रथम अपील अंतर्गत धारा 96 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(राजेश नंदेश्वर)
जिला न्यायाधीश (पंद्रहवें)
र.नं. 841 जबलपुर (म.प्र.)

# देश-प्रदेश

उवाच

## मणिपुर पर चर्चा से डरा हुआ है विपक्ष

**नई दिल्ली।** मंत्री एवं राज्य सभा में नेता सदन पीयूष गोयल ने विपक्ष की सोच में खोट होने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार आज ही 2 बजे सदन ( राज्य सभा) में मणिपुर पर चर्चा के लिए तैयार है लेकिन विपक्ष चर्चा से भाग रहा है। गोयल ने कहा कि विपक्ष की सोच में खोट है और चर्चा के दौरान अपने काले कारनामे खुल जाने के डर के कारण वे मणिपुर पर चर्चा करने से भाग रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष जब चाहे, सरकार चर्चा के लिए तैयार है। सदन का बहुमत सदन चलने के पक्ष में है लेकिन कुछ दल सदन को नहीं चलने दे रहे हैं जो कि निंदनीय है।



भेल दशहरा मैदान में हुआ कुशवाहा समाज का महाकुंभ, मुख्यमंत्री ने की कई घोषणाएं

## प्रदेश में बनेगा उद्यानिकी फसलों के लिए मार्केटिंग बोर्ड



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कुशवाहा समाज देशभक्त और परिश्रमी समाज है। समाज को संगठित रहकर आगे बढ़ना है। कुशवाहा समाज भारतीय संस्कृति का रक्षक है। इसी समाज से चंद्रगुप्त मौर्य और सम्राट अशोक जैसे रत्न निकले। फल-फूल, सब्जी के उत्पादन और व्यापार से जुड़े कुशवाहा समाज के हित में उद्यानिकी फसलों के लिए पृथक मार्केटिंग बोर्ड का गठन किया जाएगा, ताकि छोटे-छोटे किसानों को बिचौलियों से निजात मिल सके। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज भेल दशहरा मैदान में कुशवाहा महाकुंभ को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सागर में लवकुश मंदिर के निर्माण एवं सामुदायिक धर्मशाला के लिए 10 करोड़ रुपए की राशि का चैक कुशवाहा सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे.पी. वर्मा को सौंपा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा मध्यप्रदेश के कार्यालय के लिए भूमि आवंटन के संबंध में आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। दमोह जिले के सीएम राइज विद्यालय का नामकरण महात्मा ज्योतिबा फुले के नाम पर किया जाएगा। महाकुंभ में पूरे प्रदेश से आए प्रतिनिधि शामिल हुए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कुशवाहा समाज ने राष्ट्र रक्षा के लिए अमूल्य योगदान दिया है। विदेशी हमलावारों को खदेड़ने में समाज बंधुओं ने परिश्रम किया है। स्वतंत्रता संग्राम में समाज की भागीदारी रही। महात्मा ज्योतिबा फुले और श्रीमती सावित्री फुले ने स्त्री शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कुशवाहा समाज के हित में सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। पूर्व में कुशवाहा समाज के कल्याण के लिए की गई घोषणाओं पर अमल किया गया है। सम्पूर्ण मानव समाज को ज्ञान और शिक्षा की रोशनी देने वाले समाज के महापुरुष श्री ज्योतिबा फुले और श्रीमती सावित्री बाई फुले के कृतित्व और व्यक्तित्व से प्रदेश की नई पीढ़ी को परिचित करवाने और उनसे प्रेरणा लेकर अपना भविष्य तय करने के लिए श्री ज्योतिबा फुले और श्रीमती सावित्री बाई फुले की जीवनी को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। राज्य शासन ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाने का निर्णय लेने के साथ महात्मा फुले की जयंती पर प्रदेश में ऐच्छिक अवकाश घोषित किया है। महात्मा फुले की स्मृति को चिर स्थाई बनाने के लिए दमोह के हायर सेकेंडरी स्कूल का नाम महात्मा ज्योतिबा फुले के नाम पर किया गया है। कुशवाहा कल्याण बोर्ड का गठन कर कुशवाहा समाज को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने की सौगात दी गई है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कुशवाहा समाज का आव्हान करते हुए कहा कि समाज के युवाओं को कृषि उद्यानिकी के अलावा बिजनेस और लघु उद्यम के क्षेत्र में विकास के लिए प्रोत्साहित करें। विभिन्न योजनाओं से समाज के अधिकाधिक युवाओं को लाभान्वित किया जाएगा। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, सीखो-कमाओ योजना, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का समाज बंधु अधिक से अधिक लाभ लें। भोपाल में समाज के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास और उज्जैन में धर्मशाला की व्यवस्था के लिए प्रशासन द्वारा सहयोग दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान का अखिल भारतीय कुशवाहा समाज ने अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान के जनहित और समाज हित के कामों की लंबी श्रृंखला है। पहले की गई घोषणाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रारंभ मुख्यमंत्री श्री चौहान का समाजजनों ने पगड़ी पहनाकर, पुष्पहारों और तलवार भेंटकर स्वागत किया गया। उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान प्रदेश की परिवार की तरह सेवा करते है। उन्होंने कुशवाहा समाज के हित में ऐतिहासिक निर्णय लिये हैं। महाकुंभ में कुशवाहा महासभा के पदाधिकारी जे.पी. वर्मा, श्रीमती राधा कुशवाहा, नारायण सिंह कुशवाहा, श्रीमती कुसुम कुशवाहा, नरेश कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा, नंदराम कुशवाहा, प्रभुदयाल कुशवाहा और अर्जुन पटेल आदि उपस्थित थे।

भाजयुमो की बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा-

## नए मतदाताओं से संपर्क और संवाद बनाएं कार्यकर्ता



**भोपाल, देशबन्धु।** युवा मोर्चा कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर जाएं और नए मतदाताओं से संपर्क व संवाद स्थापित करें। उन्हें बताएं कि किस तरह कांग्रेस सरकार के दौरान बीमारू राज्य रहे मध्यप्रदेश को भाजपा की सरकार ने समृद्ध मध्यप्रदेश बना दिया है। उन्हें 2003 के पहले के मध्यप्रदेश और आज के विकसित मध्यप्रदेश के बीच का अंतर भी बताएं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने यह बात कही। वह भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर वर्ग की युवा प्रतिभाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ना युवा मोर्चा का प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए। श्री शर्मा ने कहा कि जो छात्र-छात्राएं किसी योजना के लिए पात्र हैं और उन्हें लाभ नहीं मिला है तो युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उन छात्रों की मदद के लिए तत्पर रहें तथा नवीन मतदाताओं के लिए पार्टी की सदस्यता का अभियान चलाए।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने कहा कि युवा मोर्चा के वर्तमान पदाधिकारी अपने मंडल और बूथ में निवासरत युवा मोर्चा के पूर्व पदाधिकारियों से संवाद करें उनसे मार्गदर्शन लें एवं उनके साथ टिफिन बैठक कर आगामी चुनाव के लिए रणनीति तय करें। युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार ने भी युवा मोर्चा के आगामी कार्यक्रमों के बारे में बताया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि प्रदेश में युवा मोर्चा नव मतदाताओं व विभिन्न विधाओं के युवाओं की सदस्यता का कीर्तिमान बनाएगा। पवार ने कहा कि युवा मोर्चा कार्यकर्ता अभी से लेकर मतदान संपन्न हो जाने तक पूर्णकालिक कार्यकर्ता की भांति सतत् संगठन का कार्य करेंगे।

## मुख्यमंत्री आज 70 हजार शहरी हितग्राहियों को करायेंगे गृह प्रवेश

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एक अगस्त को दोपहर 3 बजे हंसध्वनि सभागृह रवीन्द्र भवन भोपाल से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के एक लाख से अधिक हितग्राहियों को वर्चुअली हितलाभ वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम में 70 हज़ार हितग्राहियों का गृह प्रवेश एवं 30 हज़ार से अधिक हितग्राहियों को 300 करोड़ रूपये की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से वितरित की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान योजना का अनुभव और पक्का घर बनने के उपरांत उनके जीवन में आए परिवर्तनों को जानने के लिए लाभार्थियों से सीधा संवाद भी करेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में दूरदर्शन मध्यप्रदेश, यूट्यूब, फेसबुक, ट्विटर एवं क्षेत्रीय चैनल्स के माध्यम से किया जाएगा। इस दौरान नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह उपस्थित रहेंगे।

## विश्व स्तनपान सप्ताह आज से

**भोपाल, देशबन्धु।** स्तनपान शिशुओं को आवश्यक पोषण प्रदान करने का सबसे अच्छा तरीका है। स्तनपान को प्रोत्साहित करने और दुनियाभर के शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए हर वर्ष एक से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है। इस वर्ष सप्ताह की थीम एनेबलिंग ब्रेस्ट फीडिंग-मेकिंग ए डिफ्रेन्स फॉर वार्किंग पेरेन्टस है। आयुक्त, महिला-बाल विकास डॉ. राम राव भोंसले ने बताया कि विश्व स्तनपान सप्ताह का उद्देश्य शिशु और बाल स्वास्थ्य को बेहतर बनाए जाने के लिए जन्म के पहले घंटे में स्तनपान शुरू करना, छह माह केवल स्तनपान को बढ़ावा देना और उसके बाद बच्चे को पोषणयुक्त खान-पान उपलब्ध कराना है। इस वर्ष की थीम का मुख्य उद्देश्य कार्य-स्थल पर भी शिशु स्तनपान से वंचित न रहे और काम के साथ ही इसे एक अनिवार्य आवश्यकता मानते हुए पूरा करें। उन्होंने बताया कि किसी भी रोग से लड़ने की क्षमता यानि इम्यूनिटी पॉवर इस बात पर निर्भर करती है कि जन्म के समय बच्चे की देख-रेख किस तरह से हुई। जन्म के पहले घंटे में माँ का पहला गाढ़ा दूध शिशु के लिए प्रकृति का वरदान है। छः महीने तक केवल माँ का दूध शिशु के लिए संपूर्ण आहार होता है, पानी पिलाने की जरूरत भी नहीं होती। इस संदेश को समाज के हर कोने तक फैलाने के लिए विभाग द्वारा कई गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

शिशु को सफल स्तनपान-पुरूषों की भूमिका पर युवाओं को जागरूक करने वीडियो रील प्रतियोगिता की जायेगी। सर्वश्रेष्ठ तीन वीडियो रील को 5000 रूपये (प्रति) की राशि से पुरस्कृत किया जायेगा।

पटवारी घोटाला : कांग्रेस ने आयोग पर ही उठा दिए सवाल, पीसी ने पूछा-

## कहां है दफ्तर, अब तक क्यों नहीं शुरु हुई जांच



**भोपाल, देशबन्धु।** पटवारी परीक्षा घोटाले को लेकर कांग्रेस का सरकार पर हमला लगातार जारी है। सोमवार को कांग्रेस ने न सिर्फ प्रदेश की भाजपा सरकार की नीयत पर पर सवाल उठाए हैं, बल्कि आयोग की कार्यप्रणाली पर भी संदेह जताया है। पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक पीसी शर्मा ने आज यहां मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि जांच आयोग का दफ्तर कहां हैं और अब तक जांच क्यों नहीं शुरू की जा सकी। श्री शर्मा ने भाजपा सरकार से 5 साल पूछे। श्री शर्मा ने आरोप लगाया कि 19 जुलाई को इस बाबत एक सदस्यीय जांच आयोग की घोषणा की गई परंतु अभी ऐसी खबरें आई हैं कि जांच आयोग को ठीक से काम नहीं करने दिया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि जांच आयोग की ओर से अब तक क्या कोई प्राथमिक रिपोर्ट क्यों नहीं जारी की गई है और अगर नहीं तो कब तक यह रिपोर्ट जारी कर दी जाएगी, इस बात का जवाब भाजपा को देना चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि इस मामले को लेकर जांच आयोग की आड़ में क्या गिरफ्तारियां टालने की कोशिश की गई है? अब तक कितनी गिरफ्तारियां इस मामले में हुई हैं भाजपा को इस बात का जवाब देना चाहिए। श्री शर्मा ने कहा कि लाखों बच्चों के भविष्य पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए भर्ती पर रोक लगा दी गई। ऐसे में इस बात का खुलासा होना चाहिए कि किन भाजपा नेताओं का इसके पीछे हाथ है?

## 'आयुष आपके द्वार' योजना आज से पूरे प्रदेश में

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश भर में एक अगस्त से 'आयुष आपके द्वार' योजना प्रारंभ हो जायेगी। आयुष विभाग की इस योजना में प्रदेश के प्रमुख क्षेत्रों में आयुष उपचार की सुविधा नागरिकों को सुलभ तरीके से उपलब्ध कराई जाएगी। विभाग ने यह योजना वर्षाकाल में दुर्गम क्षेत्रों में भी आयुष की पहुंच सुनिश्चित करने के लिये शुरू की है।

> ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख स्थानों पर उपलब्ध रहेगी आयुष उपचार सुविधा

योजना 30 सितम्बर 2023 तक निरंतर जारी रहेगी। योजना के संबंध में आयुष संचालनालय ने प्रधानाचार्य आयुष महाविद्यालय, संभागीय आयुष अधिकारी और जिला आयुष अधिकारी को दिशा-निर्देश जारी किये हैं।

प्रदेश में 7 संभागीय आयुष कार्यालय, 51 जिला आयुष कार्यालय, 32 आयुष चिकित्सालय, 1773 शासकीय आयुष औषधालय, 36 आयुष विंग, 75 आयुष ग्राम और 562 आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर का अमला इस योजना को सफल बनाने का कार्य करेगा। आयुष आपके द्वार योजना में आयुष की 3 विधा, जिनमें आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी विधि से रोग प्रभावित व्यक्तियों का इलाज किया जाएगा।


### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम नुनसर तहसील पाटन जिला जबलपुर स्थित ख.नं. 304 रकवा 1.29 हेक्टे. यानि लगभग 3 एकड़ 22 डिस्मल भूमि पर मेरे पक्षकार द्वारा सिविल कोर्ट पाटन में सिविल वाद प्रस्तुत किया है जिसमें वादी द्वारा यह बतलाया गया है कि वादी की माता अनपढ़ एवं वृद्ध श्रीमति शांति बाई बाजपेयी को उक्त संपत्ति उनके माता पिता से बटवारे में प्राप्त हुई थी जिसे उनकी पुत्री के पुत्र सुमित पाण्डे द्वारा चोरी छिपे अपने भाई अधिवक्ता एवं अपने ईष्ट मित्रों की मदद से लगभग 50-60 लाख कीमती भूमि को मात्र 2 लाख 50 हजार में श्रीमति शांति बाई बाजपेयी के एक मात्र पुत्र को बिना बताये रजिस्ट्री कराकर अपने नाम पर दर्ज करवा ली है तथा श्रीमति शांतिबाई की मृत्यू के कुछ दिनों पूर्व अपने निवास गढ़ा जबलपुर में रख कर इस कार्य को अंजाम दिया गया। तत्पश्चात एक पुत्र को माँ से मिलने भी नहीं दिया गया और ना ही श्रीमति शांतिबाई की मृत्यू के बाद उनके मात्र पुत्र प्रकाश चंद बाजपेयी को उनका अंतिम संस्कार करने दिया गया। अतः जानबूझ कर जबरन माँ एवं पुत्र मिलने एवं अंतिम संस्कार से वंचित किया गया। अतः उपरोक्त व्यवहार वाद में आदेश दिनांक 12.05.2023 को पारित आदेश में श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश महोदय पाटन द्वारा स्थगन आदेश पारित करते हुए स्पष्ट रूप से कहा गया है कि प्रतिवादीगण/ अनावेदकगण एवं उनके ईष्ट मित्र, नौकर चाकर, एजेंट आदि के माध्यम से प्रकरण के अंतिम निराकरण तक वादग्रस्त भूमि को विक्रय, हस्तांतरण एवं भूमि पर कोई भार सृजित न करें। अतः सूचना के अधार पर सूचित किया जाता है कि जो भी व्यक्ति उपरोक्त वादग्रस्त भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का लेन-देन कृषि आदि न करें अन्यथा यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त कार्य करते है तो मजबूरन दण्डांत्मक कार्यवाही न्यायालय अवमानना हेतु की जावेगी जिसके जबावदार संबंधित कास्तकार/ व्यक्ति होंगे।

**नवीन पाठक एड.**
ए-3, सालीवाड़ा राजुल गार्डन सिटी के सामने मंडला रोड, जबलपुर मो.- 9424955910


## कांग्रेस ने सुरजेवाला को बनाया मप्र का वरिष्ठ पर्यवेक्षक



नई दिल्ली/भोपाल, देशबन्धु। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी के तेज तर्रार नेता एवं वरिष्ठ सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला को वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाया है। उनके साथ चंद्रकांत हंडोरे को मध्यप्रदेश का पर्यवेक्षक मनोनीत किया गया है। साथ ही राजस्थान का वरिष्ठ चुनाव पर्यवेक्षक पार्टी के वरिष्ठ नेता मधुसूदन मिस्त्री को नियुक्त किया गया है, शशिकांत सेंथिल को उनके साथ पर्यवेक्षक बनाया गया है। जबकि उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रीतम सिंह को छत्तीसगढ़ का वरिष्ठ पर्यवेक्षक तैनात किया है, मीनाक्षी नटराजन छत्तीसगढ़ की पर्यवेक्षक बनाई गईं हैं।


### कार्यालय संभागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./स. अधि./सं.क्रं. 5/2023-24/221 दिनांक 31/07/2023

**भवन नामांतरण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विवेक सराफ पिता गोविन्द प्र. सराफ ने भवन क्रं. 10/11 वार्ड जवाहरगंज भूतल 127 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं. 10/11 पर नामांतरण हेतु पंजीकृत स्वामी 1. किरण सराफ/स्व. प्रमोद चन्द सराफ 2. नवीन कु. सराफ/ प्रमोद चंद्र सराफ 3. ममता सराफ / स्व. प्रवीण सराफ 4. तन्मय सराफ/ स्व. प्रवीण सराफ भवन क्र. 10/11 पिन नं. 42000030, 1000392276 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-05, नगर निगम, जबलपुर**

### कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/115 दिनांक 31.07.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्रीमती मयंका दुबे पति श्री दुष्यंत दुबे 2. श्री दुष्यंत दुबे पिता स्व. श्री अम्बिका प्रसाद दुबे ने मकान नं. 887/जीएफ शाप नं. 03 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल भूतल 270 व.फु. विक्रय पत्र/ खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**


कांग्रेस ने भाजपा की केंद्र सरकार पर बोला हमला

## दशकों से निर्मित अनुसंधान संस्थानों को सरकार कर रही नष्ट : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को केंद्र सरकार पर तंज करते हुए कहा कि एम्स में अनुसंधान परियोजनाओं पर काम करने वाले वैज्ञानिकों के कार्यकाल को सीमित करने का उसका निर्णय इस बात का एक और उदाहरण है कि कैसे दशकों से बने एक अनुसंधान संस्थान को सूक्ष्म प्रबंधन की कोशिश की जा रही है और नष्ट किया जा रहा है।



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक ट्वीट में कहा कि यह इस बात का एक और उदाहरण है कि कैसे दशकों से निर्मित एक विश्व स्तरीय अनुसंधान संस्थान को मोदी सरकार द्वारा सूक्ष्म प्रबंधन और अंततः नष्ट करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण पर संसदीय स्थायी समिति, जिसका मैं सदस्य था, ने अपनी स्वायत्तता और अनुसंधान क्षमता और क्षमता को मजबूत करने के उद्देश्य से अगस्त 2015 में एम्स की कार्यप्रणाली पर अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। इसके बजाय, हम क्या हैं अब वे लोग गवाही दे रहे हैं, जो यह नहीं समझते कि विज्ञान और अनुसंधान निर्देश जारी करके कैसे किया जाता है। उन्होंने एक समाचार रिपोर्ट भी संलग्न की, इसमें दावा किया गया कि केंद्र ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में अनुसंधान परियोजनाओं पर काम करने वाले वैज्ञानिकों के कार्यकाल पर छह साल की सीमा लगाने का आदेश दिया है। वहीं दूसरी ओर मणिपुर हिंसा को लेकर सरकार पर पलटवार करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक ट्वीट में कहा इंडिया (गठबंधन) की पार्टियां राज्यसभा में सभी कामकाज को निलंबित करने और मणिपुर पर प्रधानमंत्री का बयान और उसके बाद चर्चा की मांग कर रही हैं।

राज्यसभा सांसद ने कहा मोदी सरकार इसका विरोध कर रही है और यह आभास देने की कोशिश कर रही है कि वह बहस के लिए तैयार है, जबकि प्रधानमंत्री के बयान पर कुछ नहीं कह रही है। जब भाजपा विपक्ष में थी, तो वह अक्सर (किसी भी मुद्दे पर) सदन को तब तक चलने नहीं देती थी जब तक तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह बयान नहीं दे देते थे, जो वह आमतौर पर करते थे। इस बीच, संसद भवन परिसर में मीडिया से बात करते हुए तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने कहा हम मणिपुर मुद्दे पर विस्तृत चर्चा चाहते थे। हमारा प्रतिनिधिमंडल मणिपुर गया था। यह बहुत गंभीर मुद्दा है, प्रधानमंत्री क्यों नहीं आ सकते। हम सब मणिपुर पर चर्चा के लिए तैयार हैं।



नगरीय प्रशासन मंत्री से सफाई मजदूर कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने की भेंट

## सफाई कामगारों को विनियमित करने नियमों में संशोधन का प्रस्ताव भेजें

**भोपाल, देशबन्धु।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा है कि सफाई कामगारों को विनियमित करने के लिये नियमों में संशोधन का प्रस्ताव सामान्य प्रशासन विभाग को भेजा जायेगा।

मंत्री श्री सिंह ने यह बात अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये ज्ञापन पर चर्चा के दौरान कही। इस दौरान आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भरत यादव और अपर आयुक्त डॉ. सतेन्द्र सिंह, अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मगन झांझोट और महामंत्री श्री सतीष बाबू चौहान एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।मंत्री श्री सिंह ने कहा कि नगरीय निकायों में सफाई ठेका प्रथा समाप्त करने के संबंध में व्यापक विमर्श कर यथोचित नीति बनाई जाए। नगरीय निकायों के आदर्श कार्मिक संरचना में संशोधन का प्रस्ताव भी बनाया जाए। सफाई कामगारों को हर माह समय पर वेतन का भुगतान हो। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य खराब होने के कारण सफाई कर्मचारी के स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति उपरांत उन्हीं के परिवार के किसी सदस्य को योग्यतानुसार नियुक्ति देने के संबंध में नियमों में संशोधन का प्रस्ताव सामान्य प्रशासन विभाग को भेजा जाएगा।


### न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर जिला-जबलपुर

रा.प्र.क्रं/0810/अ-6/2023-24

**आम इश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम रमनगरा प.ह.नं. 7 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक नेमकुमार जैन पति/पिता स्व. दम्मू लाल जैन निवासी 1822, डॉ. कमला गुप्ता हास्पिटल के पास कृपाल चौक के द्वारा ग्राम रमनगरा बंदोबस्त नंबर 399 प.ह.नं. 7 में स्थित भूमि खसरा नंबर 60/2 में से रकवा 1000 व.फु. पर राजस्व अभिलेख में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज सहित स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-13/07/2023
पेशी दिनांक-31/07/2023

रा.नं. 844

**तहसीलदार गोरखपुर कार्यपालिक दण्डाधिकारी जबलपुर**

### कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/114 दिनांक 31.07.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्री पवन गोपालानी 2. श्री हितेश गोपालानी दोनों के पिता स्व. श्री नारायण दास गोपालानी ने मकान नं. 353, 354 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 600 व.फु. प्रथम तल 550 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

### कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/117 दिनांक 31.07.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नन्दलाल भागचन्दानी पिता स्व. श्री एस.एम. भागचन्दानी ने मकान नं. 2891/1ए/1/अ, वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 300 व.फु. प्रथम तल 300 व.फु. द्वितीय तल 300 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

### कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/103 दिनांक 31.07.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शिविर अग्रवाल पिता स्व. श्री कृष्ण कुमार अग्रवाल ने मकान नं. 131/29 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल भूतल 814+814 व.फु. प्रथम तल 814 व.फु. द्वितीय तल 884 व.फु. शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र/वसीयतनामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम NEELAM SAJIYA/NEELAM MUSTAQUE SHEIKH था मैंने अपना नाम परिवर्तित कर NEELAM MUTASIM कर लिया है। अब मुझे मेरे नये नाम NEELAM MUTASIM से जाना, पहचाना एवं पढ़ा लिखा जावे।

पूर्व नाम
NEELAM SAJIYA/ NEELAM MUSTAQUE SHEIKH
वर्तमान नाम
NEELAM MUTASIM


## भाजपा नेताओं के घरों को नहीं घेर सकेगी टीएमसी

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के पांच अगस्त को राज्य भर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं के घरों का घेराव करने के पार्टी के प्रस्तावित विरोध कार्यक्रम पर रोक लगा दी। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा कि प्रतिवादियों और सभी संबंधित लोगों को पांच अगस्त को ऐसे किसी भी विरोध प्रदर्शन या घेराव या यातायात को अवरुद्ध करने और आम जनता को असुविधा पहुंचाने वाले कार्यक्रम से रोका जाता है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता एवं याचिकाकर्ता सुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने पांच अगस्त को सुबह से शाम तक भाजपा नेताओं के घरों का घेराव करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि इस प्रस्तावित विरोध कार्यक्रम की घोषणा अभिषेक ने 21 जुलाई को शहीद दिवस कार्यक्रम के मंच से टीएमसी की अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की उपस्थिति में की थी।

सूत्रों ने बताया कि खंडपीठ ने प्रतिवादियों को अधिकारी की जनहित याचिका के खिलाफ अपने तर्क के समर्थन में 10 दिनों के भीतर हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया और कहा कि मामले की दो सप्ताह के बाद फिर से सुनवाई की जाएगी। अभिषेक ने टीएमसी समर्थकों से कहा कि वे उन भाजपा नेताओं के नामों की सूची तैयार करें जिनके घरों का शुक्रवार को घेराव किया जाएगा। उन्होंने विरोध के लिए कई केंद्रीय योजनाओं के तहत बंगाल को देय 1.15 लाख करोड़ रुपये रोकने के केंद्र के फैसले का हवाला दिया। टीएमसी के डायमंड हार्बर सांसद अभिषेक ने केंद्र द्वारा पश्चिम बंगाल को देय धनराशि जारी करने की मांग को लेकर सभी भाजपा नेताओं के घरों के घेराव का आह्वान किया था।

देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 1 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# मानव तस्करी पर चिंताजनक रिपोर्ट

मानव तस्करी निषेध दिवस पर वर्ष 2016 से 2022 तक की जारी रिपोर्ट न केवल चिंताजनक है वरन वह विकास की पोल खोलती हुई भी नज़र आती है। यह रिपोर्ट रविवार को नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी द्वारा उन्हीं के नाम से स्थापित चिल्ड्रेंस फाउंडेशन एवं एनजीओ गेम्स 24 गुणा 7 की ओर से जारी की गयी। इसे 'चाइल्ड ट्रेफिकिंग इन इंडिया: इनसाइट्स फ्रॉम सिचुएशनल डाटा एनालिसिस एंड दी नीड फॉर टेक ड्रिवन इंटरवेंशन स्ट्रेटेजी' के नाम से प्रकाशित किया गया है। इसमें 2016-22 के दौरान हुई मानव तस्करी के विस्तृत आंकड़े व विवरण तो दिये ही गये हैं, इस अपराध की रोकथाम के उपाय भी सुझाए गये हैं। आवश्यकता इस बात की है कि मानव तस्करी रोकने के लिये सम्बन्धित कानूनों का कड़ाई से पालन करने के साथ उन सामाजिक परिस्थितियों को समाप्त किया जाए जो इस समस्या के मूल में हैं। वैसे इस रिपोर्ट के अनुसार कोरोना के बाद मानव तस्करी में बेतहाशा इज़ाफ़ा दर्ज हुआ है, विशेषकर बच्चों की तस्करी के मामले में।

देश के 21 राज्यों और 262 जिलों में किये गये सर्वेक्षणों के आधार पर तैयार रिपोर्ट में ऐसे अनेक चिंताजनक खुलासे हुए हैं जिन पर सरकार को तत्काल संज्ञान लेने तथा समग्र समाज को इस समस्या से मुक्ति पाने के लिये कमर कसने की ज़रूरत है। इसमें बताया गया है कि उपरोक्त बतलाई गयी अवधि में ज्यादातर बच्चों की ही तस्करी हुई है लेकिन महामारी के पश्चात ऐसे मामलों में 68 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यह साबित करता है कि बच्चे और उनके परिवार घोर गरीबी व भुखमरी के शिकार हुए हैं तभी उनके बच्चों को उनकी मर्जी से अथवा बिना सहमति या मर्जी के उनके गृह नगर, गांव या कस्बों को छोड़कर अन्य शहरों का रुख करना पड़ा। जाहिर है कि बड़े पैमाने पर बच्चों को उनके जीवन जीने और शिक्षा के अधिकार से वंचित होना पड़ा है।

रिपोर्ट बतलाती है कि 13 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के 15 फीसदी से अधिक बच्चे विभिन्न तरह की दुकानों, ढाबों एवं उद्योगों में काम करते हैं, तो वहीं 13 फीसदी कपड़े की दुकानों से आजीविका प्राप्त करते हैं। 11 फीसदी से ज्यादा बच्चे खुदरा दुकानों में काम करते हुए गुजारा कर रहे हैं। उपरोक्त उल्लेखित अवधि यानी 2016-22 के दौरान जिन बच्चों की तस्करी की गयी उनमें 13 फीसदी 9 से 12 वर्ष और 2 फीसदी 9 साल से कम उम्र के हैं। फाउंडेशन व सहयोगी संगठनों ने 13500 से ज्यादा बच्चों को उनके कामों (दुकानें, ढाबे, उद्योग) से छुड़ाया। जिन बच्चों को मुक्त कराया उनमें से 80 प्रतिशत 18 वर्ष से कम आयु के हैं जो यह बतलाने के लिये काफी है कि देश में बाल श्रम कानूनों का जमकर उल्लंघन हो रहा है। कुछ खतरनाक उद्योगों में भी काम करते हुए बच्चे मिले जिन्हें छुड़ाया गया। उत्तर प्रदेश, बिहार और आंध्र प्रदेश से सर्वाधिक बच्चों की तस्करी हुई। शहरों की बात करें तो जयपुर व दिल्ली में सबसे ज्यादा ऐसे बच्चों को विभिन्न तरह के कामों के लिये पहुंचाया गया।

रिपोर्ट समाज के इस दुखद पहलू की ओर भी ध्यान दिलाती है कि कोविड-19 ने देश में जो आर्थिक तबाही लाई है, उसका सीधा असर बच्चों पर भी पड़ा है। घर में रोटी कमाने वाले की मृत्यु होने या परिवार के मुखिया के रोजगार चले जाने जैसे कारण इसके पीछे हो सकते हैं जिसके चलते बच्चों के कोमल कांधों पर उनके अपने और सम्भवत: साथ में परिवारजनों के पेट भरने की जिम्मेदारी भी आन पड़ी होगी। पारिवारिक कलह भी एक कारण हो सकता है। चाहे जिन कारणों से भी बच्चों को घर छोड़कर कच्ची आयु में रोजी-रोटी के लिये संघर्ष करना पड़ा हो, बेशक यह स्थिति सरकार व समाज दोनों के ही लिये बहुत शर्मनाक है। यह भी ध्यान रहे कि यह देश की सच्चाई का एक बहुत छोटा सा हिस्सा है। असली तस्वीर इसके मुकाबले बहुत बड़ी है। घरेलू नौकरों के रूप में या सुदूर गांवों आदि में ले जाये गये तथा वहां काम करते हुए बच्चे प्रशासन की निगाहों से बच जाते हैं। उनके लिये कानून के उल्लंघन से अधिक महत्वपूर्ण दो जून की रोटी का जुगाड़ है। बहुत से बच्चे काम खो जाने के भय व अपनी ज़रूरत के चलते प्रशासन या उन्हें छुड़ाने वाले संगठनों से स्वयं की जानकारी को छिपा जाते हैं।

यह रिपोर्ट विकास के खोखलेपन को भी उजागर करती है और अनेक विसंगतियों को सामने लाती है। एक ओर तो भारत दुनिया भर में अपनी महानता और विशाल अर्थव्यवस्था होने का दावा करता फिर रहा है, वहीं यह रिपोर्ट इस बात का साक्ष्य है कि देश का सामाजिक सुरक्षा का ढांचा बेहद ढीला-ढाला है और मानव विकास से संबंधित कार्यक्रमों को लागू करने वाली व्यवस्था एकदम से प्रभावहीन है। जिन बच्चों को कल के हिन्दुस्तान की तस्वीर कहकर महिमा मंडित किया जाता है वे छोटी-मोटी दुकानों में राशन-परचून बेचते, ढाबों व खानपान के ठेलों के पीछे जूठे बर्तन मांजते, उद्योगों में काम करते हुए या ऐसे ही किसी असंगठित क्षेत्र में मेहनत-मजदूरी करते हुए अपने वर्तमान को स्वाहा कर रहे हैं। सरकार व समाज के पास उनके हाथों में किताबें थमाने व अच्छा जीवन देने की अब न तो इच्छा है और न ही समाज इसके लिये दृढ़ संकल्पित है। इस विश्वव्यापी (खासकर तीसरी दुनिया कहलाने वाले देशों की) समस्या की गम्भीरता को देखते हुए राष्ट्रसंघ ने माना है कि 'मानव तस्करी एक संगीन अपराध है और मानवाधिकार का बड़ा उल्लंघन है।' बच्चों को उनके अधिकार लौटाये बिना समृद्ध व खुशहाल देश की कल्पना करना बेकार है।


# मणिपुर खुद जल नहीं रहा है, जलाया जा रहा है!

***वि*पक्षी दलों के गठबंधन के सदस्यों का दौरा मात्र दिखावा है। जब पूर्ववर्ती सरकारों के शासन में मणिपुर जलता था, तब उन लोगों ने संसद में एक भी शब्द नहीं कहा, जो अब पूर्वोत्तर राज्य का दौरा कर रहे हैं।***

**—अनुराग ठाकुर**

मोदी सरकार में युवा मामलों तथा खेलों के मंत्री, अनुराग ठाकुर का ऊपर-उद्धृत वक्तव्य, चौबीस महत्वपूर्ण विपक्षी पार्टियों के मंच—इंडिया—के इक्कीस सांसदों की टीम के मणिपुर के दो दिन के दौरे को खारिज करने की अपनी बदहवासी में, सबसे बढ़कर इसी का सबूत पेश करता है कि मोदी के डबल इंजन राज से, मणिपुर के हालात को संभालने के लिए, कम से कम किसी भी तरह के बहुपक्षीय प्रयास की उम्मीद नहीं की जा सकती है। बहरहाल, यह विनाशकारी नकारात्मकता सिर्फ राजनीतिक बहुपक्षीयता का रास्ता बंद करने तक ही सीमित नहीं है। मणिपुर में शांति तथा सद्भाव का संदेश लेकर पहुंचे विपक्षी सांसदों के दल के राजधानी इम्फाल पहुंचने के मौके पर प्रायोजित तथाकथित शांति रैली, जिसका आयोजन मणिपुर इंटिग्रिटी समन्वय समिति या कोकोमी द्वारा किया गया था, जाहिर है कि शासन के अनुमोदन से, इसका खुलेआम ऐलान कर रही थी कि इथनिक-सामाजिक बहुपक्षीयता का रास्ता, असमान्य हालात के तीन महीने पूरे होने तक भी, कसकर बंद ही रखा जाना है। खबरों के अनुसार, इस प्रधानत: मैतेई रैली का पूरा जोर यह साबित करने पर तो था ही कि सारी समस्या, कुकी-चिन समुदाय की खड़ी की हुई थी, जिसे उत्तर-पूर्व के संदर्भ में संघ की जानी-पहचानी शब्दावली में 'अवैध घुसपैठिए' बताया जा रहा था। इससे भी खतरनाक यह कि रैली में शामिल लोगों को इन कुकी-चिन घुसपैठियों को 'उखाड़कर संघर्ष खत्म करने' यानी उखाड़ने तक यह संघर्ष जारी रखने का संकल्प दिलाया जा रहा था। इन दोनों को जोड़कर देखें तो, एक ही नतीजे पर पहुंचना होगा कि मणिपुर की त्रासदी यह नहीं है कि वह जल रहा है, उसकी असली त्रासदी यह है कि उसे जान-बूझकर जलाया जा रहा है और जलाने वालों के ही हाथों में आज सत्ता है, देश में भी और प्रदेश में भी। मणिपुर में 3 मई से जो हो रहा है और उत्तर-पूर्व के इस अभागे राज्य में, इससे पहले भी कई मौकों पर जो कुछ होता रहा है, उसमें यही गुणात्मक अंतर है। यह आज राज में जो बैठे हुए हैं, उनकी विफलता का मामला नहीं है, जैसा कि अब तक रहता आया है। इन विफलताओं के कारण बेशक पुराने और ऐतिहासिक हैं। यह राज्य विविधताओं तथा उसने जुड़े इथनिक टकरावों का ही नहीं, असंतुलनों का भी भंडार है। सबसे बड़ा असंतुलन तो यही कि मैतेई, जो आबादी का 52 फीसद से ज्यादा हिस्सा हैं, आर्थिक व शैक्षणिक-सांस्कृतिक दृष्टि से कहीं उन्नत हैं और परंपरागत रूप से हिंदू परंपराओं के निकट रहे हैं। मुख्यत: इम्फाल घाटी में संकेंद्रित हैं मैतेई पिछले एक दशक के करीब में बढ़ते पैमाने पर अपनी पहचान हिंदू के तौर पर कराने लगे हैं। वे करीब 20 फीसद जमीनों पर काबिज हैं और मोटे तौर पर विधानसभा की साठ से चालीस सीटें उनके हिस्से में आती हैं। दूसरी ओर, कुकी-जोमी तथा अन्य आदिवासी के रूप में मान्यता-प्राप्त समुदाय, जो मुख्यत: पहाड़ी इलाकों में रहते हैं, आर्थिक व सांस्कृतिक लिहाज से कम विकसित हैं, वन्य इलाकों में रहते हैं, बड़ी संख्या में खुद को ईसाई मानते हैं और विधानसभा की साठ में से कुछ बीस सीटें ही उनके लिए आरक्षित हैं।

इस राज्य में जहां परंपरागत रूप से, विशेष रूप से सभी आदिवासी ग्रुपों के अपने सशस्त्र संगठन रहे हैं, जिनमें से अनेक से युद्धविराम जैसे समझौते के जरिए हथियार रखवा कर पिछले दशकों में एक हद तक शांति भी कायम कर ली गयी थी, मैतेई समुदाय पर केंद्रित कर आरएसएस-भाजपा द्वारा पांव फैलाए जाने ने और फिर 2018 के चुनाव के बाद से भाजपा के जोड़-तोड़ से सत्ता पर काबिज होकर राज चलाए जाने ने, रुई पर तेल छिड़कने का ही काम किया है। इसी पृष्ठभूमि में अप्रैल के आखिर में आए, हाई कोर्ट के निर्देश ने, जिस पर बाद में सुप्रीम कोर्ट ने रोक भी लगा दी, मैतेई समुदाय को आदिवासी यानी अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने का एक तरह से आदेश ही देकर, माचिस दिखाने का काम किया। मैतेई समुदाय को आदिवासी दर्जा दिए जाने की इस संभावना के खिलाफ, जिसकी आशंकाओं को राज्य और केंद्र, दोनों में भाजपा सरकार की मौजूदगी और हवा ही देती थी, 3 मई को निकली आदिवासी ग्रुपों की विरोध रैली पर हमलों से जो हिंसा भड़की, उसने तेजी से राज्य में घाटी और पहाड़ी क्षेत्र के मुख्य समुदायों को, जैसे परस्पर युद्धरत राष्ट्रों में बदल दिया। चूंकि इस युद्ध की स्थिति के बीच व्यावहारिक मानों में पूरे राजतंत्र को और बहुत ही महत्वपूर्ण रूप से राज्य सरकार के तंत्र को, उसमें इथनिक आधार पर थोड़े-बहुत विभाजन के बावजूद, आम तौर पर बहुसंख्यक मैतेई समुदाय के ही साथ खड़ा माना जा रहा था। इसके ऊपर से मुख्यमंत्री द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय को ही 'विदेशी घुसपैठियों' से लेकर 'नशा कारोबारी', आतंकवादी आदि, आदि करार दिए जाने का सिलसिला जारी था। इसने मणिपुर में शासन नाम की शायद ही कोई चीज छोड़ी है। और सारी विफलताओं के बावजूद, जिनमें राजधर्म का निर्वाह करने में विफलता सबसे बड़ी है, मोदीशाही द्वारा वर्तमान मुख्यमंत्री बिरेन सिंह को संरक्षण दिए जाने ने, इस गृहयुद्ध को रुकवाने में शासन की भूमिका को एक तरह से त्याग ही दिया है।



राजेन्द्र शर्मा

> **इस राज्य में जहां परंपरागत रूप से, विशेष रूप से सभी आदिवासी ग्रुपों के अपने सशस्त्र संगठन रहे हैं, जिनमें से अनेक से युद्धविराम जैसे समझौते के जरिए हथियार रखवा कर पिछले दशकों में एक हद तक शांति भी कायम कर ली गयी थी, मैतेई समुदाय पर केंद्रित कर आरएसएस-भाजपा द्वारा पांव फैलाए जाने ने और फिर 2018 के चुनाव के बाद से भाजपा के जोड़-तोड़ से सत्ता पर काबिज होकर राज चलाए जाने ने, रुई पर तेल छिड़कने का ही काम किया**

लेकिन, मणिपुर के संकट के संदर्भ में शासन का इस तरह लापता ही हो जाना, न तो संयोग है और न ही किसी भूल-चूक का मामला है। इस गैर-हाजिरी का तीन महीने लंबा इतिहास खुद इसकी गवाही देता है। बेशक, 3-4 मई से मणिपुर जब सुलगना शुरू हुआ, मोदी राज का पूरा ध्यान कर्नाटक में चुनाव प्रचार पर था। खुद प्रधानमंत्री मोदी, उनके नंबर दो तथा देश के गृहमंत्री, अमित शाह और एक प्रकार से उनकी पूरी की पूरी सरकार ही, कर्नाटक के चुनाव प्रचार में जुटे हुए थे। लेकिन, लोगों को हैरान करते हुए, कर्नाटक का चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद भी, मई के आखिर तक मणिपुर की मोदी राज ने, केंद्रीय बलों की संख्या बढ़ाने के अलावा, कोई खोज-खबर नहीं ली। प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री को वहां के घटनाक्रम पर चिंता जताना और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करना तक, मंजूर नहीं हुआ। और तो और, जब बाकायदा युद्ध के जैसे हालात से विचलित, खुद सत्ताधारी पार्टी के विधायकों समेत, पक्ष-विपक्ष, सभी ओर के राजनीतिक नेताओं ने केंद्र से सक्रिय हस्तक्षेप की मांग करने के लिए दिल्ली के दौरे किए, पर प्रधानमंत्री को अपनी ही पार्टी के विधायकों तक से बात करने का समय नहीं मिला और वह कई दिन की विदेश यात्रा पर चले गए। मई के आखिर में, गृहमंत्री अमित शाह के तीन दिन के पहले दौरे से, अगर अल्पसंख्यक समूहों को थोड़ी-बहुत कुछ उम्मीद बंधी भी होगी, तो उसे भी राज्यपाल की अध्यक्षता में एक सर्वपक्षीय समिति बनाने जैसी उनकी घोषणाओं के साथ वास्तव में जो अगंभीर सलूक हुआ, उसने जल्द ही खत्म कर दिया। उनकी अपील के बावजूद, न लूटे गए हथियार लौटाए गए और न ही हिंसक हमले रुके। उल्टे प्रदर्शनकारियों द्वारा रास्ते रोके जाने के बल पर, सैन्य बलों को ही उनके शिविरों में कैद कर के रख दिया गया।

उसके बाद गुजरे दो महीनों में हालात में कोई उल्लेखनीय बदलाव नहीं आया है। हां! कुछ कुकी महिलाओं के साथ दरिंदगी का वीडियो वाइरल होने के बाद, संसद के मौजूदा सत्र की पूर्व-संध्या पर देश भर में दौड़ी विक्षोभ तथा वितृष्णा की लहर के बाद, प्रधानमंत्री को जरूर पहली बार मणिपुर की त्रासदी पर कुछ बोलना पड़ा है। लेकिन, वह बोलना भी इतना कम था कि उसमें संबंधित घटना पर दु:ख तथा क्षोभ जताने के साथ ही प्रधानमंत्री, विशेष रूप से विपक्ष-शासित राज्यों पर ऐसी घटनाओं के लिए हमला करने की ओर मुड़ गए। दूसरी ओर, उन्होंने न तो आम तौर पर मणिपुर की त्रासदी पर कोई दु:ख या पछतावा जताया और न ही लोगों से शांति व सौहार्द्र बनाए रखने की अपील तक की। प्रधानमंत्री का उक्त बयान भी चूंकि संसद में नहीं, संसद के दरवाजे पर ही दिया गया था, विपक्ष आज तक मणिपुर के संकट पर प्रधानमंत्री के बयान और उसके बाद संसद में उस पर बहस की मांग ही कर रहा है। इस सरासर न्यायसिद्ध मांग को हठपूर्वक ठुकराने के जरिए, मोदी राज ने संसद के एक और सत्र को पहले ही दिन से ठप्प कर रखा है। दूसरी ओर, विपक्ष समेत जनमत के विशाल हिस्से की सुस्पष्ट मांग के बावजूद, मोदी राज ने बिरेन सिंह को मुख्यमंत्री पद से नहीं हटाने का एक प्रकार से ऐलान ही कर दिया है। लेकिन, यह सिर्फ प्रधानमंत्री के जवाबदेही से इंकार करने या अहंकार का ही मामला भी नहीं है। 2002 के गुजरात के नरसंहार और 2023 के मणिपुर के खून-खराबे में इतनी सारी समानताएं, जिनमें अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं को सार्वजनिक रूप से यौन हिंसा का निशाना बनाया जाना भी शामिल है, कोई संयोग से ही नही प्रकट हो गयी हैं। इनके पीछे, बहुसंख्यक समुदाय के राजनीतिक समर्थन के सांप्रदायिक सुदृढ़ीकरण की बहुत ही सोची-समझी रणनीति है। सब कुछ के बावजूद, इस अभियान के बीच से संघ-भाजपा मेइतेई समुदाय के बीच अपनी पकड़, पहले से मजबूत होने की ही उम्मीद रखते हैं। रही बाकी सब लोगों की बात, तो उन्हें शासन के डंडे से ठोक-पीटकर झुकाने में कुछ समय भले ही लग जाए, लेकिन देर-सबेर कुछ न कुछ कामयाबी भी मिल ही जाएगी। और शासन के डंडे से ठोक-पीट के लिए अल्पसंख्यकों को विदेशी या घुसपैठिया या आतंकवादी, करार दे देना ही काफी है। पूर्व-थल सेनाध्यक्ष, जनरल नरवणे ने 'मणिपुर हिंसा में विदेशी एजेंसियों के हाथ' की अटकलों को हवा देने के जरिए, इसके लिए रास्ता और साफ कर दिया है। यह गुजरात का आजमूदा फार्मूला है, जो कश्मीर में एक हद तक कामयाब आजमाइश के साथ, अब मणिपुर में आजमाया जा रहा है। मणिपुर, खुद जल नहीं है, मणिपुर जलाया जा रहा है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# मोदी सरकार का असली इरादा है कांग्रेस पर नकेल कसना

■ **अरुण श्रीवास्तव**

**को**ई भी गारंटी नहीं दे सकता है कि मोदी सरकार 15 सितंबर को प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक संजय कुमार मिश्र के कार्यकाल की ताजा विस्तारित अवधि समाप्त होने से ठीक पहले सुप्रीम कोर्ट के सामने दोबारा पेश नहीं होगी यह अनुरोध करने के लिए कि उनका कार्यकाल फिर से बढ़ाने की अनुमति दी जाये, इस दलील पर कि राष्ट्रीय हितों की रक्षा और संरक्षण करने और भारत को खराब छवि में दिखाने के कुछ देशों के नापाक मंसूबों को विफल करने के लिए यह आवश्यक है।

ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर-जनरल एसवी राजू ने कहा कि कुछ देश हैं जो यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि भारत एफएटीएफ (फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स, अंतरराष्ट्रीय मनी-लॉन्ड्रिंग और अन्य वित्तीय मामलों पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्था) की ग्रे सूची में आ जाये। इसके मद्देनजर मिश्रा की विशेषज्ञता की आवश्यकता थी। राजू ने कहा कि- वह उन देशों का नाम लेने से बच रहे हैं जो भारत को ग्रे सूची में डालना चाहते हैं।

राजू की बात में दम लगता है। लेकिन साथ ही यह सवाल भी उठता है कि जिस व्यक्ति का कार्यकाल पहले ही तीन बार बढ़ाया जा चुका है उसे यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी फिर क्यों सौंपी जानी चाहिए? यदि कोई इस बात से सहमत भी हो कि सभी अधिकारियों में से वह एकमात्र अधिकारी हैं जिसके पास विशेषज्ञता है, तो फिर उसे यही कार्य क्यों नहीं सौंपा गया?

> **भाजपा शासन के दौरान, राष्ट्रीय हित की ज़ोरदार घोषणाओं और राष्ट्रवाद का राग अलापना केंद्र में आ गया है। मोदी के कई आलोचक देशद्रोह के आरोप में जेल में हैं। 27 जुलाई को, मिश्र को सेवा विस्तार देने के लिए शीर्ष अदालत से अनुरोध करते समय, मोदी सरकार राष्ट्रीय हित से पीछे हटते हुए, वही कार्ड खेल रही थी।**

भाजपा शासन के दौरान, राष्ट्रीय हित की ज़ोरदार घोषणाओं और राष्ट्रवाद का राग अलापना केंद्र में आ गया है। मोदी के कई आलोचक देशद्रोह के आरोप में जेल में हैं। 27 जुलाई को, मिश्र को सेवा विस्तार देने के लिए शीर्ष अदालत से अनुरोध करते समय, मोदी सरकार राष्ट्रीय हित से पीछे हटते हुए, वही कार्ड खेल रही थी। यदि एफएटीएफ देश की प्रतिष्ठा और छवि के लिए महत्वपूर्ण था, तो मोदी सरकार को 11 जुलाई को अपनी पूरी तर्कशक्ति इसके पीछे लगानी चाहिए थी और इस मुद्दे पर विस्तार की मांग करनी चाहिए थी, जैसा कि उसने बाद में 27 जुलाई को किया था। एक चतुर चाल में, मोदी सरकार ने 11 जुलाई को इस मुद्दे पर आक्रामक तरीके से बहस नहीं की। उस दिन, सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा था कि इस साल एफएटीएफ द्वारा की जा रही समीक्षा के मद्देनजर और सुचारु परिवर्तन को सक्षम करने के लिए, मिश्र का कार्यकाल 31 जुलाई तक रहेगा। अगर मोदी सरकार के मुताबिक मिश्र का पद पर बने रहना वाकई जरूरी था तो उस दिन मजबूती से बहस करके कोर्ट को मनाना चाहिए था। लेकिन कोई दबाव न डालकर उसने अपने विकल्प खुले रखे। 26 दलों के विपक्षी मोर्चे इंडिया के गठन के साथ, विपक्ष पर आतंक का राज कायम करने के लिए मिश्र मोदी के लिए सबसे अच्छा दांव हैं। शीर्ष अदालत ने विस्तार की मांग के लिए मोदी सरकार से सवाल किया, उसने यह भी पूछा कि- क्या मौजूदा प्रमुख को छोड़कर पूरा विभाग 'अक्षम लोगों से भरा हुआ है' और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से जानना चाहा : 'क्या हम इसकी तस्वीर नहीं दे रहे हैं कि कोई दूसरा योग्य व्यक्ति नहीं है और पूरा विभाग अयोग्य लोगों से भरा पड़ा है?' देश के लोग मोदी द्वारा अपने विरोधियों को आतंकित और पीड़ित करने के लिए ईडी के क्रूर उपयोग के गवाह रहे हैं, चाहे वे किसी भी क्षेत्र से संबंधित हों -राजनीति, शिक्षाविद, असैन्य समाज, या स्वतंत्र मीडिया। मूलरूप से ईडी के दुरुपयोग के उनके तरीके ने याचिकाकर्ताओं को शीर्ष अदालत का रुख करने के लिए मजबूर किया था।

मोदी सरकार के मुताबिक, मिश्र साल 2020 की शुरुआत से ही एफएटीएफ के पारस्परिक मूल्यांकन के लिए दस्तावेज तैयार करने और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने में लगे हुए हैं। जाहिर है, कुछ और शीर्ष अधिकारी निश्चित रूप से उनकी सहायता कर रहे होंगे। ये अधिकारी स्वाभाविक रूप से नये ईडी बॉस की सहायता कर सकते थे। यह सामान्य अभ्यास रहा है। अदालत के आदेश का उपयोग राज्य सरकारों द्वारा शासक की पसंद के व्यक्ति को उसके सेवानिवृत्त होने के बावजूद पद पर रखने के लिए भी किया जा सकता है। कुछ साल पहले ही पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव अलपन बंद्योपाध्याय को केंद्र सरकार ने वापस बुला लिया था और लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय में प्रतिनियुक्त कर दिया था। चक्रवात के प्रभाव पर नरेंद्र मोदी के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ देर से पहुंचने के लिए उन्हें दंडित किया गया था। नवीनतम आदेश के अनुसार, कोई भी मुख्यमंत्री वांछित लाभ पाने के लिए अदालत का रुख कर सकता है। 11 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने माना था कि मिश्र को नवंबर 2021 और नवंबर 2022 में दिये गये दो विस्तार अवैध थे। हालांकि, उन्हें 31 जुलाई तक पद पर बने रहने की अनुमति दी गई थी। गौरतलब है कि वरिष्ठ वकील एएम सिंघवी ने कहा कि- सरकार का आवेदन 11 जुलाई के फैसले की 'छिपे तौर पर समीक्षा' है। 'केंद्र को यह कहते हुए देखना बहुत दुखद है कि देश का भविष्य एक आदमी के कंधों पर है। यह मंत्रालय के अधिकारी, राजस्व सचिव हैं, न कि ईडी निदेशक, जो एफएटीएफ के साथ जुड़ते हैं,' सिंघवी ने कहा।

जुलाई की सुनवाई से पहले भी, शीर्ष अदालत के न्यायमूर्ति बी.आर.गवई ने एक विशेष सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर-जनरल तुषार मेहता से पूछा : 'हम जानना चाहते हैं कि क्या पूरा विभाग अक्षम लोगों से भरा है? मान लीजिए कि अगर मैं सीजेआई हूं, तो क्या अगर मैं सीजेआई के रूप में जारी नहीं रह पाऊंगा तो क्या सुप्रीम कोर्ट ढह जायेगा?' पीठ ने आश्चर्य जताया कि केंद्र फिर से विस्तार के लिए आवेदन कैसे दे सकता है! इस स्तर पर भी, अदालत एफएटीएफ कार्य को ईडी की नियमित जिम्मेदारियों से अलग कर सकती है और सरकार को एक नया ईडी लाने का निर्देश दे सकती है और मिश्रा को एफएटीएफ कार्य पूरा करने दे सकती है। एफएटीएफ की ग्रे सूची में होने का मतलब है कि कोई देश वित्तीय अपराधों को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहा है, जिससे वैश्विक समुदाय में उसकी स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। राजू ने कहा कि- यदि विस्तार नहीं दिया गया तो इससे प्रतिष्ठा को नुकसान होगा, मनी लॉन्ड्रिंग जांच प्रभावित होगी और देश की छवि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

यह विश्वास करना भोलापन होगा कि मिश्र अपने प्रवास के 45 दिनों के भीतर भारत की छवि को उज्ज्वल कर देंगे और कलंक को मिटा देंगे। फिर कैसा संयोग है कि जिस दिन सुप्रीम कोर्ट ने मिश्र को सेवा विस्तार दिया, उसी दिन राजस्थान में एक रैली में बोलते हुए मोदी ने कांग्रेस नेतृत्व पर नकेल कसने के अपने इरादे स्पष्ट कर दिया। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व को चेतावनी देते हुए कहा, 'कहा जाता है कि बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा की इस 'लाल डायरी' में कांग्रेस सरकार के काले कारनामों का रिकॉर्ड है। लोग कह रहे हैं कि अगर 'लाल डायरी' के पन्ने खोले जाएं तो अच्छे-अच्छे निपट जायेंगे'।

मोदी ने कहा कि- दस्तावेज़ में दर्ज काले कारनामे साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार का कारण बनेंगे, उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि -लाल डायरी कांग्रेस की 'लूट की दुकान' का ताज़ा उत्पाद है, और कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार होगी। 'राजस्थान में सरकार चलाने के नाम पर, कांग्रेस ने झूठ के बाजार में लूट की दुकान स्थापित की है। इस लूट की दुकान का नवीनतम उत्पाद राजस्थान की लाल डायरी है,' मोदी ने कहा।

## गुरवाणी विचार

# घटि घटि में हरि जी औ बसे संतन कहयो पुकार

काम, क्रोध, लोभ, झूठ, निंदा-इन ते आप छड़ावहो।
इह भीतर ते इनको डारहो, आपन निकटि बुलावहो।
अपनी विधि आप जनावहो, हरि जन मंगल गावहो।
बिसर नाही कबहुं हीये ते इह विधि मन माहि पावहो।
गुरु पूरा भेटिओ वडभागी जन नानक कतहि धाहो।

गुरवाणी की यह पंक्तियां सोरठ राग से ली गई है जो गुरुग्रंथ साहिब के 617 अंग पर सुशोभित है। इन पंक्तियों द्वारा पांचवें नानक अर्जुन देवजी समस्त मानवों की तरफ से प्रभु परमात्मा से प्रार्थना कर रहे हैं कि हे प्रभु काम, क्रोध, लोभ, झूठ, निंदा इत्यादि जो बेकार हैं। इन सब से मुझे छुड़ा कर अपने चरणों में ले लेवें। ये पांच विकार हमें अपने वश में करना चाहते हैं और हर वक्त हम पर हावी होते रहते हैं।

इनसे पूर्णरूप से तो छुटकारा नहीं पाया जा सकता पर प्रभु कृपा हो जाने पर इन पर काबू पाया जा सकता है और यह संभव भी तभी है जब प्रभु परमात्मा की हम पर विशेष कृपा हो जाए। थोड़े-थोड़े रूप में हमें इन विकारों की भी जरूरत रहती है। अपने और अपने परिवार का उदर-पोषण करने हेतु धन की आवश्यकता होती है इसलिए लोभ और मोह थोड़ी मात्रा में जरूरी है अगर हम बिलकुल शांति से रहना चाहेंगे तो दुनिया हमें जीने नहीं देगी सांप अगर शांत रहे तो लोग पत्थर मार-मार कर अधमरा कर देंगे।

इसलिए अपनी रक्षा करने हेतु उसको भी फुंफकारना पड़ता है। इसलिए हमें भी थोड़ी मात्रा में क्रोध की आवश्यकता होती है पर अधिक क्रोध अच्छा नहीं होता इसलिए प्रभु परमात्मा से प्रार्थना करते रहना चाहिए इन पांचों बटमारों को हम तभी वश में कर पाएंगे जब हम पर प्रभु परमात्मा की कृपा हो जाएगी। इसलिए हमें प्रभु परमात्मा अपना वरदहस्त रख देवें ताकि हम इनसे निजात पा लेवें।

तुम करो दया मेरे साईं, ऐसी मति दीजै मेरे ठाकुर
सदा सदा तुझ घिआई।

प्रभु परमात्मा अपने भक्तों की स्वयं देखरेख करते रहते हैं और उन्हें प्रेरणा देते रहते हैं कि वे इस तरह साध संगत में जाकर प्रभु सिमरन में मन रमाएं।

अपने सेवक की आपे राखे आपे नाम जपावें।
जै जै कार किरत सेवक की ताहि ताहि उठ धावें।

इस समस्त संसार की रचना प्रभु परमात्मा ने की है और रचना करने के बाद हर एक में विराजमान रहकर अपनी-अपनी गतिविधि का निरीक्षण करता रहता है। सुनार सोने के गहने बनाने तक या उसके बिकने तक ही उसमें मोह रखता है पर प्रभु अपनी रचना के अंदर हर वक्त बिराजमान रहता है।

घटि घटि में हरि जी औ बसे संतन कहयो पुकार।

इसलिए हमें चाहिए कि हम हर वक्त उस प्रभु परमात्मा की सिफत सलाह के गीत गाते रहें अर्थात उसकी सिमरन बंदगी में जुड़े रहें पर हमारे बहुत ही अच्छे भाग्य हों तभी हमारे मन की ऐसी स्थिति बन पाएगी।

कबीर मैं मैं करता तूं हुआ मुझमें रहा न मुआ।।
जब आपा पर का मिट गया जहां देखां तां तूं।।

इसलिए हमें मानव जीवन पाने का पूर्णरूप से लाभ उठाते हुए सब तरफ से ध्यान हटाकर प्रभु सिमरन में मन लगाए रखना चाहिए।

अपना और अपने परिवार का उदर पोषण हेतु कार-विहार भी करना है पर मन हर वक्त प्रभु परमात्मा से जोड़े रखना है।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

# अमेरिका के चुनाव की दौड़ में भारतवंशियों की शीर्ष पद पर निगहबानी

अमेरिका की राजनीति में भारतीय मूल के उम्मीदवारो की हिस्सेदारी बढ़ती जा रही है। दुनिया की महाशक्ति अमेरिका की राष्ट्रीय राजनीति में भारतवंशियों के बढ़ते प्रभुत्व से भारत की साख में वृद्धि हुई है। उपराष्टपति पद पर आरूढ़ भारतीय मूल की कमला हैरिस की साफ सुथरी छवि पर अमेरिका का भारतीयमूल के लोगोम पर बढ़ता भरोसा दुनिया में भारत की इमेज बढ़ती जा रही है। दरअसल,ब्रिटेन की सत्ता में ऋषि सुनक की राष्ट्रपति पद की दौड़ में कायमाबी मिलना भारत की साख पर चार चांद लग गया है। अमेरिका की राजनीति और सरकारी अधिकारियों की लंबी लिस्ट है। भारतीय मूल के प्रवासियों ने अमेरिका वासियों का दिल जीतने में सफलता हासिल की है,यह भारत की सफलता है। अमेरिका में 2024 में राष्ट्रपति के लिए उम्मीदवारों में तीन भारतवंशी होने का गर्व महसूस हो रहा है। बाइडन ने यहां तक कहा है कि आप भारतीय मूल के राष्ट्रपति लाइए। हम बनाने के लिए तैयार हैं। यह भारतवंशियों की साफगोई की निशानी है। आज जहां भी जाते है भारत की जयकारे सुनने को मिलते हैं। राष्ट्रपति पद के लिए तीन उम्मीदवारों में हर्षवर्धन सिंह, विवेक रामा स्वामी और निक्की हेली चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार बनाए गए है। निक्की हेली तीसरी बार राष्ट्रपति चुनाव लड़ रही है। एयरोपेस फार्मा उद्यमी जैसे उम्मीदवारों और महिला उम्मीदवार में से किसी एक की जीत होती है और अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के सारे रास्ते स्पष्ट होते है और कामयाबी हासिल होती है तो भारत के लिए स्वर्णयुग हो सकता है। भारत की साख में चार चांद लग सकते हैं। किसी तानाशाही शासक की हिम्मत नहीं होगी कि वे भारत को धमका सके। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहले राष्ट्रपति बन चुके हैं। इस बार फिर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने जा रहे है। उनके वोट प्रतिशत में 59 फीसद है। इस दौड़ में अन्य उम्मीदवारों की आशा धुंधली बताई जा रही है। हार जीत के कोई मायने नहीं है परन्तु अमेरिका का राष्ट्रपति बनने की तमन्ना हर कोई उम्मीदवार की रहती है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# शासकीय सेवकों की लापरवाही बर्दाश्त नही होगी, करेंगे कार्यवाही : कलेक्टर



## समय सीमा की बैठक में दिये आवश्यक निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन की अध्यक्षता में सोमवार को लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जयति सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, शेर सिंह मीणा सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे। वहीं वर्चुअली रूप से सभी अनुभाग के एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ व सीएमओ जुड़े थे।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि लंबित पत्रों के प्रकरण प्राथमिकता से करें। सीएम हेल्पलाइन के विभागवार एक-एक प्रकरणों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये की समय सीमा में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। कुछ विभागों की प्रगति कम होने पर उन्हें निर्देश दिये कि वे सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के प्रति तत्परता बरतें।

बिजली संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता से देखें, सभी स्कूल व आंगनबाड़ी में विद्युत व नल कनेक्शन हो जाये, शौचालयों का सत्यापन करें, जल जीवन मिशन की स्थिति के संबंध में जानकारी देवें, साथ ही इस कार्य में कौन लापरवाही कर रहा है और उसके लिये क्या कार्यवाही की गई है इसकी जानकारी उपलब्ध करायें। कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन अंतर्गत खोदी गई सड़कों का सुधार प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन को लेकर एसडीएम पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर लें। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में ठीक से काम हो जाये यदि इसमें कोई लापरवाही करते हैं तो निश्चित ही कार्यवाही की जायेगी। मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना में पंजीयन की संख्या बढ़ायें। कलेक्टर ने कहा कि स्कूलों में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर सख्ती से कार्यवाही करें, ठीक इसी प्रकार स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में लापरवाही करने वालों पर भी कार्यवाही हो।

वर्तमान में आंखो से संबंधित तथा मौसमी बीमारियों को देखते हुये जिला स्तर पर एक बड़ा हेल्थ केंप करें। इस दौरान ओपीडी व दवाईयों की उपलब्धता के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि यदि आशा कार्यकर्ता की भर्ती पर कोई रोक नहीं है तो आशा कार्यकर्ताओं की पद पूर्ति की जाये। बैठक के दौरान पट्टा वितरण से संबंधित चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि लम्पी वायरस के नियंत्रण के लिये किये जा रहे उपायों को प्रभावी बनायें, इसके लिए टीकाकरण अभियान चलायें। कहां-कहां लम्पी वायरस ज्यादा प्रभावी है, वहां प्राथमिकता से उपचार सुनिश्चित करें।

# प्रथम पॉवर बैडमिंटन प्रतियोगिता में शटल शूटर्स चैंपियन



**जबलपुर, देशबन्धु।** म.प्र. विद्युत कंपनियों के तत्वावधान में आयोजित प्रथम पॉवर बैंडमिंटन प्रतियोगिता का खिताब शटल शूटर्स ने जीत कर चैंपियन होने का गौरव हासिल किया।

ज्योति क्लब रामपुर में खेले गये फाइनल मैच में टीम शटल शूटर्स ने पावर स्मेसर्स को रोमांचक मुकाबले में पराजित किया।तृतीय स्थान पर बैंडमिंटन ब्लेजर्स की टीम रही। प्रतियोगिता का समापन मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी के मुख्य आतिथ्य एवं सचिव ज्योति क्लब चेतन जायसवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के साथ मुख्य अभियंता राजीव श्रीवास्तव, अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेन्द्र कुमार पटेल, महाप्रबंधक अजास्व गुप्ता के द्वारा विजेताओं को पुरूस्कृत किया गया। प्रथम पावर बैडमिंटन प्रतियोगिता को संपन्न कराने में विनय राव, इकबाल खान, विक्रम भास्कर, सुरेश त्रिवेदी, देवेन्द्र चढ़ोकर, अमित चौहान सहित प्रतियोगिता के प्रायोजक ज्योति क्लब एवं पारेख इन्टरप्राईजेस का विशेष सहयोग रहा।



# इनर व्हील क्लब ऑफ मिडटाउन का समारोह आयोजित

**जबलपुर, देशबन्धु।** इनर व्हील क्लब जबलपुर मिडटाउन नेक्स्ट का इंस्टालेशन समारोह 29 जुलाई को लिज्जत पापड़ फैक्ट्री के पास आईएमए हॉल में आयोजित किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्रद्धा मालपानी और सम्मानित अतिथि के रूप में पीडीसी राज रुपरह एवं पीडीसी मनीषा श्रीवास्तव ने समारोह की शोभा बढ़ाई और नए अध्यक्ष डॉ.अबोली पांसे और उनकी टीम सेक्रेटरी साक्षी गुलाटी, उपाध्यक्ष देवांशी शर्मा,आईएसओ लतीफा केसरवानी कोषाध्यक्ष सरिता गुप्ता,संपादक रूपाली बनर्जी मंच का संचालन आयुषी सक्सेना के द्वारा किया गया। भूतपूर्व अध्यक्ष सीमा मेहरोत्रा एवं श्रीमती उर्वशी कैनिया की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# सेन्ट मेरी हायर सेकेन्डरी स्कूल में छात्र परिषद का शपथ ग्रहण



**जबलपुर, देशबन्धु।** सेंट मेरीज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्हीएफजे में वाइस प्रेसिडेंट रेव फादर शाहजी पी जोशुआा तथा प्राचार्या मिनाती एस चार्ल्स के दिशा निर्देशन में छात्र परिषद संघ हेतु शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीएसपी केंट एवं डीएसपी हेड क्वार्टर गढ़ा ब्रांच के सीएसपी तुषार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि रांझी ब्रांच के एएसआई शाहजी मथाई, वाइस प्रेसिडेंट एवं प्राचार्य द्वारा पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को उनके कर्तव्यों से परिचित करवाया। मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा छात्र परिषद संघ के चयनित विद्यार्थियों को बैंचेस, सेशे प्रदान कर शपथ दिलवाई गई। अंग्रेजी माध्यम से शाला नायक एवं शाला नायिका के पदभार क्रमशः कार्तिक वानखेड़े एवं मुस्कान दहिया एवं हिन्दी माध्यम में अखिलेश यादव एवं कशिश अहिरवार द्वारा ग्रहण किया गया । छात्र संघ परिषद के सदस्यों ने शपथ लेकर अपने पद की गरिमा को बनाए रखने एवं विद्यालय के सभी नियमों का पालन करने का आश्वासन दिया। अभिभावक अपने बच्चों को विभिन्न पदों की शपथ लेते देख प्रसन्न चित्त नजर आए। मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यार्थियों को कभी भी आवश्यकता पड़ने पर वे उनसे संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के पश्चात राष्ट्रगीत द्वारा किया गया।

# समरसता यात्रा 5 अगस्त को जबलपुर में आयेगी और 9 अगस्त को कटनी में प्रवेश करेगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में संत शिरोमणि गुरुदेव रविदास समरसता यात्रा का आयोजन 25 जुलाई से 12 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है । इस यात्रा का समापन 12 अगस्त को बड़तूमा जिला सागर में होगा। यह यात्रा 25 जुलाई को बालाघाट जिले से प्रारंभ हुई है। जबलपुर जिले में यह यात्रा 5 अगस्त को आयेगी और 9 अगस्त को कटनी जिले में प्रवेश करेगी। कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने जबलपुर जिले में समरसता यात्रा के दौरान 9 जनसंवाद कार्यक्रम के लिए स्थानों का चयन किया हैं। जिसके तहत 5 अगस्त को दोपहर एक बजे जनसंवाद का कार्यक्रम स्वास्थ्य केंद्र के पास ग्राम पंचायत सूखा चरगांव में होगा। 6 अगस्त को जनसंवाद का कार्यक्रम पाटन नगर में 11 बजे और पनागर नगर में 5 बजे होगा। 7 अगस्त को जनसवाद का कार्यक्रम दीनदयाल मढ़ाताल बस्ती आईटीआई में 11 बजे और बाबूराव परांजपे वार्ड चंडीमाता मेला स्थान में 5 बजे होगा। 8 अगस्त को जनसंवाद का कार्यक्रम चुंगी चौक कांच घर में 11.30 बजे गोकलपुर में 3 बजे और सरस्वती शिशु मंदिर के पास बड़ा पत्थर रांझी में 5 बजे आयोजित होगा। समरसता यात्रा का अगला कार्यक्रम 9 अगस्त को 11. 30 बजे सिहोरा में होगा इसके बाद यह यात्रा कटनी जिले में प्रवेश करेगी।

# 2 अगस्त को मतदान केन्द्रों में फोटो निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया जायेगा

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार सुमन ने कहा कि 2 अगस्त को जिले के सभी मतदान केन्द्रों में निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया जायेगा। प्रकाशित निर्वाचक नामावली के लिये दावे आपत्ति 31 अगस्त तक प्राप्त किये जा सकेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में फोटो निर्वाचक नामावली का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर अपर कलेक्टनर मीशा सिंह सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कलेक्टेर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार सुमन ने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने और संशोधन करने के लिये विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह शिविर 12 अगस्त दिन शनिवार, 13 अगस्त दिन रविवार, 19 अगस्त दिन शनिवार और 20 अगस्ते दिन रविवार को आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि आयोजित कैम्प के दिन बीएलओ अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर आवेदकों के नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन हेतु आवेदन प्राप्त कर कार्यवाही करेंगे। आयोजित कैम्पों में प्राप्त दावे/आपत्तियों का निराकरण 22 सितम्बर तक किया जायेगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 अक्टूबर को किया जायेगा।

### नाम जोड़ने, हटाने व संशोधन करने के लिये चार विशेष शिविर लगाये जायेंगे

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार सुमन ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र पाटन, बरगी, जबलपुर पूर्व, जबलपुर उत्तर और सिहोरा में मतदान केन्द्रों की वृद्धि/कमी नहीं हुई है। इसी प्रकार से जबलपुर केंट में 3 मतदान केन्द्रों की वृद्धि और 6 मतदान केन्द्रों की कमी, जबलपुर पश्चिम में 5 मतदान केन्द्रों की वृद्धि और 9 मतदान केन्द्रों की कमी, पनागर में 4 मतदान केन्द्रों की वृद्धि हुई है।

विधानसभावार मतदान केन्द्रोंप की संख्याई पाटन में 303, बरगी में 286, जबलपुर पूर्व में 224, जबलपुर उत्तर में 240, जबलपुर केंट में 213, जबलपुर पश्चिम में 272, पनागर में 310 और सिहोरा में 282 हो गई है।



फूड कल्चर मूव टू डाइनिंग, रील्स ने बढ़ाया फूडीज का ग्राफ

## शहर में राइज अप हुआ फूड कल्चर, ऑलटाइम झटपट डिशेज बनीं लोगों की फेवरिट

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहरवासी फूडीज हैं। उन्हें आउटिंग, ट्रीट और पार्टी के नाम पर झटपट डिशेज खाना पसंद है। यही वजह है कि शहर में साल दर साल फूड कल्चर तेजी से राइज अप हुआ है। असर यह है कि शहर की हर गली और नुक्कड़ पर फास्ट फूड के फूड कोर्ट ओपन हो चुके हैं। कहीं फूड ऑन व्हील्स का कॉन्सेप्ट नजर आ रहा है, तो कहीं फूड कोर्ट में लोग इनोवेटिव और टेस्टी डिशेज का मजा लेने पहुंच जाते हैं। कोरोना काल में ऑनलाइन फूड सर्विस का ट्रेंड बढ़ा था, लेकिन स्थिति सामान्य होने के बाद लोग दोबारा डाइनिंग कल्चर की ओर मूव ऑन कर चुके हैं। इसके कारण लोग फूडीज बन रहे हैं।



### बारिश में बढ़ जाता खानपान

चटर-पटर फूड में गरमागरम डिशेज का जायका लेने वाले शहरवासी बारिश के दिनों और एक्टिव हो जाते हैं। इसके चलते गोलगप्पे, चाट, पकौड़े, समोसे, आलूबंडे और पेटीज के साथ क्रंची मोमोज, डोसा, नूडल्स, पावभाजी का मजा लेने भी बारिश में अधिक पसंद करते हैं। फूड कोर्ट संचालक अद्वितीय सिंह का कहना है आमदिनों की अपेक्षा रेनी सीजन में 60 फीसदी तक लोगों की संख्या में इजाफा हो जाता है।

### इनावेशन ने बढ़ाई दीवानगी

फूड में इन दिनों लगातार इनोवेशन हो रहे हैं। इसके चलते इंडियन डिशेज के साथ-साथ इटेलियन, कॉन्टीनेंटल, मैक्सिकन और अरेबिक फूड में टेस्ट का इनोवेशन किया जा रहा है। कुल्हड़ पिज्जा, ट्राइएंगल डोसा, चीज केक, बुफे सिस्टम, प्लेटर सिस्टम, तंदूर मोमोज जैसे इनोवेशन किए जा रहे हैं।

### फूड ब्लॉगर्स पहुंचा रहे टेस्ट

लोगों को फूड लवर्स बनाने का अहम काम फूड ब्लॉगर्स और सोशल मीडिया इन्फ्लूएंजर्स कर रहे हैं। रोजाना इंस्टाग्राम में इनके द्वारा फूड बेस्ड रील्स और जानकारी पोस्ट की जाती है, जिसके रीव्यू के बाद जबलपुरियंस इन फूड कोर्ट और स्टॉल्स का रुख कर रहे हैं।

#### ऑलटाइम फेवरिट फूड

- गोलगप्पे, चाट
- समोसे, आलूबंडे
- मोमोज, नूडल्स
- इडली, डोसा
- पावभाजी, भेल
- बर्गर, पिज्जा
- पराठे, नान, कुलचा

#### यहां फूडीज का जमावड़ा

- सिविक सेंटर
- विजय नगर
- सदर
- सिविल लाइंस
- अधारताल
- गोरखपुर
- गौरीघाट
- तिलवारा

## श्री मंगलनाथ महादेव मंदिर परिसर में श्री शिव महापुराण का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रावणमास, पुरूषोत्तमास पावन पुण्य वृद्धियोग ने संजीवनी नगर शिव परिसर में 90 क्वार्टर के पास स्थित श्री मंगलनाथ महादेव मंदिर परिसर में सार्वजनिक श्री शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन श्री मंगलनाथ मंदिर निर्माण समिति शुभपरिसर के समस्त भक्त एवं श्याम महिला मंडल 90 क्वार्टर व समस्त क्षेत्रवासी द्वारा कराया जा रहा है। यह आयोजन 28 जुलाई से शुरू हो चुका है और 3 अगस्त तक इसका आयोजन किया जा रहा है। सुबह 10 बजे से 12 बजे तक शिव रूद्री निर्माण रूद्राभिषेक शिव अर्चन किया जा रहा है एवं कथा शाम 4 बजे से भक्तजनों को सुनाई जा रही है आज सावन सोमवार के दिन शिव महापुराण कथा में पार्वती जन्म का प्रसंग भक्तगणों को सुनाया गया, जिसे सुनकर भक्त न सिर्फ मंत्रमुक्त हो गए बल्कि भक्ति में झूमे और नाच भी उठे। मंगलवार के दिन शिव पार्वती विवाह का प्रसंग भक्तगणों को सुनाया जायेगा। कथाव्यास शुरू श्री कृष्ण प्रकाश राधे महाराज वृंदावन जबलपुर द्वारा शिवमहापुराण की कथा भक्तगणों को सुनाई जा रही है। 4 अगस्त को हवन, प्रसाद वितरण के साथ कन्या भोजन का आयोजन किया गया।

## आयुषी धरा कॉलोनी सगड़ा शिव मंदिर में गूंजे, हर-हर महादेव के जयकारे

**जबलपुर,देशबन्धु।** श्रावण मास के चौथे सोमवार को आयुषी धरा कॉलोनी के संकीर्तन मंडल सगड़ा के दुर्गा शिव मंदिर में पंडित आचार्य वंशीधार तिवारी के तत्वाधान में भगवान शिव की पूजा अर्चना के क्रम में भगवान भोलेनाथ का महारूद्ध अभिषेक पंडित आचार्य वंशीधार तिवारी ने बताया कि सृष्टि का पहला अभिषेक भगवान ब्रम्हा एवं भगवान विष्णु ने साथ मिलकर किया था संकीर्तन और भक्ति के द्वारा प्राणियों का उद्धार होता है रूद्र अभिषेक के पश्चात महा आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया जिस दौरान राजा मिश्रा, अवधेश खरे, शलनी मिश्रा, उषा खरे, सविता श्रीवास्तव, संध्या पटेल, ब्रजेश खरे, आशा मिश्रा, सगुन मिश्रा, बबली प्रगति, मिश्रा अन्य उपस्थित रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कटंगी रोड़ में आज से

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रावण मास के पावन मौके पर होटल मिड जर्नी हल्दी राम गोदाम कटंगी रोड में आज 1 अगस्त से 8 अगस्त तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। व्यास पीठ से कथा वाचक सचिन महाराज प्रवचन देंगे। दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक कथा का वाचन किया जायेगा। सावन के झूले भी यहां लगाये जा रहे हैं। 9 अगस्त को पूर्ण आहूति के साथ भंडारा का आयोजन किया गया है। कलश यात्रा दोपहर 3 बजे खेरमाई मंदिर से शुरू होगी। दिल्ली के सुप्रसिद्ध कलाकार मोनू एवं उनके साथियों द्वारा झांकी और नृत्य की प्रस्तुती की जायेगी। आयोजन समिति ने भक्तों से उपस्थिति का आग्रह किया है।



## सरल भाषा प्रेमचंद की विशेषता रही है

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुंशी प्रेमचंद श्रेष्ठ कथाकारों में से हैं। उनकी रचनाएं यथार्थवादी हैं, वहीं आम व्यक्ति की विडंबनाओं को अत्यंत मार्मिक ढंग से चित्रित किया है। इसलिए प्रेमचंद को कथा सम्राट कहा जाता है, क्योंकि सरल भाषा ही उनकी विशेषता रही है। यह बात वक्ताओं ने शासकीय महाकोशल कॉलेज में मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर आधारित कार्यक्रम में कही। इस मौके पर विभागाध्यक्ष प्रो. वंदना शुक्ला, डॉ. तृप्ति उकास, डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा, डॉ. तरूणेद्र साकेत, सुषमा मौर्या, हरीश झारिया मौजूद थे।



## गुजरात में मिला सम्मान

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर के पर्यटन विशेषज्ञ लक्ष्मी कांत शर्मा को गुजरात के पर्यटन विभाग द्वारा सम्मानित किया गया।

उन्होंने लखनऊ में आयोजित हुए कार्यक्रम में जबलपुर से गांधी जुड़ाव, स्मारक और जबलपुर विकास में गुजराती समाज के योगदान पर वक्तत्व दिया था।

## बाढ़ में रस्सी बचाव तकनीक अपनाए

**जबलपुर, देशबन्धु।** एसडीईआरएफ और एनडीआरएफ की टीम द्वारा गवर्नमेंट साइंस कॉलेज में आपदा प्रबंधन पर कार्यशाला सम्पन्न हुई। प्रशिक्षक कमांडर एसआई सुधीर कुमार सिंह, एसआई संतोष कुमार, एसआई सुमित कुमार ओझा व एएसआई अवनीश कुमार ओझा ने भूकंप, आकाशीय बिजली, अग्नि दुर्घटना, बाढ़ जैसी आपदाओं से बचाव के उपाय बताए। छात्रों को स्ट्रेचर बनाना, सीपीआर देना, रस्सी बचाओ तकनीक से भी रूबरू करवाया गया। सूर्यांश रघुवंशी, शरद श्रीवास्तव, डॉ. रोहिणी सिंह, डॉ. समृद्धि परांजपे, डॉ. रचना सांचा, डॉ. डीके कोष्टा, डॉ. रंजू कान्द्रा, डॉ. जया वाजपेई, डॉ. मनीष शर्मा मौजूद थीं।






## देहरादून में जीती इंग्लिश डिबेट

**जबलपुर, देशबन्धु।** आर्मी पब्लिक स्कूल क्रमांक 2 के छात्रों ने देहरादून में आयोजित हुई अंतर संकुल वाद-विवाद प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर इंग्लिश डिबेट कॉम्पीशिन में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के पक्ष में अभिनय खत्री, विपक्ष में नित्या भिड़े, प्रश्नकर्ता आदित्य गगेन ने बेहतरीन प्रदर्शन देकर जीत दर्ज की। इसी क्रम में हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता के पक्ष में तारुषि परमार, प्रश्नकर्ता टिया सिंह, विपक्ष में विक्रम सिंह ने तृतीय स्थान हासिल किया।

### दैनिक राशिफल

**मंगलवार 01 अगस्त 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। श्रावण शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा। नक्षत्र-उ.भा.।**

मेष -आपका दिन औसत फलदायी है। परिजनों के साथ बैठकर आप महत्वपूर्ण चर्चा करेंगे। घर की साज-सज्जा में आपको परिवर्तन की इच्छा होगी। ऑफिस या व्यवसाय में अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हो सकती है।

वृषभ -आज का दिन आपके लिए मिश्र फलदायी रहेगा। व्यापारी अपने व्यापार में धन लगाकर नए कार्य का प्रारंभ कर सकेंगे और भविष्य के लिए योजना भी बना पाएंगे। विदेशगमन की संभावना भी है।

मिथुन -नकारात्मक विचारों से आप आज दूर रहें। नए काम की शुरुआत आज बिल्कुल ना करें। गुस्से की भावना को संयम में नहीं रखेंगे, वाद-विवाद बड़े झगड़ों का रूप ले सकता है। **क. 770-588**

कर्क -वैभवी जीवन शैली तथा मनोरंजक प्रवृत्तियों से आज आप आनंदित रहेंगे। व्यापार में आप को लाभ होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। यात्रा या प्रवास का आयोजन कर सकेंगे।

सिंह -आपका आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ वाणी में संयम बरतें। दैनिक काम में विघ्न आ सकते हैं। काम समय पर पूरा कर पाने की स्थिति में रहेंगे।

कन्या -आज आपको किसी भी तरह के कलह और चर्चा से दूर रहना चाहिए। आकस्मिक धन खर्च की संभावना है। विद्यार्थियों का पढ़ाई में मन नहीं लगेगा। प्रियजन के साथ हुई मुलाकात से मन आनंदित रहेगा।

तुला -आपके लिए समय शुभ है। किसी बात को लेकर मन ज्यादा इमोशनल रहेगा। शारीरिक ताज़गी का अभाव रहेगा। मानसिक चिंता भी रहेगी। धन और यश की हानि हो सकती है। मां के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

वृश्चिक -नए काम की शुरुआत के लिए आज का दिन शुभ है। दिनभर मन की प्रसन्नता बनी रहेगी। भाई-बंधुओं के साथ कोई आवश्यक चर्चा करेंगे। आर्थिक लाभ तथा भाग्यवृद्धि के योग हैं। किसी छोटी यात्रा का आयोजन हो सकता है।

धनु -आज का दिन मध्यम फलदायी हैं। निरर्थक व्यय होगा। मन में ग्लानि रहेगी। परिजनों के साथ गलतफहमी के कारण मनमुटाव हो सकते हैं। कामों में मनवांछित सफलता नहीं मिल पाएगी। दुविधायुक्त मनोदशा के कारण निर्णय नहीं ले पाएंगे।

मकर -आज का दिन ईश्वर के स्मरण में बीतेगा। धार्मिक काम में आप व्यस्त रहेंगे। नौकरी-व्यवसाय में भी अनुकूल परिस्थिति रहेगी। आज आपके हर काम सरलता से पूरे होंगे। मान-सम्मान मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

कुंभ -स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बने रहें। मानसिक स्वास्थ्य में कमी रहेगी। कोर्ट-कचहरी की झंझट में न फंसें। अनुचित स्थान पर पूंजी-निवेश हो सकती है, इसलिए विशेषज्ञ की सलाह से काम करें।

मीन -आज आप पारिवारिक तथा सामाजिक बातों में व्यस्त रहने वाले हैं। मित्रों से मुलाकात होगी। उनके पीछे धन खर्च करना होगा। किसी खास जगह पर जाना हो सकता है। प्रत्येक काम में आपको लाभ होगा। **मा. 157-244**

**2,4,6,7,29,44,68,75,94,18,32,89**



श्रावण मास में गुप्तेश्वर महादेव मंदिर जबलपुर में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अभिषेक कर पूजन अर्चन की।

## सूफी गुल मियां के उर्स में मुसालमा सम्पन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** हिंदुस्तान के मशहूर सूफी हज़रत सैय्यद गुल अशरफी के उर्स के मौके पर गतरात्रि यादें इमाम हुसैन मे मुसालमा का आयोजन किया गया। हज़रत सैय्यद फहीम अशरफ जिलानी की सरपरस्ती मे आयोजित मुसालमे की शुरुआत मे कारी अहमद साहब ने कुरान पाक की तिलावत से मुसालमे की आगाजियत की। मुख़्तार नादिर की निज़ामत मे शोहारा हज़रात ने एक से एक शेर पेश किए जिसमे अक़ीदतमंदो ने दिल खोलकर नज़राना पेश किया। मुसालमे मे सैय्यद अशद रब्बानी, फारुख अशरफी, शाकिर अशरफी, अधिवक्ता मो.आलमगीर अशरफी, अर्शद अशरफी सहित सेकडो अक़ीदतमंद मौजूद रहे। गौसे किछोछा एकेडमी के मेम्बरान ने मेहमान हज़रात का इस्तकबाल कर शुक्रिया अदा किया। आज सोमवार को दोपहर बाद नमाज़ जुहर मंडी मदार टेकरी स्थित दादा मियां के अस्ताने मे चादर पोशी की गई व मुल्क की तरक़्क़ी और खुशहाली की दुआएँ मांगी गई एवं लंगर तक़सीम किया गया। बाद नमाज़ मगरिब कुरान ख़ूवानी का एहतेमाम किया गया।

## याचक बनकर ग्रहण करें सत्कर्मो का दान : स्वामी नरसिंह दास

**जबलपुर, देशबन्धु।** भगवान शिव नीलकंठेश्वर स्वरूप में जगत को संदेश दिया है कि सदैव सद्गुणों को ग्रहण करना चाहिए । सत्कर्मो , सद्गुणों और सामाजिक कार्य जिसमें जग कल्याण की भावना हों उनको सदैव याचक बनकर मिलें हुए दान स्वरूप हर सनातनी को लेना चाहिए। दुर्गुणों को छोड़ देना। सद्गुणों से पुण्यार्जन होता है उक्त उद्गार नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह दास जी महाराज ने नरसिंह मंदिर गीता धाम में पुरूषोत्तम श्रावण मास महोत्सव के अवसर पर आयोजित पारदेश्वर महादेव शंभो की षोणषोपचार पूजन, 108 शिवनामार्चन, रूद्राभिषेक में कहे।



श्रावण महोत्सव रूद्राभिषेक पूजन श्याम साहनी, एड पूनम साहनी, डॉ. संदीप मिश्रा, आरती, इंदु राजेन्द्र प्यासी, आचार्य रामफल शास्त्री, कामता शास्त्री, एस बी मिश्रा,चन्द्रप्रकाश महाराज, रामजी ,लालमणि मिश्रा,प्रियांशु हिमाशु ,संदीप ,सुनील प्रवीन चतुर्वेदी, अमित शास्त्री सहित नरसिंह मंदिर गीता धाम भक्त मंडल, के श्रृध्दालु जन उपस्थित रहे। श्रावण पुरूषोत्तम मास के अवसर पर विशेष अनुष्ठान प्रात काल 9 बजे से नरसिंह मंदिर सायं काल 5 बजे से गीता धाम में प्रतिदिन आयोजित हो रहे है। श्रृध्दालु जनों से उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने का आग्रह श्री सनातन धर्म महासभा, नरसिंह मंदिर गीता धाम भक्त परिवार ने किया है।

## मजदूर संघ के उम्मीदवार नहीं दे पा रहे मतदाताओं के उत्तर

**जबलपुर,देशबन्धु।** 3 अगस्त को होने वाले सीनियर इंस्ट्रीट्यूट के होने वाले चुनाव में मजदूर संघ के उम्मीदवार मतदाताओं के प्रश्नों को उत्तर नहीं दे पा रहे है। मतदाताओं के साधारण प्रश्नों के उत्तर उम्मीदवारों पर भारी पड़ रहे है। कोई पूछ रहा है पिछले चुनाव में कहां थे? तो कोई पूछ रहा है इस बार का उपहार कहां है?

मतदाताओं से बातचीत के दौरान स्पष्ट प्रतीत होता है कि मतदाता इस बार परिवर्तन चाहते है हमारे संवाददाता ने जब मतदाताओं से बातचीत की तो एक मतदाता ने बताया कि हम सदस्य होकर भी सीनियर इंस्ट्रीट्यूट में नहीं जा सकते है। हम सदस्य है फिर भी हमारे लिए हमेशा ताला लगा रहता है। चौकीदार एक तो मिलता नहीं है,यदि कभी मिल भी जाये तो कहता है, चाभी तो चौकसे जी के पास है। सीनियर इंस्ट्रीट्यूट को बरातघर बना दिया गया है।

मतदाताओं ने बताया कि आज तक कभी भी आम सभा की बैठक नहीं बुलाई गई यदि बुलाई भी गई है तो हमें उसकी सूचना नहीं दी गई है। कभी भी आय-व्यय का ब्यौरा नहीं दिया गया है। एक मतदाता ने अपनी पे स्लिप दिखाई और बताया कि मेरे पैसे कट रहे हैं,लेकिन मेरा नाम लिस्ट में नहीं है। एक मतदाता ने मजदूर संघ के उम्मीदवार से पूछा कि सीनियर इंस्ट्रीट्यूट के चुनाव भी होते है क्या? हमें तो मालूम ही नहीं था। आस पास के कालोनी में रहने वाले सीनियर इंस्ट्रीट्यूट के सदस्य का कहना है कि शादीयों की तिथियों में रहना मुश्किल हो जाता है, इसकी शिकायत सचिव से की तो उन्होंने बताया कि इंस्ट्रीट्यूट के रखरखाव के लिए धन की आवश्यकता होती है इसलिए किराये पर देते है। आय-व्यय का ब्यौरा मांगा तो देने से मना कर दिया । अगर यही लोग चुनकर आते है तो वहीं सब होगा जो होता आ रहा है।

सीनियर इंस्ट्रीट्यूट के चुनाव में इस बार के नतीजे चौकाने वाले होंगे, एक तरफ तो वर्षों से जमे पश्चिम मध्य रेल मजदूर संघ के वर्तमान कार्यकारिणी है तो दूसरी तरफ इन सभी अनियमितताओं एवं धांधलियों के विरूद्ध खड़े सामान्य सदस्य। सामान्य सदस्य इस बार मतदाता को लेकर काफी उत्साहित है एवं परिवर्तन के लिए तैयार हैं।

## निधन

ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान

### श्रीमती अलका श्रीवास्तव का निधन

**जबलपुर, देशबन्धु।** शिव नगर निवासी नगर निगम के पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी स्व. डॉ. आर.एस. श्रीवास्तव की धर्मपत्नि डॉ. श्रीमती अलका श्रीवास्तव का आज दिनांक 31 को इलाज के दौरान 72 वर्ष की आयु में दु:खद निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास स्थान एम.आई.जी.- 24 शिव नगर, दमोहनाका से ग्वारीघाट मुक्तिधाम में जाकर विधि विधान के अनुरूप अंतिम संस्कार सम्पन्न हुआ। इस मौके पर पुत्र डॉ. वैभव श्रीवास्तव एवं पुत्री डॉ. विभू श्रीवास्तव ने माता जी श्रीमती अलका श्रीवास्तव को एक साथ मुखाग्नि दी।



**श्री सुशील बेन-** शंकरशाह नगर बेन मोहल्ला रामपुर निवासी श्री सुशील बेन (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सौरभ कोरी-** गोरखपुर खेरमाई मंदिर के पीछे निवासी श्री सुनील कोरी के पुत्र श्री सौरभ कोरी (17) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती नरबदी पटेल-** सिद्धबाबा पटेल मोहल्ला निवासी श्री रामानंद सिंह पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती नरबदी पटेल (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अरूण भौमिक-** चिमनी प्लाट महानद्दा निवासी श्री अरूण भौमिक (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती भागवती बाई चौधरी-** भानतलैया खेरमाई मंदिर के पास निवासी श्री मेवालाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती भागवती बाई चौधरी (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती ममता पटेल-** छुई खदान मड़ैया जीसीएफ राम मंदिर के पीछे निवासी श्री मनीराम पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती ममता पटेल (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रिषी रजक-** गोपाल होटल लालमाटी निवासी श्री राजकुमार रजक के पुत्र श्री रिषी रजक (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पतिराज यादव-** नानक नगर रांझी मानेगांव निवासी श्री पतिराज यादव (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# युवाओं को दवाई के नाम पर नशीले सिरप बेचने वालों पर पुलिस का शिकंजा

## 12 लाख की नशीला सिरप की खेप बरामद

**जबलपुर,सतना, देशबन्धु।** भोपाल से कोरियर सर्विस के वाहन से नशे की 7200 शीशी सिरप लेकर जा रहे तीन तस्करों को मैहर पुलिस ने गिरफ्तार किया है. भोपाल से जबलपुर होते हुए उक्त नशीले सिरप सतना पहुंचाए जाना थे। पकड़े गए तीनों तस्कर भोपाल व सीहोर के रहने वाले बताए जा रहे है।

पुलिस के अनुसार भोपाल से कोरियर सर्विस वाहन में 60 पेटियों में 7200 शीशी नशीला सिरप अनारेक्स लेकर कमल पिता रामसिंह साहू 34 वर्ष निवासी ग्राम कलारा थाना गुनगा हाल शिवनगर यादव मैरिज गार्डन के पास थाना छोला भोपाल, सोमचंद्र पिता हजारीलाल वंशकार 42 वर्ष निवासी ग्राम मैना थाना आष्टा जिला सीहोर हाल टीला जमालपुरा शीतला माता मंदिर के पास भोपाल एवं नरेश पिता मांगीलाल साहू 30 वर्ष निवासी जीनियस विद्यालय के सामने विदिशा रोड कल्याण नगर भोपाल रवाना हुए। जबलपुर से होते हुए जब वे मैहर पहुंचे तो पुलिस ने उक्त कोरियर कंपनी के वाहन को रोका तो चालक ने वाहन






### भोपाल से जबलपुर और सतना तक जुड़े है तार

की गति और तेज कर दी. आगे ट्रेफिक जाम होने के कारण कोरियर वाहन रुक गया, पुलिस पीछा करते हुए आई और वाहन को रोककर तीनों तस्करों को पकड़ लिया. वाहन की तलाशी लेने पर बोरियों में भरी रखी 60 पेटियां बरामद कर ली गई। तस्करों ने उक्त पेटियों को सफेद बोरी में इसलिए रखा था ताकि लोग समझे कि कोरियर का सामान रखा हुआ है। पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर सिरप व वाहन को जब्त कर धारा 8बी/21,22 एनडीपीएस एक्ट एवं 5/13 ड्रग कंट्रोल अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## टाइगर स्टेट के दर्जे के बावजूद टाइगर सफारी प्रोजेक्ट की अनदेखी : भनोत

**जबलपुर,देशबन्धु।** कमलनाथ के नेतृत्व में वित्त मंत्री रहते हुए जबलपुर की महत्वाकांक्षी परियोजना डुमना नेचर सफारी की मांग पूरी की गई थी। इस प्रोजेक्ट के लिए न केवल आवश्यक औपचारिकताएं और सहमतियां प्राप्त की गई थी, बल्कि बजट वर्ष 2019-20 में इस परियोजना को प्रारम्भिक राशि के रूप में 10 करोड़ रुपये के बजट की भी घोषणा की गई थी। किन्तु, भाजपा द्वारा विधायकों की खरीद-फरोख्त कर आलोकतंत्रिक रूप से प्रदेश की चुनी हुई सरकार को गिराई गई और जबलपुर के विकास के लिए कांग्रेस सरकार के दौरान स्वीकृत सभी परियोजनाओं को राजनैतिक पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर शहर के साथ खुलेतौर पर भेदभाव किया जा रहा है। उक्त आरोप प्रदेश सरकार में पूर्व वित्त मंत्री एवं जबलपुर पश्चिम से विधायक तरुण भनोत द्वारा डुमना नेचर सफारी प्रोजेक्ट के अनदेखी के खिलाफ प्रदेश की भाजपा सरकार पर लगाया है। श्री भनोत ने बताया कि एक तरफ सरकार टाइगर स्टेट के दर्जे को लेकर अपनी पीठ थपथपा रही है वही बजट आवंटन के बावजूद डुमना नेचर सफारी जैसी परियोजना को लेकर जानबूझकर अनदेखी कर रही है, जबकि डुमना में नेचर सफारी के निर्माण से देश के पर्यटन मानचित्र पर जबलपुर को एक नई पहचान मिलेगी।



देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को डुमना नेचर सफारी के रूप में एक बेहतर पर्यटन स्थल के साथ जबलपुर में ठहरने का अवसर मिलेगा। डुमना नेचर सफारी से आकर्षित पर्यटकों के आवागमन से स्थानीय स्तर पर बेरोजगार नौजवानों को स्व-रोजगार सृजन का अवसर मिलेगा और शहर की एक बड़ी आबादी सीधे तौर पर इस परियोजना के पूरा होने से लाभान्वित होंगी ।



## छात्रों की तैयारी परखने होगा टेस्ट

**जबलपुर,देशबन्धु।** छात्रों की तैयारी को गति देने और अकादमिक रूप से सटीकता लाने के लिए नारायण एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस द्वारा स्कॉलैस्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट आयोजित किया जा रहा है। एन-एस-ए-टी- की 18 वीं श्रृंखला द्वारा छात्रों को अपनी तैयारी को परखने का मौका मिलेगा। एन-एस-ए-टी-एक बहुप्रतीक्षित वार्षिक परीक्षा है जिसका उद्देश्य देश भर के युवा छात्रों की शैक्षणिक प्रतिभा निखारना पुरस्कृत कर और उन्हें प्रेरित करना है। यह कक्षा 7 वीं से 11 वीं (विज्ञान) के छात्रों के लिए अपने नॉलेज, थिंकिंग और अपने सहकर्मी समूह के बीच समस्या, समाधान क्षमताओं का परीक्षण करने में मददगार है। जिससे राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा को एक मंच मिले। अपने समृद्ध इतिहास और अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ एन-एस-ए-टी- ने लगातार छात्रों को अपनी वास्तविक क्षमता बढ़ाने और इस्तेमाल करने के अवसर प्रदान किए हैं।



## पमरे मुख्यालय में 01 अधिकारी एवं 03 कर्मचारी हुए सेवानिवृत

**जबलपुर,देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल के मुख्यालय में 31 जुलाई 2023 को 01 अधिकारी एवं 03 कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति हुई। इसके अलावा भोपाल, जबलपुर एवं कोटा मण्डलों में माह के अंतिम दिन कुल 168 रेलकर्मी सेवा निवृत्त हुए।

मुख्यालय में आयोजित गरिमामय समारोह में महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में अपर महाप्रबंधक आर. एस. सक्सेना द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी उप मुख्य यांत्रिकी इंजीनियर नरेंद्र कुमार मिश्रा सहित अन्य रेलकर्मियों को सेवानिवृत्ति संबंधित दस्तावेज एवं गोल्ड प्लेटेड सिल्वर मेडल प्रदान किए गए। सेवानिवृत्त रेल कर्मियों को उनकी सेवानिवृत्ति पर रेल प्रशासन की ओर से स्वस्थ, समृद्ध एवं सुखी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गईं। महाप्रबन्धक कार्यालय में आज सेवानिवृत्त तीन कर्मचारियों में मुख्य कार्यालय अधीक्षक मोहम्मद अफज़ल सिद्दिकी, जूनियर इंजीनियरगोविन्द दास गुप्ता और लेखा सहायक श्रुन्नालाल रजक का नाम शामिल है।

## भाजपा दिल्ली महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का दो दिवसीय प्रवास आज से



**जबलपुर,देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवास कार्यक्रम के अंतर्गत महिला मोर्चा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष योगिता सिंह का मंगलवार 1 अगस्त को प्रात: 9 बजे नियमित उड़ान से जबलपुर आगमन हो रहा है।

महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रूपा राव ने बताया योगिता सिंह प्रवास कार्यक्रम के दौरान 1 एवं 2 अगस्त को जबलपुर प्रवास पर रहेगी, इस दौरान श्रीमती सिंह जबलपुर महानगर की चारो विधानसभा की महिला मोर्चा की पदाधिकारियों एवँ कार्यकर्ताओं से भेंट करेगी तथा आगामी चुनाव में महिला मोर्चा की भागीदारी और मोटा अनाज उत्सव कार्यक्रम की जानकारी लेंगी।

## दानापुर-एसएमवी बेंगलुरु-दानापुर एसी सुपरफास्ट साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर ,देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 03241/03242 दानापुर-एसएमवी बेंगलुरु-दानापुर के मध्य 05-05 ट्रिप एसी सुपरफास्ट साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है, जो पमरे के सतना, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशन पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 03241 दानापुर-एसएमवी बेंगलुरु एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 28 जुलाई से 25 अगस्त तक (शुक्रवार) को दानापुर स्टेशन से 15:00 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सतना 00:13 बजे, जबलपुर 3:05 बजे, इटारसी 07:00 बजे और तीसरे दिन 13:00 बजे एसएमवी बेंगलुरु स्टेशन पहुंचेगी।

## नर्मदा स्वर्ण कलश पंचकोसी 108 परिक्रमा आज

**जबलपुर,देशबन्धु।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा में चतुर्मास विश्राम है 1 अगस्त दिन मंगलवार अधिमास पूर्णिमा के अवसर पर प्रात: 7:00 बजे नर्मदा स्वर्ण कलश लड्डू गोपाल तुलसी मैया राधा रानी की एक साथ 108 परिक्रमा संकीर्तन के साथ की जाएगी। आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज के सानिध्य में भजन कीर्तन के साथ भंडारे का आयोजन होगा, नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल अध्यक्ष डॉक्टर शिव शंकर पटेल संकीर्तन आचार्य मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल मनोज गुलाबवानी से सह सकीर्तन आचार्य सुरेश विश्वकर्मा आदि ने की है।





# सतना से जबलपुर आ रहा जेल वाहन ट्रक से टकराया, 6 पुलिस कर्मी गंभीर

**जबलपुर/कटनी,देशबन्धु।** सतना से बंदियों को लेकर जबलपुर आ रहा जेल वाहन बेला-कटनी मार्ग पर अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गया। हादसे में चालक सहित 6 पुलिस कर्मियों व बंदियों को चोटें आई है। हादसे की खबर मिलते ही आसपास के लोगों सहित पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। जिन्होने घायलों को सतना के जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर दो की हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार केन्द्रीय जेल सतना से बंदियों को लेकर जेल वाहन जबलपुर व नरसिंहपुर के लिए रवाना हुआ। वाहन जब बेला रोड से कटनी की ओर बढ़ रहा था, इस दौरान आगे जा रहे ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। जिससे वाहन चालक सम्हल नहीं पाया और ट्रक से टकरा गया, ट्रक के पिछले हिस्से से टकराने के कारण जेल वाहन के परखच्चे उड़ गए, वहीं वाहन में सवार चालक सहित 6 पुलिस कर्मियों के शरीर पर गंभीर चोटें आई, इसके अलावा बंदियों के शरीर पर भी मामूली चोटें आई है।

दुर्घटना होते देख राह चलते लोगों सहित आसपास के लोग भी रुक गए, जिनकी सूचना पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने घायल पुलिस कर्मियों व बंदियों को मैहर के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर दो पुलिस कर्मियों की हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद सतना के शासकीय अस्पताल रेफर किया गया. जहां पर पुलिस कर्मियों की हालत को देखते हुए डाक्टरों की टीम उपचार में जुट गई।

**इन पुलिस कर्मियों को चोटें आई है**-पुलिस अधिकारियों की माने तो दुर्घटना में एएसआई पुष्पराजसिंह, प्रधान आरक्षक मनोजसिंह परिहार, आरक्षक दयाशंकर पटेल, ज्ञानप्रताप सिंह, कुलदीप सिंह, व चालक राजेश चोटें आई हैं, घायलों को अमदरा पुलिस ने मैहर के सिविल अस्पताल पहुंचाया. जहां पर प्रधान आरक्षक मनोज सिंह व चालक राजेश कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद सतना के शासकीय अस्पताल रेफर किया गया।

**एक बंदी व एक कैदी को लेकर जा रहा था वाहन**-पुलिस अधिकारियों की माने तो सतना सेंट्रल जेल से कैदी नीरज बबुआ को नरसिंहपुर जेल में शिफ्ट करना था. वहीं विचाराधीन बंदी ऋतुराज की हाईकोर्ट में पेशी थी, जिसके चलते उसे जबलपुर लेकर जा रहे थे।



## ग्राहक पंचायत की बैठक में उपयोगी निर्णय

**जबलपुर,देशबन्धु।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महानगर जबलपुर की सामान्य सभा प्रांतीय कार्यालय 311,बिंद्रा हाउस ,प्रेमनगर गुरुद्वारा के पास,दशमेश द्वार संपन्न हुई। सभा में निम्न बिंदुओ पर चर्चा हुई। जुलाई माह में किए गए ग्राहक जागरूकता/सेवा कार्य/पर्यावरण आयोजन की जानकारी सभा को दी गई। अगस्त माह में प्रस्तावित आयोजन जैसे सदस्यता अभियान, ग्राहक/नागरिकों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं (जन हित) के लिए संबंधित अधिकारियों से संपर्क,स्कूल में छात्राओं से रक्षा डोरी/राखी निर्माण करवाने के लिए प्रोत्साहन आयोजन,मिलावट पर खाद्य अधिकारी को ज्ञापन पर चर्चा पर चर्चा की गई।

**सभा में आमंत्रित मुख्य अतिथि**-परविंदर जीत सिंह बिंद्रा प्रान्त अध्यक्ष के साथ चरन जीत सिंघ अरोरा महानगर अध्यक्ष, पी के अग्रवाल सचिव,भुवन,सुरेश महोबे,डॉक्टर ए एन तिवारी,सुरजीत सिंह उपस्थित थे। वक्ताओं ने अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के मूल मंत्र को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# पटवारी भर्ती पर लगी रोक को हाईकोर्ट में चुनौती

### अनावेदकों को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रदेश में बहुचर्चित पटवारी भर्ती पर लगी रोक को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। सोमवार को जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। दायर मामले में कहा गया कि राजनीतिक लाभ के कारण प्रक्रिया को निरस्त किया गया है। एकलपीठ ने मामले में राज्य सरकार व कर्मचारी चयन मंडल को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 21 अगस्त को निर्धारित की है।

याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी प्रयागराज दुबे की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि वह पटवारी चयन परीक्षा में शामिल हुआ है और ईडब्ल्यूएस वर्ग का अभ्यार्थी था। उसे परीक्षा में 88.86 अंक प्राप्त हुए थे। उसे चयन का पूरा भरोसा था। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने राजनीतिक लाभ लेने के लिए पटवारी चयन प्रक्रिया की पूरी प्रक्रिया पर रोक लगा दी। मुख्यमंत्री ने स्वंय इस बात को स्वीकार किया है कि गड़बड़ी सिर्फ एक केन्द्र में हुई है। एक केंद्र में गड़बड़ी के कारण पूरी प्रक्रिया पर रोक लगाना अवैधानिक है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता आदित्य संघी ने पक्ष रखते हुए न्यायालय को बताया कि मुख्यमंत्री ने अपने अधिकारों से बाहर जाकर पटवारी भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाई है। जबकि सिर्फकर्मचारी चयन मंडल को ही भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाने का अधिकार है। सीएम को यह बिल्कुल भी अधिकार नही है कि वह शक के कारण इतना बड़ा फैसला ले। अधिवक्ता ने बताया कि व्यापम की हर परीक्षा संदेह के घेरे में रही है। पिछले पांच सालों से किसी ना किसी कारण भर्तीयां नही हो रही थी। बड़ी मुश्किल से पटवारी की परीक्षा हुई और आवेदकों को उम्मीद थी कि वह पटवारी बनेंगे, लेकिन भर्ती पर रोक लग गई। आवेदक की ओर से कहा गया कि सिर्फचुनावी साल के चलते अपने फायदे के कारण पूरी पर भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी जो कि कहीं से भी सही नहीं है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

### फर्जी ऋण पुस्तिका से जमानत दिलाने पर सजा

**जबलपुर,देशबन्धु।** एडीजे विपिन सिंह भदौरिया की अदालत




ने फर्जी ऋण पुस्तिका से जमानत दिलाने की आरोपी जबलपुर निवासी जैनुस्वा बेगम उर्फ सलमा बी का दोषी करार देते हुए पांच साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक प्रमोद कुमार पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपी के विरुद्ध ओमती पुलिस ने धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया था। दरअसल उसने 11 नवंबर, 2019 को सेशन कोर्ट में महेश विश्वकर्मा नामक आरोपी को जमानत दिलाने के लिए फर्जी ऋण पुस्तिका पेश की थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने आरोपी को उक्त सजा से दंडित किया।

### लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने पर न्यायालय उठने तक की सजा

**जबलपुर,देशबन्धु।** जेएमएफसी कोर्ट ने लापरवाही पूर्वक ऑटो चलाकर बाईक चालक शुभम रजक व उसके पिता को टक्कर मारने वाले आरोपी चालक कन्टू उर्फ कान्ता को न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया। अदालत ने आरोपी पर दो हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

अदालत को एडीपीओं अरुणप्रभा भारद्धाज ने बताया कि 4 जनवरी 2013 को फरियादी शुभम रजक अपने पिता को लेकर जा रहा था, उसी समय ऑटो क्रमांक एमपी 20 एलए-3979 के चालक कन्टू उर्फ कांता ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पीछे से शुभम रजक की मोटर साइकिल में टक्कर मार दी, जिससे पिता-पुत्र को चोटे आई थी। सुनवाई पश्चात् अदालत ने आरोपी को उक्त सजा से दंडित किया।

## एक ही जगह में दो डिप्टी रेंजरो के तबादले पर मांगा जवाब


### हाईकोर्ट ने अंतरिम आदेश से अनावेदक के स्थानातंरण पर लगाई रोक

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने एक ही वनवृत्त में दो डिप्टी रेंजर का स्थानांतरण किये जाने के मामले को काफी गंभीरता से लिया। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने मामले में वन विभाग के प्रमुख सचिव, डीएफओ सह जिला नोडल अधिकारी पन्ना व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। अंतरिम आदेश के तहत अनावेदक वनकर्मी काशी प्रसाद अहिरवार के तबादले पर रोक लगा दी। इसके साथ ही याचिकाकर्ता घनश्याम सिंह चौहान को वर्तमान पदस्थापना केरवां फरेस्ट सर्किल में कार्य जारी रखने की अनुमति भी दी है।

पन्ना निवासी घनश्याम सिंह की ओर से दायर मामले में कहा गया कि याचिकाकर्ता का तबादला पांच अक्टूबर 2022 को पन्ना के केरवां फारेस्ट सर्किल में किया गया था। याचिकाकर्ता ने वहां ज्वाइनिंग भी कर ली। उन्होंने बताया कि 7 जुलाई 2023 को काशी प्रसाद का तबादला भी उक्त सर्किल में कर दिया गया। जबकि याचिकाकर्ता का कहीं अन्यत्र स्थानातंरण नहीं किया गया है, इतना ही नहीं उसे केरवां फारेस्ट में ज्वाइन किए एक वर्ष भी नहीं हुआ है और उसके स्थान पर किसी अन्य को स्थानांतरित करना अनुचित है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त अंतरिम आदेश देते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सुशील मिश्रा ने पक्ष रखा।

## पानी की पाईप बिछने से डीडी नगर में पानी की समस्या खत्म

**जबलपुर,देशबन्धु।** पेयजल समस्या का महापौर द्वारा उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष सुधीर सोनू दुबे के प्रयासों से ि हल किया गया।



मानेगांव रांझी में डी डी कॉलोनी में कई वर्षों से पानी की समस्या थी जिसे देखते हुए कॉलोनी के लोगों ने महापौर से निवेदन किया और तत्काल 2 माह के अंदर पाइप लाइन डालकर सैकड़ों लोगों के पानी की व्यवस्था बनाने का महापौर द्वारा कार्य किया गया। जिसके लिए डी डी कॉलोनी की महिलाओं एवं कॉलोनी के सभी लोगों ने महापौर ज को धन्यवाद देकर माला पहना कर स्वागत किया। वहीं महापौर ने आश्वासन दिया कि इस क्षेत्र में लाइट व्यवस्था नाली व्यवस्था एवं रोड संबंधी जो भी समस्या है उसे तत्काल समाधान करेंगे। इस मौके पर बिजली प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सौरव शर्मा, आरआर पांडे, पी एन सिंह, कमलेश्वर राय आरएन चतुर्वेदी, जय मूर्ति मिश्रा, अरुण दुबे, राकेश, जैकब एस कटिहार, लाल बहादुर राय, ईश्वरी पटेल आदि क्षेत्रीय जन बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# पार्थिव शिवलिंग निर्माण में गूंजा हर-हर महादेव



**सिहोरा, देशबन्धु।** श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार को भी सिद्ध पीठ स्थल शिवमंदिर बाबाताल में पंडित इंद्रमणि त्रिपाठी के सानिध्य एवं ब्राह्मण समाज सिहोरा के तत्वावधान में हजारों शिव भक्तों ने पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर पूजन अर्चन के साथ भस्म आरती की इस कार्यक्रम में 100 से अधिक लोगों ने यजमानी की जबकि शहर के अनेक शिव भक्तों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।आस्था के केन्द्र शिवमंदिर बाबाताल में भक्तों का तांता लगा रहा कोई भोलेनाथ को जल अर्पित कर रहा था तो कोई पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर आनन्द मणि त्रिपाठी एवं राकेश मणि त्रिपाठी के शिव भजनों पर हर हर महादेव के जयकारे लगाते हुए भाव विभोर भक्त नाचते गाते दिखे पूरा बाबाताल प्रांगण शिव भक्तों से भर गया था और हर कोई शिवलिंग निर्माण कर पुण्य लाभ प्राप्त करना चाह रहा था । समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सभी वर्ग के लोगों ने एकत्र होकर लगभग 50 से अधिक कोपरो में शिवलिंग का निर्माण किया एवं समाज के साथ अनेक भक्तों में पूर्ण श्रद्धा भक्ति भाव से हिरन नदी मंझगवा घाट में विसर्जन किया।भक्तों द्वारा निर्मित शिवलिंग का पंडित प्रवीण गौतम ने विधिवत पूजन कराकर जल विहार कराया।

## ग्वारीघाट से सुहागी तक निकली कावड़ यात्रा



**पनागर, देशबन्धु।** नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति पुरानी बस्ती सुहागी द्वारा सावन के चौथे सोमवार को कावड़ यात्रा ग्वारीघाट से सुहागी प्राचीन शंकर मंदिर निकाली जाती है जहां सभी कावड़िए नर्मदा जलाकर शंकर जी का अभिषेक करते हैं आयोजन समिति के सदस्य संतोष उसरेटे मुन्ना पटेल ठेकेदार, मनीष चौरसिया प्रकाश पटेल भोले उसरेते अजय पटेल दिनेश पटेल मनीष चौरसिया शैलेंद्र पटेल नेमीचंद पटेल मोहन दुबे राजकुमार पटेल। इस अवसर पर सुहागी में कावड़ यात्रा काजगह-जगह स्वागत पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संगीता सिंह जगदीश पटेल विनोद श्रीवास्तव यशराज सिंह मनोज गोटिया दीपक सेन पवन सेन अंकित पटेल कमलेश बैरागी विनोद कुशवाहा संतोष वर्मा लता वैष्णव अनीता सेन रमन ठाकुर संगीता खरे कविता ठाकुर सीमा पटेल मुन्नी सेन राधा पटेल डोली दुबे आदि सैकड़ों भोले भक्तों ने कावड़ियों का पुरजोर तरीके से स्वागत किया पूरे क्षेत्र में हर हर महादेव बम बम भोले के नारे गूंजते रहे।

# मणिपुर की घटना को लेकर सौंपा ज्ञापन



## गोसलपुर में धरना-प्रदर्शन, कैंडल मार्च किया

**गोसलपुर, देशबन्धु।** मणिपुर मे घटी महिलाओ के बलत्कार की घटना को लेकर रविवार को गोसलपुर मे मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री राजीव तिवारी के नेतत्व मे गोसलपुर मे धरना प्रदर्शन एवं कैंडल मार्च किया गया,राष्टपति के नाम नायब तहसीलदार सिहोरा को ज्ञापन दिया गया कांग्रेस नेताओं ने कहा जो मणिपुर मे महिलाओ को निर्वस्त्र अवस्था मे घुमाया गया उनके साथ बलात्कार की घटनाओ को अंजाम दिया गया,फिर भी केंद्र सरकार के द्वारा मणिपुर के भाजपा के मुख्यमंत्री के द्वारा अपराधियों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई जिसे लेकर भारी निराशा है इस भयाभय घटना से मानवता शर्मसार हो गयी है इस धरना कार्यक्रम में नंदकिशोर अग्रवाल,कृष्ण कुमार सैनी, विनोद पटेल,प्रमोद शुक्ला, मुकेश तिवारी, अशोक विश्वकर्मा, सचिन विश्वकर्मा, मोहित पटेल विनोद चौधरी जागेश्वर प्रसाद चौधरी अशोक गोटिया प्रकाश सेन अमोल पटेल सुरेद्र दास बैरागी राजेंद्र तिवारी जय चौधरी रोहित चौधरी राजुल चौधरी विनोद चक्रवर्ती गगन उदय श्रीवास बंसल मिथुन चौधरी शुभम हल्दकर आकाश चक्रवर्ती पवन विश्वकर्मा जागे चौधरी,इगुल पटेल,दीपनारायण कुशवाहा,सुरेंद्र झारिया, लायक खान,अशोक गोटिया, संजीव तिवारी, भारत पाण्डेय, हुसैन खान,एजाज खान, कन्हैया पटेल आदि भारी संख्या मे कोंग्रेसी उपस्थित थे।

## सार-समाचार



### गेल इंडिया से कौशल विकास केंद्र का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर, देशबन्धु।** आज पूज्य स्वामी बंगलामुखी के पीठाधीश्वर स्वामी चैतन्यानंद महाराज के साथ गेल इंडिया के स्वतंत्र निदेशक सीए अखिलेश जैन और अन्य गणमान्य नागरिकों की पावन उपस्थिति में संस्कृत भारती महाकौशलम न्यास द्वारा संचालित होने वाले कौशल विकास केंद्र का भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस केंद्र का निर्माण गेल इंडिया लिमिटेड कंपनी द्वारा 25.00 लाख रुपए की राशि सीएसआर फंड से दी जाएगी। इस अवसर संस्कृत भारती के प्रांत संगठन मंत्री डॉ मनोज पांडे, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक श्रीमान भूपेंद्र पाराशर, प्रांतीय कार्यालय प्रमुख कन्हैयालाल जी, संस्कृत भारती के सचिव डॉ राम किंकर मिश्रा, हिंदू जागरण मंच के प्रांत संगठन मंत्री अंबालाल पटेल जी, सेवा भारती महाकौशल के प्रांत संगठन मंत्री महेश सोनी जी, ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन के संचालक श्री अनुराग सोनी, क्षेत्रीय पार्षद मनीष अग्रहरि, बाबा श्रीवास्तव, नवीन रिछारिया, सुखदेवपुरी गोस्वामी, पवित्र कटियार एवं क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। पूज्य पाद स्वामी चैतन्यानंद महाराज जी ने इस अवसर पर अपना आशीष वचन देते हुए कार्यालय निर्माण में गेल इंडिया के सहयोग के लिए साधुवाद दिया एवं साथ ही जबलपुर संस्कारधानी के लोगों से अपील की संस्कृत है तो जीवन है ,संस्कृत है तो सभ्यता है, संस्कृत है तो भारत की अस्मिता है , संस्कृत है तो हमारी पहचान है, इस पहचान को बनाए रखने के लिए संस्कृत जन-जन तक पहुंचाने का आवाहन किया साथ ही संस्कृत हमारी जननी है इस नाते हम सभी नागरिकों का यह दायित्व बनता है कि हमारी संस्कृत पुनः जन भाषा बने और राष्ट्र को विश्व पटल पर मार्गदर्शक की भूमिका स्थापित करने के लिए जयतु संस्कृतम जयतु भारतम् का संदेश दीया।

### खिरहनी घाट से कांवड़ियों ने भरा नर्मदा जल



**बरेला, देशबन्धु।** सावन मास के पावन अवसर पर शिव परशुराम धाम वार्ड क्रमांक 11 एवं ग्राम बिलहरी बैरागी पहाड़ीखेड़ाके कावड़िया ने मां नर्मदा जी के खिरहनी घाट से सुबह 9 बजे यात्रा प्रारंभ की। बरेला नगर भ्रमण करते हुए यात्रा श्री परशुराम धाम एवं सिद्धेश्वर धाम बिलहरी मैं भोले नाथ को सैकड़ों की संख्या में कावड़ियाने जल अर्पित किया। कावड़ यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।इस अवसर पर दादा दरवार समिति द्वारा बस स्टैंड मैं सभी कांवड़ियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### रामकथा से समस्याओं का हल, रामकथा जारी



**गोसलपुर, देशबन्धु।** श्री श्री 1008 परमहंस शिवदत्त महाराज जी गोसलपुर रेलवे स्टेशन मंदिर में सावन मास में भक्तों का जनसैलाब देखने को मिल रहा है जिसमें भक्तों के द्वारा भगवान भोलेनाथ की पूजन अर्चन कर रही हैं परमहंस शिवदत्त महाराज जी रेलवे स्टेशन गोसलपुर मंदिर में सावन मास के अवसर पर भक्तों का जनसैलाब देखने को मिल रहा है इतना ही नहीं भक्तों के द्वारा भोलेनाथ की पूजन अर्चन कर भजन कीर्तन मंदिर प्रांगण में भक्तों के द्वारा की जा रही है वहीं श्री श्री 1008 परमहंस शिवदत्त महाराज जी मंदिर में पिछले विगत कई वर्षो से अखंड रामचरितमानस पाठ का प्रसंग जारी है जिसमें भक्तों द्वारा पाठ को लेकर रामकथा का फल सारी समस्याओं का हल माना गया है।

# बंजारी माता मंदिर में अखंड रामायण पाठ जारी

## भक्तो ने किया शिवलिंग पूजन एवं रुद्राभिषेक



**गांधीग्राम, देशबन्धु।** श्रावण मास के अवसर पर क्षेत्र वा गांधीग्राम के प्रसिद्ध शक्तिपीठ के रूप में पहचाने जाने वाले प्रसिद्ध देवालय बंजारी माता मंदिर में स्थापित शिवलिंग एवं भगवान श्री गणेश का अभिषेक पूजन के साथ-साथ रामचरित मानस का अखंड मानस पाठ श्रावण मास के प्रारंभिक दिवस से लगातार जारी है।रामायण का पाठ ग्राम की महिलाओं, कन्याओं, युवाओं के साथ साथ अनेक बुजुर्गों द्वारा भी सुविधा के अनुसार पाठन किया जा रहा है तय समय पर पाठ करने के लिए लोग स्व प्रेरणा से पहुंच कर पाठ करते हुए धार्मिक भावनाओं से ओतप्रोत हो रहे हैं।

पुजारी हरी प्रसाद ने बताया कि सावन में अखंड रामायण पाठ गूंज रहा है। भक्त शिव के साथ राम भक्ति में लीन हैं। गुरु पूर्णिमा से रामायण पाठ शुरू हुआ जो 24 घंटे जारी है। यह पूरे सावन महीने चलेगा और सावन के साथ ही इसका समापन होगा।

*भक्तो ने किया शिवलिंग पूजन एवम रुद्राभिषेक... बंजारी माता मंदिर में स्थापित शिवलिंग को दूध,बेल-पत्र,धतूरा लिए भोलेनाथ के दर्शन-पूजन के लिए सुबह चार बजे से ही मन्दिर में भक्तों की कतारें लग रही हैं। अपने आराध्य देव भोलेनाथ को भक्त तरह-तरह से प्रसन्न करते नजर आते रहे। कोई धूप अगरबत्ती जलाकर तो कोई शिवलिंग को दूध से नहला रहा है। महिला और पुरुषों को अलग भक्त अपने आराध्य के दर्शन को व्याकुल दिख रहे थे। शिव पूजन अर्चन के लिए उमड़ने वाली भीड़ को देखते ही बनता है।मंदिर में अखंड मानस पाठ का आयोजन ग्राम के लखन असाटी, मंदिर समिति के अध्यक्ष अरविंद सिंह गौर द्वारा कराया जा रहा है।

# दो दिवसीय योगासन स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप का समापन

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर डिस्ट्रिक योगासन स्पोर्ट्स एसोशोयेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय योगासना स्पोर्ट्स चैंपियन शिप के समापन अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाकौशल क्रीड़ा परिषद के संस्थापक डा प्रशांत मिश्रा के मुख्य आतिथ्य , डिस्ट्रिक योगासन स्पोर्ट्स एसोशियेशन के अध्यक्ष राकेश नेमा जी की अध्यक्षता में तथा चंदा सोनी जिला खेल अधिकारी स्कूल शिक्षा विभाग के विशिष्ट आतिथ्य में,मध्यप्रदेश योगासना स्पोर्ट्स एसोशियेशन के महासचिव दिनेश सिंह ठाकुर ,आयोजक विद्यालय की प्राचार्य शायना एम पी वाई एस ए से नियुक्त ओब्जारवार सचिन तिवारी की उपस्थिति में किया गया ।समापन अवसर पर डा प्रशांत मिश्र ने कहा बाकी सभी खेलो में खिलाड़ी का शारीरिक, और मानसिक विकास होता है पर योगासन स्पोर्ट्स खिलाड़ी का शारीरिक मानसिक विकास तो करता है साथ ही खिलाड़ियों के मन बुद्धि अहंकार पर नियंत्रित भी करता है। समापन अवसर पर विजयी खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा मैडल एवम सर्टिफिकेट का वितरण किया गया मंच संचालन रुक्मणि राव और आशीष रैकवार ने किया सभी का आभार प्रदर्शन अध्यक्ष श्री राकेश नेमा ने किया उन्होंने बताया कि विजयी प्रतिभागी राज्य स्तरीय योगासन स्पर्धा में भाग लेंगे सभी जज (निर्णायक) गणों एवम इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में जो आयोजन समिति के सदस्य थे उन सभी का मुमेंटो प्रदान कर सम्मान किया गया ।




# झूठे विकास के दावे से विधानसभा क्षेत्र की जनता हो रही गुमराह : जिपं सदस्य मनोहर सिंह



**पाटन, देशबन्धु।** जैसे-जैसे विधान सभा चुनावों की घड़ी नजदीक आ रही है वैसे वैसे मौजूदा विधायक ने विधान सभा क्षेत्र में विकास कार्य की झड़ी लगा दी है यह विकास कार्य उनके करीबियों हो ही क्यों दिखाई पड़ते हैं। ये विकास कार्य क्षेत्र की जनता को क्यो दिखाई नहीं देते है। ये सनसनी खेज आरोप पाटन विधान सभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 10 से जिला पंचायत सदस्य ठाकुर मनोहर सिंह ने मौजूदा विधायक पर लगाए है। उनके द्वारा बताया गया कि हमारे क्षेत्र के विधायक द्वारा एक पत्रकार वार्ता जबलपुर में आयोजित कर बताया था कि मेरी विधान सभा क्षेत्र में नगर एवं प्रत्येक गांव में नर्मदा जल पहुंच गया है और नगर एवं ग्रामीण नल की टोटी से पानी भर रहे है। जो बात सरासर झूठ और गलत है आज भी पाटन नगर में भरी बारिश में कई वार्डों की जनता प्यासी है जिसकी आवाज लगातार क्षेत्रीय पार्षद उठा रहे। लेकिन उनकी आवाज को दबा दिया जाता है। वही मेरे वार्ड क्रमांक 10 में 40 ग्राम पंचायत आती है उनमें से 80 हेण्डपंप आज की स्थिति में खराब पड़े है और लगभग 50 नए हेण्डपंप की वार्ड में आवश्यकता है वही कुछ जगह नल जल योजना की टंकी बन गई हैं और पाइपलाइन बिछाई गई है।

वहां भी हेण्डपंप की आवश्यकता पड़ेगी चुकी हमारे विधायक जबलपुर में रहते है उनको गांव में रहने वाले किसानों,मजदूरों दलित,आदिवासियों की रोजमर्रा जिन्दगी मे आने वाली नई-नई समस्याओं से वे अनभिज्ञ हैं उनको यह नहीं पता कि उनकी विधान सभा क्षेत्र में विद्युत कटौती,जले ट्रांसफार्मर,खस्ता हाल विद्युत केबिल और कई बार तो दिन में दो-दो दिन तक गांव की लाईट नहीं रहती जब चाहे बड़े फाल्ट आ जाते हैं कभी ट्रांसफार्मर में खराबी आ जाती कभी लाइन टूट जाती है। ऐसी विषम परिस्थिति में ग्रामीण नल जल योजना की टोटी से कैसे पानी भरेंगे ऐसे समय में ग्रामीण इलाकों के यह हेण्डपंप ही ग्रामीणों की प्यास बुझाते है। क्षेत्र में लगभग 7 नल जल योजना के कार्य पूर्ण होने के बाद भी पानी की सप्लाई नहीं है वही 3-4 गांवो में सप्लाई तो है लेकिन पानी का प्रेशर कम है और कई गांवों में अभी भी पाइप लाइन नहीं बिछाई गई है जहां जहा नल जल योजना के ठेकेदारों ने काम के लिए सीसी सड़के खोदी थी उनका काम होने के बाद आज भी प्रायः सभी सड़के गांव की टूटी पड़ी हैं।

जबकि पंचायत के द्वारा सीमेंट कंक्रीट की रोड बनाई गई थी किंतु पाइप बिछाने के लिए उन सड़कों को खोदा गया जिनको अभी तक बनाया नहीं गया है जिसके कारण गांव में कीचड़ हो रहा है ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा हो रही है। यह तो एक जिला पंचायत वार्ड की बात है जबकि 3 और जिला पंचायत के वार्ड पाटन विधान सभा में है इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि पूरी विधानसभा का क्या हाल होगा। खैर विधान सभा क्षेत्र की जनता समझदार है वह खुद तय करेगी कोन सही है कोन गलत है?



## घर के अंदर छिपा कर रखी 1000 शीशी कोरेक्स जब्त

**रीवा देशबन्धु।** जिले की गोविंदगढ़ पुलिस ने 1.40 लाख रुपए की 1000 शीशी नशीली कफ सिरप जब्त कर ली है। पुलिस का कहना है कि शातिर आरोपी घर के अंदर नशीला पदार्थ छिपा रखा था। वह वर्षों से चोरी छिपे कोरेक्स बेच रहा था। कई दिनों से मुखबिर तस्करी के संबंध में सूचना दे रहे थे। पुलिस ने तस्दीक कराई तो नशे के तस्कर का रिकॉर्ड पुराना निकला है। आरोपी के घर की तलाशी ली। पर कुछ खास नहीं मिला। इसके बादद मवेशियों वाले कमरे में एक टंकी नुमा गड्ढा दिखा। दीवार खोदने पर कई बोरी व कार्टून मिले। वहां भारी मात्रा में नशीली कफ सिरप मिली। काउंटिंग करने पर एक हजार शीशी कोरेक्स निकली। ऐसे में गोविंदगढ़ थाने में औषधि अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज की है। गोविंदगढ़ थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने बताया कि आरोपी राकेश सिंह पुत्र जय मंगल सिंह निवासी बांसा पतेरियान टोला को घर के अंदर से कोरेक्स बेचते हुए पकड़ा है।

# जनता के द्वारा चुनी गई महिला जनप्रतिनिधि संभाल रहीं चूल्हा-चौका, पति भोग रहे सत्ता सुख

**पाटन, देशबन्धु।** जिले की पाटन विधान सभा के अंतर्गत आने वाली नगर परिषद और जनपद पंचायत में जनता से चुनी हुई महिला जनप्रतिनिधि चौका-चूल्हा संभाल रही हैं, वहीं उनके पति सत्ता सुख भोग रहे हैं। अब जनता जनार्दन तय करे कि आपने किसे अपना अमूल्य वोट देकर चुना है! हम बात कर रहे हैं पाटन तहसील की जहां हाल ही के वर्षों में चुनकर आई महिलाओ ने जीत के बाद राजनीति में अपना पहला कदम रखा, इसे दुर्भाग्य ही कहे एक वर्ष से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी महिला जनप्रतिनिधि के पति एवं उनके परिवार के अन्य पुरुष सत्ता सुख भोग रहे है और जनता से चुनी जनप्रतिनिधि को एक बार फिर से किचिन की जवाबदारी सौंप दी है। चाहे हम नगर परिषद पाटन की बात करे या फिर पाटन जनपद की बात करें, नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की जनता ने महिला जनप्रतिनिधि के रूप में पार्षद, सरपंच, जनपद सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद उपाध्यक एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष चुना था ये कैसी विडंबना है। नगर परिषद व जनपद के सभी शासकीय कार्यक्रम में जनता के द्वारा चुनी जनप्रतिनिधि हमेशा नदारद रहती है और शासकीय मंच की शोभा उनके पति एवं परिवार के अन्य सदस्य बढ़ा रहे है। जबकि प्रदेश के मुखिया के सक्त निर्देश थे जो जनप्रतिनिधि चुनकर आया है वही शासकीय योजनाओं के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे और बैठकों में शामिल होंगे। यदि उनके पति या परिवार का कोई भी सदस्य बैठकों में शामिल होता है तो ऐसे जनप्रतिनिधि की सदस्या भी निरस्त हो सकती है। लेकिन पाटन में विकास की गंगा बहाने वाले मौजूदा विधायक ही अपनी सरकार के मुखिया के निर्देशों की अवेलहना करते कई बार शासकीय मंचों पर देखे गए हैं। वही मिडिया को भी प्रेस रिलीज के मध्यम से महिला की जगह पति का नाम देकर मीडिया को भी गुमराह किया जाता है, जिसके कारण आय दिन जनसंपर्क विभाग एवं जिले के आला अधिकारियों के पास भी गलत जानकारी पहुंच रही है, जिससे जिले के वरिष्ठ अधिकारी भी थोड़े देर के लिए इन खबरों से भ्रमत हो जाते है। जबकि शासन के निर्देशा अनुसार महिला जनप्रतिनिधि के पति या परिवार का कोई भी पुरुष कार्यलय के चैम्बर या शासकीय बैठक इसके अलावा शासकीय कामकाज में दखल नहीं दे सकता है, यदि ऐसा करते कोई पाया जाता है तो उस महिला जनप्रतिनिधि की सदस्या समाप्त हो सकती है। लेकिन पाटन ब्लॉक में आने वाली जनपद हो या नगर परिषद हो इनके अपने नियम कानून है जो इन कार्यालय में चलते है सत्ताधारियों की दबंगता के चलते पाटन ब्लॉक के आला अधिकारियों ने इस मामले में मौन धारण करने में ही अपनी भलाई समझी?





**इनका कहना है** -जब इस संबंध नगर परिषद सीएमओ नीलम चौहान से बात की तो उनके द्वारा इस विषय पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया, वही पाटन जनपद के सीईओ अखिल सहाय श्रीवास्तव ने कॉल रिसीव नहीं किया।

## पाकिस्तान में सड़क दुर्घटना में पांच की मौत, 20 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के राजनपुर जिले में रविवार को एक सड़क दुर्घटना में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। रेस्क्यू-1122 के जिला प्रमुख असलम ने मीडिया को बताया कि पंजाब के दक्षिण क्षेत्र में सूफी संत सखी सरवर की दरगाह से यात्रियों को जैकोबाबाद जिले वापस जा रही बस राजनपुर के फाजिलपुर इलाके में वाहन चालक के नियंत्रण खोने के बाद एक बस पलट गई। पुलिस और बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे और शवों और घायलों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। उन्होंने आशंका जताई कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि घायलों में से कई की हालत गंभीर है।

### पाकिस्तान में नया सियासी संकट

# अंतरिम प्रधानमंत्री पर खींचतान, अपने ही मंत्री के विरोध में पीएम शहबाज



**इस्लामाबाद।** अर्थव्यवस्था और पहले से ही सियासी संकट झेल रहे पाकिस्तान में अब एक नया राजनीतिक संकट आकार ले रहा है। खास बात है कि इस बार खींचतान मौजूदा सरकार के अंदर ही शुरू हो गई है। पाकिस्तान में इन दिनों नए कार्यवाहक प्रधानमंत्री के नाम को लेकर बवाल शुरू हो गया है। शहबाज शरीफ का कार्यकाल अगस्त में समाप्त हो रहा है। अब जब तक आम चुनाव नहीं होते हैं तब तक सरकारी कामकाज के लिए कार्यवाहक सरकार की जरूरत है। कहा जा रहा है कि सहयोगी दलों ने मिलकर पांच नेताओं का चुनाव किया है। इसमें पहले सबसे आगे मौजूदा वित्त मंत्री इशाक डार का नाम बताया जा रहा था।

**शहबाज ने इशाक डार का किया खुलकर विरोध-** पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ नहीं चाहते कि इशाक डार केयरटेकर प्रधानमंत्री बनें। उन्होंने एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि किसी निष्पक्ष व्यक्ति को अंतरिम प्रधानमंत्री बनाया जाना चाहिए। जियो न्यूज के कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि ऐसे आदमी को प्रधानमंत्री बनाना चाहिए जिससे कि कोई भी चुनावों पर सवाल ना खड़ा कर सके। उन्होंने कहा कि सहयोगी पार्टियों के साथ बैठक में इस बात पर सहमित बनी है कि किसी अन्य व्यक्ति को यह कार्यभार देना चाहिए।

शहबाज शरीफ ने कहा कि कार्यवाहक प्रधानमंत्री के लिए विपक्ष से भी चर्चा की जाएगी। अगर दोनों में सहमति बनी तो नाम का ऐलान कर दिया जाएगा। अगर सहमति नहीं बनती है तो कानून अपना रास्ता अपनाएगा। बता दें कि हाल ही में पाकिस्तानी संसद में बिल पास किया गया था जिसके मुताबिक सरकार का कार्यकाल समाप्त होने के कुछ दिन पहले ही संसद भंग कर दी जाएगी और फिर केयरटेकर सरकार रहेगी। इसके 90 दिनों के भीतर ही आम चुनाव करवाकर नई सरकार का गठन होगा। हालांकि पाकिस्तान में लोकतंत्र और चुनाव से सभी वाकिफ हैं। चुनाव होने के दौरान भी यहां संकट खड़ा हो सकता है। इसके अलावा इस बात की भी कोई गारंटी नहीं है कि आम चुनाव होंगे या यूं ही कोई पाकिस्तान की कमान अपने हाथ में ले लेगा।

**आसिफ अली जरदारी पर भी विश्वास नहीं**-पीपीपी के सह अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी को ख्वाजा आसिफ ने भरोसेमंद नहीं बताया था। अब इशाक डार के अंतरिम प्रधानमंत्री पद के दावे से इनकार किया जा रहा है। जेयूआईएफ के सीनेटर कामरान मुर्तजा ने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और अन्य पार्टियों से मशविरे के बाद अंतरिम प्रधानमंत्री का ऐलान किया जाएगा।

**इमरान भी लगाए हैं निगाह-** सरकार या फिर सत्ताधारी गठबंधन की पार्टियों में किसी भी तरह का असंतोष होता है तो इमरान खान इसका फायदा उठाने से कभी पीछे नहीं रहेंगे। इमरान खान पहले से ही मध्यावधि चुनाव की मांग कर रहे थे। अब उनका कहना है कि कार्यकाल खत्म होती ही तत्काल चुनाव कराए जाने चाहिए।

## पाकिस्तान में बारिश संबंधित दुर्घटनाओं में 14 लोगों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के विभिन्न इलाकों में बारिश से संबंधित घटनाओं में पिछले दो दिनों के दौरान कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और अन्य सात लोग घायल हो गए है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने यह जानकारी दी है। एनडीएमए ने एक रिपोर्ट में बताया कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश से संबंधित घटनाओं में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। मानसून ने कहर बरपाया हुआ है और देश के पर्वतीय इलाकों में मूसलाधार बारिश के कारण अचानक आयी बाढ़ से शहरी इलाके जलमग्न हो गए है और कई इलाकों में घरों को भारी क्षति पहुंची है। रिपोर्ट के मुताबिक बारिश से संबंधित घटनाओं में उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में छह, दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में पांच, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में दो और दक्षिणी सिंध प्रांत में एक व्यक्ति की जान चली गई है।

## ट्विटर का मुख्यालय सैन फ्रांसिस्को में ही रहेगा : मस्क

वाशिंगटन, (एजेंसियां)। अमेरिका के अरबपति उद्यमी एलन मस्क ने कहा है कि कई कंपनियों के शहर छोड़ने के बावजूद ट्विटर का मुख्यालय सैन फ्रांसिस्को में ही रहेगा। श्री मस्क ने शनिवार को ट्वीट किया, कई लोगों ने एक्स (ट्विटर का नया लोगो) को अपने मुख्यालय को सैन फ्रांसिस्को से बाहर स्थानांतरित करने का आग्रह किया है। इसके अलावा, शहर एक विनाशकारी चक्र में है जहां एक के बाद एक कंपनी चली जा रही है या जाने वाली हैं। इसलिए, उन्हें उम्मीद है कि एक्स भी स्थानांतरित हो जाएगा। हम ऐसा नहीं करेंगे नहीं। आप केवल तभी जानते हैं कि आपके असली दोस्त कौन हैं जब संकट खत्म हो जाता है। सैन फ्रांसिस्को, सुंदर सैन फ्रांसिस्को, हालांकि अन्य लोग आपको छोड़ देते हैं, हम हमेशा आपके दोस्त रहेंगे। इससे पहले दिन में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की चल रही री-ब्रांडिंग के हिस्से के रूप में सैन फ्रांसिस्को में ट्विटर के मुख्यालय की छत पर एक विशाल एक्स चिन्ह दिखाई दिया। अमेरिकी मीडिया ने बताया कि शहर के अधिकारियों ने एक शिकायत दर्ज की और एक्स साइन की स्थापना की जांच शुरू की जिसमें कहा गया कि ऐसे कार्यों के लिए सुरक्षा कारणों से परमिट की आवश्यकता होती है। गौरतलब है कि सोमवार को ट्विटर ने अपने लोगो को नीले पक्षी से बदलकर काले और सफेद एक्स लोगो में बदल दिया।

## बीएनपी व ढाका पुलिस में झड़प, 90 हिरासत में

ढाका, (एजेंसियां)। बांग्लादेश में एक गैर-पार्टी अंतरिम सरकार के तहत चुनाव की मांग कर रहे बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के समर्थकों और ढाका पुलिस में झड़प हुई, जिसके बाद 90 लोगों को हिरासत में लिया गया। इस झड़प में 20 पुलिसकर्मी और छह प्रदर्शनकारी घायल हुए हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस (डीएमपी) के प्रवक्ता फारूक हुसैन के हवाले से बताया कि नेताओं को झड़पों में शामिल होने और कम से कम 30 वाहनों में तोड़फोड़ करने के आरोप में हिरासत में लिया गया, जिनमें से 10 वाहन पुलिस के थे। प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग कर रहे प्रदर्शनकारी शनिवार को राजधानी शहर में प्रमुख मुख्य

# 6 साल के मासूम को पेशाब से सनी कोठरी में रखा, भूख से तड़पकर मौत

### हत्यारिन मां को मिली उम्रकैद

**नई दिल्ली।** हर बच्चे के लिए मां ही उसकी सबकुछ होती है। अगर मां ही हत्यारी निकली तो इससे जघन्य कुछ भी नहीं। अमेरिका के एरिजोना शहर में सनसनीखेज वारदात सामने आई है। एक मां ने अपने 6 साल के मासूम को एक महीने तक पेशाब से सनी कोठरी में बंद करके रखा।

बच्चे की भूख से तड़पकर मौत हो गई। कोर्ट ने इस जघन्य कांड के लिए महिला को दोषी ठहराया है। उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने मामले में टिप्पणी करते हुए इस कार्य को बेहद जघन्य, क्रूर और भ्रष्ट करार दिया। द न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, 29 वर्षीय एलिजाबेथ आर्चीबेक ने अपने बेटे 6 साल के बेटे देशौन मार्टिनेज की 2020 में क्रूरता पूर्वक हत्या कर दी थी। मई महीने में महिला को अदालत ने दोषी ठहराया था। सुनवाई के दौरान कोकोनिनो सुपीरियर कोर्ट के न्यायाधीश टेड रीड ने महिला ने कहा कि उसके जघन्य, क्रूर और भ्रष्ट व्यवहारके लिए शेष जीवन के लिए कारावास भेजा जाना चाहिए।

**खौफनाक कांड की गवाह बनी पुलिस-** फ्लैगस्टाफ पुलिस अधिकारी मेलिसा सी ने महिला को इस जघन्यकांड पर सजा सुनाए जाने के दौरान गवाही दी। कहा कि उसने अपने पूरे जीवन में कभी भी इतना भयावह कुछ नहीं देखा था, जब उसने देशौन को उसके परिवार के अपार्टमेंट में सिर्फ हड्डियों के ढांचे में पाया।

**बच्चे के पिता और परिवार पर भी चलेगा मुकदमा-** रिपोर्ट के मुताबिक, मासूम देशौन के पिता एंथोनी मार्टिनेज और दादी एन मार्टिनेज पर भी हत्या और बाल शोषण का आरोप लगाया गया है। लेकिन उन्होंने खुद को दोषी नहीं ठहराया है और उन पर अलग से मुकदमा चलाया जा रहा है।

अदालत को बताया कि लड़के और उसके 7 वर्षीय भाई ने एक महीने तक 21 गुणा 25 इंच की कोठरी में कैद होकर प्रतिदिन 16 घंटे बिताए थे, जिसमें मूत्र की गंदी, भयानक गंध आ रही थी। दंपति चार बच्चों के माता-पिता थे। उनकी दो अन्य बच्चियां स्वस्थ पाई गईं।

### खाना चुराने के लिए दी थी यह खौफनाक सजा

पुलिस ने कहा, जोड़े ने कांड के बाद स्वीकार किया था कि उन्होंने 6 वर्षीय देशौन और उसके भाई को रात में खाना चुराने की सजा के रूप में कोठरी में बंद रखा। इस दौरान उन्हें बहुत कम मात्रा में खाना दिया गया।

## पाकिस्तान में हुए बम धमाके में इस्लामिक स्टेट का हाथ

### जांच के बाद पुलिस का दावा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की पुलिस ने सोमवार को कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि एक कट्टरपंथी इस्लामिक पार्टी के राजनीतिक सम्मेलन में हुए आत्मघाती विस्फोट के पीछे प्रतिबंधित आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) का हाथ है। इस विस्फोट में कम से कम 44 लोगों की मौत हो गई थी और 100 से अधिक लोग घायल हुए हैं। यह विस्फोट रविवार को हुआ था, जब कट्टरपंथी जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) के 400 से अधिक सदस्य खार शहर में एक सभा के लिए एकत्रित हुए थे। इस शहर की सीमा अफगानिस्तान से लगती है। जियो न्यूज ने पुलिस अधिकारियों के हवाले से कहा, हम बाजौर विस्फोट की अब भी जांच कर रहे हैं और उसके बारे में सूचना जुटा रहे हैं। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि इसके पीछे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट का हाथ है। पुलिस के मुताबिक, वह आत्मघाती हमलावर के बारे में जानकारी जुटा रही है, जबकि बम निरोधक दस्ता घटनास्थल से सबूत एकत्रित कर रहा है। जिला पुलिस अधिकारी नजीर खान ने बताया कि तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। प्रांतीय पुलिस प्रमुख अख्तर हयात खान के अनुसार, विस्फोट को अंजाम देने के लिए 10 किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने बताया कि हमलावर राजनीतिक सम्मेलन में शामिल लोगों में से एक था और वह पहली पंक्ति में बैठा हुआ था। स्थानीय पुलिस के मुताबिक, हमलावर ने सम्मेलन के मंच के पास खुद को विस्फोटक से उड़ा लिया। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विस्फोट जेयूआई-एफ नेता मौलाना अब्दुल रशीद के मंच पर पहुंचने के तुरंत बाद हुआ।

## ऑस्ट्रेलिया, मालदीव और श्रीलंका के बाद इटली भी चीन के 'बेल्ट रोड प्रोजेक्ट' से परेशान

**नई दिल्ली।** चीन के बेल्ट ऐंड रोड प्रोजेक्ट से जितनी तेजी से एशिया से लेकर यूरोप तक कई देश जुड़े थे, उतनी ही जल्दी ये लोग परेशान हो गए हैं और किसी तरह निकलने की तैयारी में हैं। ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका और मालदीव जैसे देशों की चीन ने पहले ही हालत खस्ता कर दी है। श्रीलंका और मालदीव तो इससे बुरी तरह कर्ज में डूब गए हैं। इस बीच इटली ने भी इस परियोजना से जुड़ने को अपनी गलती माना है और दिसंबर तक एग्जिट की बात कही है। इटली के रक्षा मंत्री गोइदो क्रोसेटो ने एक इंटरव्यू में कहा है कि चीन की इस फैसले में शामिल होना तबाह करने वाला फैसला था। उन्होंने कहा कि यह फैसला जल्दबाजी में ले लिया गया था। इटली के डिफेंस मिनिस्टर ने ऐसा कहने की वजह भी बताई। उन्होंने कहा कि इस फैसले से चीन को तो फायदा मिला और उनका निर्यात हमारे यहां काफी बढ़ गया, लेकिन हमें एक्सपोर्ट का फायदा नहीं मिल सका। इटली के नेता ने कोरियरे डेला सेरा न्यूजपेपर को दिए इंटरव्यू में कहा, नए सिल्क रोड में शामिल होने का फैसला जल्दबाजी में लिया गया और तबाह करने वाला कदम था। इसकी वजह से चीन का निर्यात इटली में कई गुना बढ़ा, लेकिन चीन में इटली के निर्यात पर इससे उतना असर नहीं पड़ा। उनका यह बयान चीन के उलट है। पिछले दिनों चीन ने कहा था कि बीआरआई से दोनों देशों को लाभ हो रहा है। इटली के रक्षा मंत्री ने कहा कि आज अहम मुद्दा ये है कि चीन के साथ संबंधों को नुक़सान पहुंचाए बिना इस योजना से कैसे पीछे हटा जाए। इस बीच इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि उनकी सरकार के पास बीआरआई मुद्दे पर फ़ैसला लेने के लिए दिसंबर तक का समय है।


दावा | *कश्मीर में तैनात सुरक्षाधिकारियों का दावा*

# सुरक्षा बलों व आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ों में आई कमी

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, (देशबन्धु)। कश्मीर में तैनात सुरक्षाधिकारियों का दावा है कि जम्मू कश्मीर में पिछले वर्षों की तुलना में 2023 में आतंकवाद में स्थानीय लोगों की भर्ती और आतंकवादियों की मौतों, दोनों में काफी गिरावट आई है। वे बताते हैं कि इस साल 1 जनवरी से 25 जुलाई तक सुरक्षा बलों।**

के विभिन्न अभियानों में जहां 35 आतंकवादी मारे गए, वहीं पिछले साल इसी अवधि में यह संख्या 120 से अधिक थी। 2022 में सुरक्षा बलों ने 56 विदेशियों सहित 186 आतंकवादियों को मार गिराया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष घुसपैठ के कई प्रयासों को विफल कर दिया गया है और इस वर्ष 12 से अधिक स्थानीय लोग आतंकवाद में शामिल नहीं हुए हैं। वे कहते थे कि इससे सक्रिय आतंकवादियों की संख्या घटकर दोहरे अंक में आ गई है। उन्होंने कहा कि कम घुसपैठ और



■ **1990 के बाद से सुरक्षा के मोर्चे पर कश्मीर सबसे शांतिपूर्ण**

आतंकवाद में स्थानीय लोगों की भर्ती में गिरावट के कारण सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ों में भी कमी आई है।

उन्होंने कहा कि बाकी आतंकवादी भाग रहे हैं और आमतौर पर घाटी के ऊपरी इलाकों में छिपे हुए हैं। एक अधिकारी ने कहा कि वे (आतंकवादी) सुरक्षा बलों पर कोई भी बड़ा हमला करने की शक्ति खो चुके हैं और कभी-कभी खबरों में बने रहने के लिए वे गैर-स्थानीय मजदूरों या कश्मीरी पंडितों जैसे आसान नागरिक लक्ष्य चुनते हैं। उनके मुताबिक, 1990 के बाद से सुरक्षा के मोर्चे पर कश्मीर सबसे शांतिपूर्ण है। हालांकि सूत्रों ने कहा कि अधिकांश आतंकवादी संगठनों का ओवर-ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) नेटवर्क बिखर गया है और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा उनके पारिस्थितिकी तंत्र के खिलाफ लगातार अभियानों के मद्देनजर उनके लिए फिर से संगठित होना मुश्किल हो गया है। अधिकारी कहते थे कि यह ओजीडब्ल्यू नेटवर्क थे जो आतंकवादी गतिविधियों में सहायता कर रहे थे। चूंकि आतंकी फंडिंग के खिलाफ विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं, सुरक्षा ग्रिड ने घाटी में अपना अधिकार स्थापित कर लिया है। अगर हालात ऐसे ही रहे तो अगले साल तक कश्मीर आतंकवाद के चंगुल से मुक्त हो जाएगा। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने हाल ही में कहा कि इस साल जून के अंत तक जम्मू-कश्मीर में एलओसी और अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार से कोई घुसपैठ नहीं हुई है और अपनाए गए दृष्टिकोण के कारण घुसपैठ में उल्लेखनीय गिरावट आई है। कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने के लिए चलाए जा रहे सुरक्षा बलों के अभियान व आम कश्मीरी को साथ जोड़ने के लिए उठाए गए कदमों की दोहरी रणनीति के परिणाम सामने आ रहे हैं।

## आज का इतिहास

1914 – जर्मनी द्वारा प्रथम विश्व युद्ध की शुरुआत

1995 – हब्बल दूरबीन ने शनि के एक और चन्द्रमा की खोज की।

2000 – ईरान में महिलाएं भी इमाम बनीं।

2004 – श्रीलंका ने प्रेमदासा स्टेडियम में आयोजित फ़ाइनल मैच में भारत को 25 रनों से हराकर एशिया कप जीत लिया। सनत जयसूर्या 'मैन आफ़ द सिरीज' बने।

2005 – सऊदी अरब के बादशाह फहद बिन अब्दुल अजीज का निधन, दिवंगत बादशाह के भाई शाहजादा अब्दुल्ला बिन अब्दुल अजीज को देश का नया शासक नियुक्त किया गया।

## सुडोकू 6273

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 7 | | 4 | | 5 | 2 | |
| | | 5 | 7 | 2 | 1 | | | 3 |
| 3 | 1 | | | | | | 6 | |
| | | 6 | | | 4 | 1 | | 2 |
| | 2 | 1 | 6 | | 8 | 4 | 9 | |
| 5 | | 4 | 2 | | | 6 | | |
| | 5 | | | | | | 4 | 7 |
| 2 | | | 4 | 5 | 9 | 3 | | |
| | 4 | 3 | | 7 | | 8 | 5 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6273

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. मधु दैत्य का वध करने वाले श्रीकृष्ण, भौंरा
४. जिसका विरोध न हुआ हो, स्वच्छंद, श्रीकृष्ण के प्रपौत्र
६. लौटना, वापस आना
७. हालत, दशा, आनंद, मजा, रंग
८. झूठ, झूठी बात
१०. फौरन
११. नियम बनाने वाला, व्यवस्थापक, नियंता
१३. पृष्ठ या पन्ने के चारों ओर का प्राय: सादा किनारा
१४. कोमल
१५. चंदन
१७. दया, कृपा (उर्दू)
१९. चेहरे पर का काला धब्बा, ख़िजाब
२१. दर्शन करना, निहारना
२२. किसी दल का गिरोह या प्रधान
२४. मछुआरा

**ऊपर से नीचे:-**

१. फूलों का पराग
२. सूर्य पुत्री, यमुना
३. नया आया हुआ
४. बेहद
५. अपमानित, बदनामी (उर्दू)
९. रूढ़िवादी (उर्दू)
११. व्यर्थ, बेकार, फलरहित
१२. कामदेव
१३. स्थिति, दशा (उर्दू)
१४. कमल
१५. शिव
१६. नाम के अनुरूप
१८. रक्तपान करने वाला
१९. कछुआ
२०. उपाधि, खिताब
२३. दिनांक

### वर्ग पहेली-6272

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गि | द्ध | २ दृ | ष्टि | ■ | ■ | ३ उ | प | ४ रो | क्त |
| रि | ■ | ढ़ | ■ | ५ व | णि | ज | ■ | ध | ■ |
| ६ ध | र्म | सं | क | ट | ■ | ७ र | त्ना | क | ८ र |
| र | ■ | क | ■ | ९ वृ | त्तां | त | ■ | ■ | ज |
| ■ | १० क | ल्प | ११ वृ | क्ष | ■ | ■ | १२ ज | न | नी |
| ■ | सै | ■ | श्चि | ■ | १३ वं | च | ना | ■ | गं |
| १४ क | ला | १५ प | क | ■ | श | ■ | १६ ब | १७ हु | धा |
| लं | ■ | रि | ■ | १८ अ | ज | १९ र | ■ | लि | ■ |
| २० कि | ष्किं | धा | ■ | पा | ■ | २१ ज | ल | या | २२ न |
| त | ■ | २३ न | ग | र | ज | न | ■ | ■ | दी |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# खेल जगत

## स्टुअर्ट ब्रॉड के संन्यास पर जेम्स एंडरसन का रिएक्शन आया सामने

**लंदन**। इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा है कि एशेज सीरीज 2023 की समाप्ति के बाद स्टुअर्ट ब्रॉड के संन्यास लेने के फैसले ने उन्हें खेल जारी रखने के लिए और भी अधिक दृढ़ बना दिया है। एंडरसन 690 विकेट के साथ इंग्लैंड के सर्वकालिक अग्रणी टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। एंडरसन पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट में 76.75 की औसत से श्रृंखला में सिर्फ चार विकेट ले पाए हैं। उनका भविष्य एक बड़ी चर्चा का विषय रहा है, विशेषकर तब जब वह इस मैच के दौरान 41 वर्ष के हो गए। एंडरसन ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, मेरी यह श्रृंखला वास्तव में ज्यादा अच्छी नहीं रही है। मुझे वो विकेट नहीं मिले, जिनकी मुझे खुद से उम्मीद थी। तेज गेंदबाज ने अपने करियर पर आगे कहा, मैं फिट हूं। मुझे लगता है कि मैं काफी अच्छी गेंदबाजी कर रहा हूं। मैं अपने खेल पर अभी और मेहनत करना चाहता हूं।



# भारत की निगाहें वेस्ट इंडीज से तीसरा व निर्णायक वन डे जीत सीरीज 2-1 से अपने नाम करने पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, (देशबन्धु)। भारत की वेस्ट इंडीज के हाथों ब्रिजटाउन में दूसरे वन डे क्रिकेट मैच मे खासतौर पर बल्लेबाजी क्रम में किए प्रयोगों के चलते छह विकेट से हार से मेजबान टीम द्वारा तीन मैचों की सीरीज में एक-एक की बराबरी पाने के बावजूद चीफ कोच राहुल द्रविड़ ने अपनी टीम का यह कह बचाव किया उनके पास एशिया कप और आईसीसी वन डे विश्व कप से यह अपने कई खिलाड़ियों को आजमाने का आखिरी मौका था। द्रविड़ का कहना है कि बतौर कोच उनके जेहन में घर में होने वाले वन डे विश्व कप के मद्देनजर बड़ी तस्वीर है और इसीलिए वेस्ट इंडीज के खिलाफ विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा को सीरीज के दूसरे वन डे में आराम दिया और पहले में कप्तान रोहित शर्मा को सातवें नंबर पर उतारा। द्रविड़ ने साथ ही मौजूदा सीरीज के शुरू के दो वनडे में नाकाम रहने के बाद जिस तरह सूर्य कुमार यादव का बचाव किया उससे यह साफ है कि वह सूर्य कुमार यादव को वेस्ट इंडीज के खिलाफ तारुबा , त्रिनिदाद एंड टोबेगो में आखिरी तीसरे और निर्णायक वनडे क्रिकेट मैच में एक और मौका देंगे। भारत बेशक एशिया कप से पहले अपने मंगलवार को खेले जाने वाले आखिरी मैच में मेजबान वेस्टइंडीज को तोरुबा में हरा सीरीज 2-1 से अपने नाम करना चाहेगा।

भारत को वेस्ट इंडीज के खिलाफ तीसरा और निर्णायक वन डे जीत सीरीज अपने नाम करनी है तो फिर बतौर तेज गेंदबाज हार्दिक, ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर (दो मैच , चार विकेट) और अपने वन डे करियर का आगाज करने वाले मुकेश कुमार की त्रिमूर्ति के साथ तीनों बाएं हाथ के स्पिनरों-रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और इस सीरीज में सबसे ज्यादा पांच विकेट ले सबसे कामयाब रहे कुलदीप यादव को स्पिन का जाल बुन कर किफायती और धारदार गेंदबाजी करनी होगी।



भारत के लिए लेग स्पिनर के रूप में कुलदीप यादव के साथ युजवेंद्र चहल तेज गेंदबाज उमरान मलिक की जगह बेहतर विकल्प हो सकते हैं। भारत के पास हालांकि ऋतुराज गायकवाड़ के रूप में शीर्ष क्रम में बेहतर बल्लेबाजी विकल्प है लेकिन निर्णायक वनडे के लिए अपनी एकादश में बहुत फेरबदल करने की उम्मीद बहुत कम है। हार्दिक पांडया ने खुद कहा है वन डे विश्व कप से पहले बतौर गेंदबाज अपनी पूरी लय पाने में जुटे हैं और वह चाहते हैं भारतीय बल्लेबाज निर्णायक वन डे में ज्यादा सूझबूझ से बल्लेबाजी करे। भारतीय बल्लेबाज को वेस्ट इंडीज के दूसर वन डे में तीन तीन विकेट चटकाने वाले बाएं हाथ के स्पिनर गुड़ाकेश मोती और तेज गेंदबाज रोमारियो जोसेफ से जरूर चौकस रहना होगा।

भारत में होने वाले आईसीसी वन डे विश्व कप के लिए नाकाम रहने वाली वेस्ट इंडीज के खिलाफ रोहित शर्मा और विराट कोहली नहीं भी खेले तो भी भारतीय टीम में मेजबान टीम से बेहतर है। भारत को वन डे सीरीज का समापन जीत के साथ करना होगा तो उसे अपना बल्लेबाजी क्रम सही रखना होगा। मौजूदा सीरीज में बतौर गेंदबाज भारत के बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव और वेस्ट इंडीज बाएं हाथ के स्पिनर गुड़ाकेश पांच-पांच विकेट लेकर आगे चल रहे हैं जबकि वेस्ट इंडीज के लिए उसके कप्तान शाई होप एक अर्द्धशतक (कुल 106 रन) शुरू के दो मैचों के बाद रन बनाने में इशान किशन (कुल 107 रन) के बाद दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। भारत को सीरीज का समापन जीत के साथ करना है तो इशान किशन और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी को एक बार फिर बढिया़ आगाज करने के साथ उनके बाद तीसरे और आखिरी वन डे में भी रोहित की जगह कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने वाले ऑलराउंडर हार्दिक पांडया, लेफ्ट आर्म स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल को निश्चित रूप से गेंद के साथ बल्ले से भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

### ■ भारत को जीतना है इशान व शुभमन के साथ सूर्य को बढ़िया बल्लेबाजी करनी होगी

भारतीय बल्लेबाजों को वेस्ट इंडीज के तेज गेंदबाज रोमारियो शेफर्ड, सटीक गेंदबाजी करने वाले कायल मायर्स, जेडन सील्स के साथ अल्जारी जोसेफ के खिलाफ समझबूझ से बल्लेबाजी करनी होगी। चीफ कोच राहुल द्रविड़ ने ठीक कहा कि सूर्य कुमार यादव अब वन डे के मुताबिक बल्लेबाजी करना सीख रहे हैं। ऐसे में बल्लेबाजी क्रम में तीसरे नंबर पर सूर्य कुमार यादव से थोड़े ज्यादा संयम से खेले तो बेहतर विकल्प हो सकते हैं। वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों में कप्तान होप और कुछ हद तक कैसी कार्टी को छोड़ कर एलिस अथानजे, ब्रेंडन किंग और कायल मायर्स की सलामी जोड़ी खासतौर पर भारत के स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष करती नजर आई।

# हरमनप्रीत सिंह और दिलप्रीत के एक-एक गोल से भारत ने नीदरलैंड को हरा तीसरा स्थान पाया



नई दिल्ली, (देशबन्धु)। कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह और स्ट्राइकर दिलप्रीत सिंह के एक एक गोल की बदौलत भारत की पुरुष हॉकी टीम ने मजबूत नीदरलैंड को रविवार देर रात बार्सीलोना में स्पेन हॉकी संघ की शताब्दी के मौके पर आयोजित चार देशों के अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में 2-1 से हरा कर तीसरा स्थान पाया। पराजित नीदरलैंड की ओर से एकमात्र गोल थियरे ब्रिंकमैन ने दागा। इस मैच की रोचक बात यह रही इसमें तीनों गोल पेनल्टी कॉर्नर पर हुए। भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने उसके लिए चारों मैचों में एक-एक गोल किया। हरमनप्रीत सिंह ने भारत के लिए इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा चार गोल दागे।

भारत ने नीदरलैंड के खिलाफ संभल कर आगाज किया और नीदरलैंड के स्ट्राइकर पर अपनी डी में नहीं घुसने दिया। वहीं भारत के स्ट्राइकरों ने तालमेल से खेलते हुए नीदरलैंड की रक्षापंक्ति को गलती करने पर मजबूर किया। कप्तान हरमनप्रीत ने पहला क्वॉर्टर खत्म होने से ठीक पहले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर भारत का खाता खोला।

नीदरलैंड ने दूसरे क्वॉर्टर में बराबरी पाने में पूरी ताकत झोंक दी। अनुभवी ड्रैग फ्लिकर थियरे ब्रिंकमैन ने दूसरे क्वॉर्टर के पांचवें मिनट में गोल कर नीदरलैंड को एक -एक की बरबारी दिला दी। भारत ने जीत की आस में बराबर हमले जारी रखे लेकिन तीसरे क्वॉर्टर में वह एक भी गोल नहीं कर पाया।

नीदरलैंड ने चौथे क्वॉर्टर के शुरू में गोल करन जीत हासिल करने के कई मौके गंवाए। अमित रोहिदास ने चौथे और आखिरी क्वॉर्टर के पांचवें पेनल्टी कॉर्नर पर तेज ड्रैग फ्लिक लगाया नीदरलैंड के गोलरक्षक मॉरित्ज वाइजर ने इसे रोकना चाहा लेकिन उनके पैड को लग कर लौटती गेंद वहीं डी में मंडराते दिलप्रीत सिंह ने लपक कर गोल में डाल कर भारत को 2-1 से आगे कर दिया। यह मैच का निर्णायक गोल साबित हुआ। आखिरी क्षणों में नीदरलैंड ने लगातार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन भारत की रक्षापंक्ति ने मुस्तैदी से इन्हें रोक कर बेकार कर दिया।

# ऑस्ट्रेलिया, नाइजीरिया सुपर-16 में



मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया ने फीफा महिला विश्व कप 2023 के एकतरफा ग्रुप-बी मुकाबले में सोमवार को कनाडा को 4-0 से परास्त कर सुपर-16 चरण में जगह बना ली। मेलबर्न रेक्टैंगुलर स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में हेली रासो (नौंवा, 39वां मिनट) ने ऑस्ट्रेलिया के दो गोल किये, जबकि मेरी फाउलर (58वां) और स्टेफनी कैटली (90+4वां मिनट) ने एक-एक गोल किया। दिन के दूसरे ग्रुप-बी मुकाबले में नाइजीरिया ने आयरलैंड गणराज्य के साथ शून्य गोल का ड्रॉ खेलकर सुपर-16 का टिकट कटा लिया। इस करो या मरो मुकाबले में सैम कर की अनुपस्थिति ऑस्ट्रेलिया के लिये बड़ी चिंता थी, लेकिन रासो ने पहले हाफ में ही दो गोल दागकर मेज़बान टीम की इस चिंता को दूर कर दिया। उनका पहला गोल नौंवे मिनट में केटली के क्रॉस की मदद से आया जिसे गोल में पहुंचाने में रासो ने कोई चूक नहीं की। हाफ टाइम से छह मिनट पहले रासो ने दूसरा गोल जमाकर मटिल्डाज़ को मज़बूत स्थिति में पहुंचा दिया।

कनाडा ने हाफ टाइम के बाद चार खिलाड़ी बदले, हालांकि यह परिवर्तन स्थिति में कोई बदलाव नहीं लाया और फाउलर ने 58वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया का तीसरा गोल जमा दिया। हताश कनाडा के सभी प्रयासों को बेअसर कर ऑस्ट्रेलिया जीत की ओर बढ़ रही थी कि तभी केटली ने अतिरिक्त समय में मिली पेनल्टी को गोल में तब्दील कर मेज़बान टीम की विशाल जीत सुनिश्चित की।

# स्पेन को हराकर ग्रुप-सी के शीर्ष पर जापान

**वेलिंगटन**। जापान ने फीफा महिला विश्व कप 2023 के एकतरफा मुकाबले में सोमवार को स्पेन को 4-0 से हराकर ग्रुप-सी में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

वेलिंगटन रीजनल स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में हिनाटा मियाज़ावा (12वां, 40वां मिनट) ने विजेता टीम के दो गोल किये, जबकि रिको युकी (29वां मिनट) और मिना तनाका (82वां मिनट) ने एक-एक गोल जमाया। जापान को टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत दिलाने वाली मियाज़ावा ने 12वें मिनट में स्पेन की बैकलाइन में जगह बनायी और जुन एंडो के पास की मदद से गोल दागकर अपनी टीम का खाता खोला। यूकी ने स्पेन की



सेंटर-बैक इरेने परेडेस को छकाकर 29वें मिनट में यह बढ़त दोगुनी कर दी। पहले हाफ में स्पेन ने 77 प्रतिशत समय तक गेंद पर कब्ज़ा रखा लेकिन यूरोपीय टीम एक बार भी गोल करने का मौका नहीं बना सकी। पहला हाफ खत्म होने से पहले मियाज़ावा ने यूकी से पास लेकर जापान का तीसरा गोल कर दिया।

जापान ने 3-0 की बढ़त लेने के बाद मुकाबले में सहजता दिखाई और स्पेन को अपने अर्द्ध में पहुंचने के कम मौके दिये। तनाका ने 82वें मिनट में गोल दागकर जापान की विशाल जीत पर मुहर लगा दी। जापान ने पहले चरण में बिना कोई गोल दिये अपने सभी मुकाबले जीते हैं। सुपर-16 में जापान का सामना नॉर्वे से, जबकि स्पेन का मुकाबला स्विट्ज़रलैंड से होगा।

दिन के दूसरे ग्रुप-सी मुकाबले में ज़ाम्बिया ने कॉस्टा रिका को 2-1 से हराकर टूर्नामेंट का विजयी अंत किया। ज़ाम्बिया की पहली विश्व कप जीत में लुशोमो म्विंबा (तीसरा मिनट), बारबरा बांडा (31वां मिनट) और रेचल कुंदानंजी (90+3वां मिनट) ने गोल किये। डैफनी मोंगे (47वां मिनट) के गोल के बावजूद कॉस्टा रिका इस टूर्नामेंट में जीत का स्वाद नहीं चख सकी।

## सार संक्षेप

### विश्व नंबर एक इगा स्वियातेक ने वारसॉ ओपन जीता


**वारसॉ (पोलैंड)**। पोलैंड की इगा स्वियातेक ने यहां फाइनल में जर्मनी की लौरा सीजमंद को 6-0, 6-1 से हराकर वारसॉ ओपन का टेनिस खिताब जीता। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी ने शुरुआत से ही खेल पर नियंत्रण बनाए रखा और एक भी गेम गंवाए बिना पहला सेट जीतने के लिए केवल 30 मिनट का समय लगाया। एक छोटे से ब्रेक के बाद, सीजमंद, जिनके पास खोने के लिए कुछ नहीं था, उन्होंने अधिक जोखिम लेना शुरू कर दिया, लेकिन वह स्वियातेक के प्रभावी हमलों का जवाब देने में सक्षम नहीं थी। सीजमंद ने अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए दूसरे सेट में स्कोर 3-1 कर दिया। सिन्हुआ की एक रिपोर्ट के अनुसार, स्वियातेक अपनी सर्वश्रेष्ठ स्थिति में थी और उन्होंने अपनी विरोधी को कोई मौका नहीं दिया और एक आसान जीत दर्ज की। स्वियातेक ने मैच के बाद कहा, ईमानदारी से कहूं तो, घरेलू धरती पर खेलना कठिन है, क्योंकि उस स्थिति में दबाव अधिक होता है। मैं यहां अपना अनुभव और मानसिक ताकत दिखाना चाहती थी। मुझे खुशी है कि मैंने टूर्नामेंट जीता, मुझे वास्तव में इस बात पर गर्व है।

### बांदा ने किया महिला विश्व कप का 1000वां गोल

**वेलिंग्टन**। जाम्बिया की बारबरा बांदा ने सोमवार को कोस्टा रिका के खिलाफ ग्रुप-सी मुकाबले के 31वें मिनट में पेनल्टी किक से महिला विश्व कप इतिहास का 1,000वां गोल किया। जाम्बिया की 23 वर्षीय कप्तान ने अपने चतुर रनअप से गोलकीपर डेनिएला सोलेरा को छकाया और आसानी से गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचा दिया।

# आयरलैंड दौरे पर बतौर कप्तान वापसी करेंगे बुमराह

**मुंबई**। भारत के शीर्ष तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह कमर की सर्जरी और रिहैब के बाद पूरी तरह फिट हो चुके हैं और अगस्त में होने वाले आयरलैंड टी20 दौरे पर भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को इसकी घोषणा की। उल्लेखनीय है कि बुमराह ने भारत के लिये अपना आखिरी मुकाबला 25 सितंबर 2022 को ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध खेला था। बुमराह चोट के कारण एशिया कप 2022 में हिस्सा नहीं ले सके थे। आगे चलकर उनकी समस्या इतनी बढ़ गयी कि वह टी20 विश्व कप 2022 से भी बाहर हो गये और कमर की सर्जरी करवाना उनके लिये अनिवार्य हो गया। बुमराह ने मार्च 2023 में न्यूज़ीलैंड में कमर की सर्जरी करवाई और अप्रैल में बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैब प्रक्रिया शुरू की। बीसीसीआई ने 21 जुलाई को कहा था कि बुमराह कुछ अभ्यास मैचों में हिस्सा लेंगे जिसके बाद बोर्ड की मेडिकल टीम क्रिकेट में उनकी वापसी पर फैसला लेगी।



बुमराह अंततः 11 महीने के अंतराल के बाद अंतरराष्ट्रीय पर्दे पर लौटेंगे और तीन टी20 मैचों की आयरलैंड श्रृंखला अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप से पहले उनकी तैयारी के लिये महत्वपूर्ण होगी।

### आयरलैंड दौरे के लिए भारतीय टीम

जसप्रीत बुमरा (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़ (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज़ अहमद, रवि बिश्नोई, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, आवेश खान।

# काउंटी क्रिकेट खेलने इंग्लैंड पहुंचे पृथ्वी शॉ, नॉर्थम्पटनशायर के लिए करेंगे डेब्यू

**नई दिल्ली**। भारत के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ शुक्रवार को नॉर्थम्पटनशायर काउंटी क्रिकेट क्लब (एनसीसीसी) के साथ काउंटी क्रिकेट में पदार्पण करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारतीय टीम के 23 साल के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ इंग्लैंड में काउंटी खेलते हुए नजर आएंगे। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, शॉ को थोड़ा पहले इंग्लैंड पहुंचना था। लेकिन किसी वजह से उनकी यात्रा में देरी हुई। अब वो काउंटी क्रिकेट में डेब्यू के लिए पूरी तरह तैयार हैं।



एनसीसीसी के मुख्य कार्यकारी रे पायने ने कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पृथ्वी आज (रविवार) यूके पहुंचे और शुक्रवार, 4 अगस्त से शुरू होने वाले हमारे वन-डे कप में भाग लेंगे। जिसकी आधिकारिक घोषणा सोमवार को होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि शॉ ने बीसीसीआई से एनओसी हासिल कर ली है और बाद में उन्हें पुडुचेरी में चल रही देवधर ट्रॉफी इंटर-जोनल वनडे चैंपियनशिप को छोड़ने की अनुमति भी दे दी गई। वन-डे कप, इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड की घरेलू कार्यक्रम में 50 ओवरों की प्रतियोगिता है, जो मंगलवार से शुरू हो रही है। नॉर्थम्पटनशायर स्टीलबैक्स को अपना पहला मैच चेल्टनहैम कॉलेज, चेल्टनहैम में ग्लॉस्टरशायर के खिलाफ शुक्रवार को खेलना है। 23 वर्षीय शॉ स्टीलबैक्स टीम में डेविड विली और एंड्रयू टाई जैसे खिलाड़ियों के साथ शामिल होंगे। शॉ ने 18 साल की उम्र में वेस्टइंडीज के खिलाफ शतक बनाकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार शुरुआत की थी। लेकिन उसके बाद यह बल्लेबाज अपनी लय से भटक गया।

# मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया और जापान की निगाहें एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी में नया इतिहास रचने पर

**नई दिल्ली,** (देशबन्धु)। मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया और पिछली उपविजेता जापान की पुरुष हॉकी टीमों का रविवार देर रात 3 से 12 अगस्त तक मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में खेली जानी वाली एशियन चैंपियंस ट्रॉफी ,चेन्नै 2023 में शिरकत करने के लिए चेन्नई पहुंचने पर चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जोरदार स्वागत किया गया। 2021 में बांग्लादेश में हुए पिछले संस्करण चैंपियन दक्षिण कोरिया की निगाहें खिताब बरकरार रख और रजत पदक विजेता जापान की निगाहें पहली बार खिताब जीत नया इतिहास रचने पर हैं। दक्षिण कोरिया ने जापान को फाइनल में निर्धारित समय में तीन तीन की बराबरी के शूटआउट में 4-2 से हरा कर पहली बार खिताब जीता था जबकि जापान की टीम पहली बार उपविजेता रही थी। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में तीन तीन बार के विजेता मेजबान भारत और उसके चिर प्रतिद्वंद्वी



पाकिस्तान, दक्षिण कोरिया, जापान, मलयेशिया और चीन सहित कुल छह टीमें एक ही पूल में राउंड रॉबिन आधार पर खेलेंगी और अंकों के आधार पर शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगी। दो शीर्ष टीमें फाइनल में खेलेंगे इसमें एशिया की दिग्गज टीमों के बीच हॉकी की कलाकारी और कौशल के जुनून की बानगी देखने को मिलेगी। इस बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का पहला मैच पिछली विजेता दक्षिण कोरिया और उपविजेता जापान के बीच खेला जाएगा।

### जापान के कोच ताकाहाशी बोले, लक्ष्य कम से कम फाइनल में पहुंचना

### द. कोरिया के कोच शिन बोले, एशियन चैंपियंस ट्रॉफी एशियाई खेलों के लिए तैयारियों के लिए खासी अहम

दक्षिण कोरिया के हेड कोच सियोक शिन ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की बाबत कहा, हमारे लिए एशियन चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट हमारे लिए हांगजू(चीन) में होने वाले एशियाई खेलों के लिए तैयारियों के लिए खासा अहम है। हमारी निगाहें एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत सीधे 2024 के ओलंपिक खेलों की तैयारियों पर लगी है। हमारी निगाहें एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर लगी हैं।' वहीं दक्षिण कोरिया के कप्तान नाम योंग ली ने टीम की तैयारियों के बाबत कहा, हमारी टीम ने दोस्ताना मैचों के अभी हाल ही में यूरोप का दौरा किया था और इससे हमें एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तैयारी में मदद मिली। जहां तक चेन्नै में मौसम का सवाल है तो में दूसरी बार चेन्नै आया हूं। इससे पहले में 2007 में एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में खेलने आया था। में चेन्नै के मौसम से वाकिफ हूं। चेन्नै का मौसम हमारे दक्षिण कोरिया के मौसम की तरह ही गरम है।

पिछले संस्करण की उपविजेता जापान की निगाहें इस बार एशियन चैंपियंस में पहली बार खिताब जीतने पर हैं। जापान के कोच अकीरा ताकाहाशी ने कहा, हम एशियन चैंपियंस में शिरकत करने को लेकर खासे रोमांचित हैं और हम इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।


## सुडोकू 6273 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | 7 | 3 | 4 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 4 | 6 | 5 | 7 | 2 | 1 | 9 | 8 | 3 |
| 3 | 1 | 2 | 9 | 8 | 5 | 7 | 6 | 4 |
| 8 | 3 | 6 | 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 |
| 7 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 4 | 9 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 | 3 | 8 |
| 1 | 5 | 9 | 8 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 2 | 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 3 | 1 | 6 |
| 6 | 4 | 3 | 1 | 7 | 2 | 8 | 5 | 9 |

# [ अर्थ जगत ]

## शुरुआती कारोबार में रुपया सात पैसे गिरा

**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और घरेलू शेयर बाजारों से विदेशी कोषों की बिकवाली के कारण सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे गिरकर 82.25 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतें 84 डॉलर प्रति बैरल से अधिक होने से भी रुपये पर असर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.23 पर खुला, और बाद के कारोबार में यह 82.25 तक चला गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले सात पैसे की गिरावट दर्शाता है।





## जेट एयरवेज फिर उड़ान भरने को तैयार, डीजीसीए ने एओसी को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** दिवालिया एयरलाइन कंपनी जेट एयरवेज के विमान एक बार फिर उड़ान भरने की तैयारी में हैं। नागर विमानन निदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइन के हवाई परिचालक प्रमाणपत्र को रिन्यू कर दिया है। जेट एयरवेज के लिए सफल बोली लगाने वाले जालान-कालरॉक गठजोड़ (जेकेसी) ने यह जानकारी दी है। जालान-कालरॉक गठजोड़ ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि विमान नियामक डीजीसीए ने एयरलाइन के हवाई परिचालक प्रमाणपत्र (एओसी) को नवीनीकृत कर दिया है। जेकेसी ने बताया कि उसे 28 जुलाई को डीजीसीए से जेट एयरवेज का एओसी मिल गया है। बयान के मुताबिक एओसी का नवीनीकरण जेट एयरवेज के पुनरुद्धार में डीजीसीए के भरोसे को फिर से प्रमाणित करता है। उल्लेखनीय है कि नकदी संकट से जूझ रहे जेट एयरवेज ने 17 अप्रैल, 2019 से उड़ान बंद कर दी थी। इसके बाद डीजीसीए ने 20 मई 2022 को एओसी जारी किया था। हालांकि, एयरलाइन का परिचालन शुरू नहीं हो पाया, जिसकी वजह से एओसी की वैधता 19 मई, 2023 को खत्म हो गई थी।

# इस मानसून में बेहतर रही खरीफ फसल की बुआई

## पर नहीं टला है अल नीनो का खतरा, खाद्य महंगाई की चुनौती बरकरार!

*__नई दिल्ली।__ जुलाई का महीना खत्म हो रहा है. और राहत की बात ये है कि देर से ही सही लेकिन देश के कई राज्यों में मानसून की बारिश देखने को मिली है. बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, झारखंड और पश्चिम बंगाल छोड़ दें तो ज्यादातर राज्यों में जुलाई महीने में सामान्य से ज्यादा बारिश देखने को मिला है.जुलाई महीने में मानसून बारिश के चलते खरीफ फसलों की बुआई में तेज इजाफा देखने को मिला है.*

**बेहतर रही है खरीफ फसलों की बुआई** – मौजूदा खरीज सीजन में दलहन को छोड़ दें तो बाकी फसलों की बुआई में इजाफा देखने को मिला है. सबसे महत्वपूर्ण धान यानि चावल की बुआई बीते वर्ष के मुकाबले ज्यादा क्षेत्र में इस वर्ष हुई है. धान की बुआई 2023 में 233.37 लाख हेक्येटर में हुई जबकि 2022 में 233.25 लाख हेक्टेयर में हुई थी. सामान्य से ज्यादा बारिश होने के चलते किसानों को राहत मिली ही है लेकिन सबसे ज्यादा राहत की सांस केंद्र की मोदी सरकार ने ली है जिसे अगले साल 2024 में महाचुनाव का सामना करना है और हाल के दिनों में खाने-पीने की चीजों की कीमतों में तेज उछाल के चलते महंगाई सबसे बड़ा मुद्दा बना हुआ है.

**बेहतर मानसून की बारिश जरुरी** – लेकिन चुनौती अभी खत्म नहीं हुई है. जून के मध्य से लेकर अगस्त के मध्य के दौरान ज्यादा खरीफ फसलों की बुआई होती है. अगस्त और सितंबर में होने वाली बारिश खरीफ फसल के लिए बहुत मायने रखती है क्योंकि इसी बारिश से खरीफ फसल के पैदावार को बढ़ाने में मदद मिली है. तो इस महीने



होने वाली बारिश से नदी नहर तालाब और पानी के जलाशयों को भरने में मदद मिलती है जमीन के नीचे पानी का लेवल भी ऊपर बढ़ता है. इससे ठंड के दौरान रबी फसलों के सीजन में रबी फसल को नमी प्रदान करती है.

**नहीं टला है अल नीनो का खतरा** – अब तक तो खरीफ फसलों की बुआई के आंकड़े बेहतर नजर आ रहे हैं लेकिन इस वर्ष की शुरुआत से ही जिस अल नीनो का खतरा बताया जा रहा है वो अभी टला नहीं है. ज्यादातर मौसम को लेकर भविष्यवाणी करने वाली एजेंसियां इस वर्ष ठंड के सीजन के दौरान भी अल नीनो के रहने की आशंका जता रहे हैं. इसलिए अगस्त सितंबर के दौरान मानसून कमजोर पड़ा तो इसके असर रबी फसलों पर भी पड़ सकता है.

**घट हुआ चावल गेहूं का स्टॉक** – सरकार के भंडार में एक जुलाई तक 71.1 मिलियन टन चावल और गेहूं का स्टॉक था जो पांच साल में सबसे कम है. अन नीनो और खरीफ और रबी फसलों की पैदावार में कोई भी कमी से सरकार की मुसीबत बढ़ सकती है. क्योंकि अगले साल 2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं. यही वजह है कि गेहूं का रिकॉर्ड उत्पादन के बाद भी सरकार के गेहूं के एक्सपोर्ट पर लगे प्रतिबंध को नहीं हटाया और अब तो गैर-बासमती चावल के एक्सपोर्ट पर भी बैन लगा दिया गया है. चीनी के एक्सपोर्ट पर तो पहले से बैन लगा हुआ था.

**परेशान कर रही अरहर दाल की कीमत** – अरहर दाल की कीमतों में पहले से ही आग लगी है. खुदरा बाजार में 180 से 200 रुपये प्रति किलो में अरहर दाल मिल रहा है. तो इस खरीफ सीजन में अरहर दाल की बुआई कम हुई है. 2022 में 37.50 लाख हेक्टेयर में अरहर दाल की बुआई हुई थी जो 2023 में घटकर 31.51 लाख हेक्टेयर रह गई है. जबकि सामान्य एरिया 46.29 लाख हेक्टेयर है. मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात में बेहतर मानसून की बारिश का फायदा सोयाबीन, मूंगफली और तिल के फसल को होगा और उत्पादन ज्यादा होने की उम्मीद है.

**खाद्य महंगाई में तेज उछाल** – टमाटर समेत दूसरी सब्जियों की कीमतों में उछाल सरकार के परेशान कर रही है. जून महीने में खुदरा महंगाई दर के आकड़ों ने फिर से यूटर्न ले लिया है. जून 2023 में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेज उछाल के चलते खुदरा महंगाई दर 4.81 फीसदी पर जा पहुंची जो मई में 4.31 फीसदी रही थी. खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर में भारी बढ़ोतरी देखने को मिली है. जून में खाद्य महंगाई दर बढ़कर 4.49 फीसदी पर जा पहुंची है जो मई 2023 में 2.96 फीसदी रही थी. ऐसे में महंगाई में कमी लाने के लिए बेहतर मानसून का होना बेहद जरुरी है.

# शेयर बाजार में लौटी तेजी, सेंसेक्स 367 अंक उछला



*मुंबई। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में शानदार रैली देखने को मिली। शुरुआती कारोबार में सुस्त शुरुआत के बाद आखिरी घंटे के ट्रेडिंग सेशन में बाजार में जबरदस्त खरीदारी लौटने से सेंसेक्स और निफ्टी में बड़ी तेजी के साथ बंद होने में कामयाब रहें।*

कारोबार बंद होने पर बीएसई सेंसेक्स 367.47 अंक उछलकर 66,527.67 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई निफ्टी 107.75 अंक की तेजी के साथ 19,753.80 अंक पर बंद हुआ। आज के बाजार में पावर और आईटी कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। इसके दम पर बाजार हरे निशान में बंद हुआ। आईटी शेयरों की बात करें तो टेक महिंद्रा, टीसीएस, इन्फोसिस, विप्रो, एचसीएल टेक समेत अधिकांश आईटी स्टॉक्स में 2 से 3 फीसदी की तेजी देखने को मिली। दोनों शेयर बाजारों ने इस तेजी के साथ पिछले सप्ताह लगातार दो कारोबारी दिवसों में रही गिरावट से खुद को उबार लिया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से एनटीपीसी का शेयर सकारात्मक तिमाही नतीजों के दम पर करीब चार प्रतिशत तक उछल गया। इसके अलावा पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, टीसीएस, विप्रो, मारुति सुजुकी और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयरों में तेजी का दौर रहा। दूसरी तरफ, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, भारती एयरटेल और एशियन पेंट्स के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही।

# 6 साल में 27,426 करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी गई, केवल 922 करोड़ रुपये की हुई वसूली

*__नई दिल्ली।__ वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के छह साल में सरकार ने 5,070 धोखाधड़ी के मामलों का पता लगाया जिसमें इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) क्लेम के लिए लोगों ने पैन और आधार विवरण का दुरुपयोग किया। इन 5,000 मामलों से 27,426 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी का पता चला है।*




हालांकि पिछले छह वर्षों में वसूली केवल 922 करोड़ रुपये की हुई है। ये आंकड़े 1 जुलाई, 2017 (जीएसटी व्यवस्था की शुरुआत) और 30 जून, 2023 के बीच के हैं। महाराष्ट्र, दिल्ली और तमिलनाडु जीएसटी पंजीकरण के दुरुपयोग के धोखाधड़ी के मामलों में शीर्ष तीन में हैं, जहां क्रमशः 765, 713 और 632 मामले सामने आए हैं। महाराष्ट्र में 3,889 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी पकड़ी गई, जबकि केवल 171 करोड़ रुपये की वसूली हुई। दिल्ली में 4,326 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी पकड़ी गई, जबकि वसूली केवल 159 करोड़ रुपये की हुई और तमिलनाडु में 1,877 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी पकड़ी गई और वसूली केवल 44 करोड़ रुपये की हुई। दिलचस्प बात यह है कि 16 मई 2023 से 9 जुलाई 2023 के बीच सरकार ने आश्चर्यजनक रूप से 9,369 फर्जी संस्थाओं का पता लगाया। साथ ही 10,902 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी का पता चला। हालांकि इन फर्जी संस्थाओं से केवल 45 करोड़ रुपये की वसूली हुई है।

# भारत के गैर-बासमती चावल निर्यात पर प्रतिबंध से नेपाल चिंतित, तेज की कूटनीतिक कोशिशें

*__काठमांडू।__ भारत के गैर बासमती चावल के प्रतिबंध का असर नेपाल में दिखने लगा है। देश की कुल खपत का 20 प्रतिशत चावल भारत से ही आयात किया जाता रहा है। करीब 70 लाख मीट्रिक टन चावल की खपत में से 15 लाख मीट्रिक टन चावल भारत से आयात होता रहा है।*

सरकारी आंकड़ा बताता है कि पिछले आर्थिक वर्ष में भारत से करीब 1500 करोड़ रुपये के चावल का आयात किया गया। इतने बड़े पैमाने पर चावल के आयात पर निर्भर रहने वाले नेपाली समाज में प्रतिबंध की खबर आते ही आम जनता से लेकर व्यापारी तक ने चावल का भंडारण करना शुरू कर दिया है। इससे चावल की कालाबाजारी और मूल्य वृद्धि की शिकायत लगातार आ रही है।

इसके मद्देनजर नेपाल सरकार ने अहम फैसला लिया है। प्रधानमंत्री के निर्देश के बाद संबंधित मंत्रालय के उच्च अधिकारियों की बैठक में चावल की कालाबाजारी रोकने, मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण करने और आम जनता को चावल की कमी नहीं होने देने के लिए लगातार बाजार अनुगमन करने का फैसला किया गया है।



नेपाल सरकार के मुख्य सचिव वैकुण्ठ अर्याल की अध्यक्षता में रविवार को हुई बैठक में देश में भारत के चावल निर्यात पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद की परिस्थितियों पर गम्भीरता पूर्वक विचार-विमर्श किया गया। इस उच्च स्तरीय बैठक के बाद जारी बयान में चावल की कालाबाजारी रोकने और मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण करने के लिए देशभर में नियमित बाजार अनुगमन करने का फैसला लिए जाने की जानकारी दी गई है।

प्रधानमंत्री कार्यालय के सचिव के नेतृत्व में गृह मंत्रालय, योजना आयोग, राष्ट्रीय सतर्कता केंद्र, कृषि मंत्रालय, आपूर्ति मंत्रालय के सचिव सहित विभिन्न सरकारी जांच एजेंसियों के प्रतिनिधियों को शामिल किए जाने की जानकारी दी गई है।

बैठक के बाद आपूर्ति सचिव मुकुन्द निरौला ने कहा कि आम जनता के घर में चावल की कमी नहीं होने देने के लिए सरकारी गोदामों के अलावा निजी क्षेत्र के गोदामों में भी चावल का भंडारण शुरू करने का फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रविधि और मानवीय दोनों तरीके से चावल की कालाबाजारी को रोकने के लिए मुस्तैदी से निगरानी की जाएगी। साथ ही प्रतिबंध की आड़ में मूल्य वृद्धि न हो सके इसको लेकर भी सरकार सचेत है।

उद्योग, वाणिज्य तथा आपूर्ति मंत्री रमेश रिजाल ने कहा कि नेपाल को चावल प्रतिबंध वाले निर्णय से बाहर रखने के लिए सरकार के तरफ से कूटनीतिक प्रयास भी किया जा रहा है। मंत्री रिजाल का तर्क है कि भारत ने कोरोना के समय भी खाद्यान्न सहित कई वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया था लेकिन नेपाल सरकार के आग्रह के बाद विशेष व्यवस्था के तहत खाद्यान्न सहित सभी वस्तुओं के प्रतिबंधों से छूट दी गई थी।

भारत सरकार ने पिछले वर्ष चावल के निर्यात पर 20 प्रतिशत का अतिरिक्त कर लगाने का निर्णय किया था, लेकिन नेपाल सरकार के मानवीय आधार पर इसमें छूट देने का आग्रह करने पर भारत ने छह लाख मीट्रिक टन तक के चावल निर्यात को कर के दायरे से बाहर कर दिया था। फिलहाल नेपाल में उसी कोटे के तहत चावल का आयात किया जा रहा था। भारत सरकार के ताजा निर्णय में राहत कोटा के तहत भेजे जा रहे चावल के निर्यात पर भी प्रतिबंध लगाने के बाद किसी भी प्रकार की असहज स्थिति से बचने के लिए नेपाल सरकार ने कूटनीतिक प्रयास तेज कर दिए हैं।

# नारायण एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस में छात्रों को सुनहरा अवसर



**जबलपुर।** छात्रों की तैयारी को गति देने और अकादमिक रूप से सटीकता लाने के लिए नारायण एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस द्वारा स्कॉलैस्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट आयोजित किया जा रहा है। एन-एस-ए-टी- की 18 वीं श्रृंखला द्वारा छात्रों को अपनी तैयारी को परखने का मौका मिलेगा। एन-एस-ए-टी- एक बहुप्रतीक्षित वार्षिक परीक्षा है जिसका उद्देश्य देश भर के युवा छात्रों की शैक्षणिक प्रतिभा निखारना] पुरस्कृत कर और उन्हें प्रेरित करना है। यह कक्षा 7वीं से 11वीं (विज्ञान) के छात्रों के लिए अपने नॉलेज, थिंकिंग और अपने सहकर्मी समूह के बीच समस्या समाधान क्षमताओं का परीक्षण करने में मददगार है। जिससे राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा को एक मंच मिले। अपने समृद्ध इतिहास और अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ एन-एस-ए-टी- ने लगातार छात्रों को अपनी वास्तविक क्षमता बढ़ाने और इस्तेमाल करने के अवसर प्रदान किए हैं। **300 से अधिक शहरों को कवर** - एन-एस-ए-टी द्वारा 2023 रुपये से अधिक के नकद पुरस्कार प्रदान किए जाते है। 1 करोड़, असाधारण प्रतिभा को पुरस्कृत कर, छात्रों को अपना बेस्ट देने के लिए प्रेरित किया जाता है।

# वालमार्ट का बड़ा दांव, अरबों डॉलर खर्च करके फिल्पकार्ट में खरीदी बड़ी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** वालमार्ट ने फिलपकार्ट में टाइगर ग्लोबल मैनेजमेंट की बची हुई हिस्सेदारी को खरीद लिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार वालमार्ट ने इस हिस्से के लिए 1.4 अरब डॉलर का भुगतान टाइगर ग्लोबल मैनेजमेंट को किया है। इस फैसले से एक बात तो साफ हो गई है कि वालमार्ट भारत के रिटेल मार्केट को लेकर उत्साहित है।

बता दें, यह ट्राजेक्शन पिछले दिनों हुआ है। ब्लूमबर्ग के अनुसार यह नई डील फ्लिपकार्ट के 35 अरब डॉलर के वैल्यूएशन पर हुआ है। जोकि 2021 के फिलपकार्ट के वैल्यूएशन से काफी कम है। 2 साल पहले फिलपकार्ट की वैल्यूएशन 38 अरब डॉलर बताया गया था। हालांकि, इस पूरे मसले पर फ्लिपकार्ट के प्रवक्ताओं का कोई बयान नहीं आया है।

# कैट और मेटा भारत में 10 मिलियन व्यापारियों को डिजिटल बनाएंगे




**जबलपुर।** देश भर में छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाने के प्रयास में, कैट और वैश्विक कंपनी मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप द्वारा अपनी पार्टनरशिप में एक बड़ा आयाम देते हुए देश में 10 मिलियन स्थानीय व्यापारियों को डिजिटल रूप से प्रशिक्षित और कुशल बनाने का दोनों ने संयुक्त रूप से ऐलान किया। साझेदारी का लक्ष्य सभी 29 भारतीय राज्यों में 11 भारतीय भाषाओं में हाइपर-स्थानीय डिजिटल प्रशिक्षण के साथ व्यवसायों के लिए विकास के अवसरों को उजागर करने के लिए डिजिटलीकरण प्रयासों को अंतिम व्यापारी तक पहुँचाना है। दीपक सेठी (कैट) प्रदेश सचिव ने बताया कि मेटा स्मॉल बिजनेस अकादमी द्वारा प्रमाणन विशेष रूप से नए उद्यमियों और विपणक को मेटा ऐप्स पर बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग कौशल हासिल करने में मदद करेगा। रोहित खटवानी जबलपुर जिलाध्यक्ष ने बताया कि कार्यक्रम को पूरे भारत में एमएसएमई तक पहुंचने में सक्षम बनाने के लिए, पाठ्यक्रम मॉड्यूल और परीक्षा सात भाषाओं - हिंदी, अंग्रेजी,मराठी, बंगाली, कन्नड़, तमिल और तेलुगु में उपलब्ध हैं।


## महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 10000-11000, मीडियम बोल्ड 12000-12500, फाइन 13000-14000, एकस्ट्रा बोल्ड 14000-1450, चना दाल एवरेज 6000-6200 चना दाल मार्का 6200-6500, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7200-7500, उड़द छिलका 8500-9000, फाइन 9500-10000, उड़द धुली 10000-10500, फाइन 10800-11000, मूंग दाल छिलका 9000-9200, मूंग दाल फाइन 9400-9500, मूंगदाल धुली 9800-10000,फाइन 10000-10200।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3100-3200, बेस्ट 3200-3400, बीपीटी चालू 3500-3700, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4800 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 4800-5000, फाइन 5300-5500, बासमती कनकी चालू 2800-2900, बासमती कनकी मीडियम 3200-3400, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 6000-6200, तिबार- 7200-7500, बासमती 10000-11500, बेस्ट 11500-12000 पोहा-4000-4200, फाइन 4200-4400, मुरमुरा-5000-5200, फाइन- 6500-7000, रु.।

## सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60600 चांदी टंच- 73900
चांदी रिफाइन -75200

## दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60600 चांदी टंच- 73900
चांदी रिफाइन -75200


## रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 82.24 |
| एक यूरो | 90.77 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 105.71 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54.75 |
| एक जापानी येन | 00.58 |


## परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 94 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 96 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-100 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 58 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6500, 6 एम एम 6500, 8 एम एम 6100, 10 एम एम 5900,12 एम एम, 5900 एवं 16 एम 5900 रु.। तार- 78 रु. किलो।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
टेलर्स वारिस
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 % गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596
देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# जबलपुर ज़ोन

' स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक'

सुप्रभात से शुभरात्रि तक

# रिमझिम फुहारों ने सावन का कराया एहसास

## धूप और उमस भरी गर्मी से लोगों को मिली राहत

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में एक बार फिर मौसम ने करवट बदली है। मानसून के बादल सक्रिय हो गये हैं। इसका जबलपुर में देखने को मिल रहा है। सोमवार को नगर में दिन मे कई बार रिमझिम फुहार के बीच हल्की बारिश हुई। इससे मौसम थोड़ा खुशगवार हुआ और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग की माने तो अगले चौबीस घंटे में बालाघाट, कटनी, सिवनी, सीधी, सिंगरौली, शहड़ोल, छतरपुर, पन्ना, अनूपपुर, रीवा में मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। बीते कई दिनों बाद जबलपुर में सुबह से आसमान में मानसून के बादल छा गये थे। सुबह दस बजे के बाद शहर में कई जगह रिमझिम बारिश का दौर शुरू हो गया था। दोपहर बाद पुन: अलग-अलग स्थानों पर बारिश हुई, हालाकि बारिश का दौर कम समय चला। मौसम के बदलाव का सबसे ज्यादा असर तेज धूप और उमस भरी गर्मी पर हुआ, तापमान जहां कम हुआ वहीं धूप से भी लोगों को राहत मिली।

गर्मी कम होने से कूलर और एसी और पंखे का उपयोग कम किया गया। वही ग्रामीण अंचलों में किसानों के चेहरे पर थोड़ी राहत देखने को मिली। जिस तरह हल्की बारिश हुई उससे धान की फसल जमने में मदद मिलेगी। ऐसा माना जाता है कि इस तरह की हल्की बारिश खेती के लिये अमृत के समान रहती है। जबलपुर ही नहीं बल्कि आस-पास के जिलों में मौसम के रूख में परिवर्तन हुआ है। जिसके बाद बूंदा-बांदी का दौर चला। जबलपुर स्थित मौसम विभाग से मिली



### जबलपुर में बारिश का आंकड़ा 22 इंच के करीब पहुंचा

जानकारी के अनुसार अधिकतम तापमान 31.7 और न्यूनतम तापमान 25.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते साल 33.1 और 23.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अभी पश्चिम की ओर चलने हवाएं 5 से 6 किमी प्रतिघंटे की गति से चल रही हैं। अब तक जबलपुर में बारिश का आंकड़ा लगभग 22 इंच पर पहुंचा है। इसे आधे से कम बारिश हो चुकी है। यहां पर 45 से 55 इंच के बीच बारिश का आंकड़ा रहता है। कई बार बढ़ता भी रहा है। अब इस बार बारिश का आंकड़ा कहां पर जाकर थमेगा यह देखने वाली बात होगी।

बारिश से शहर के विभिन्न जलाशय भर गये है। इनमें खंदारी और परियट के साथ ही बरगी बांध शामिल है। डिण्डौरी, मण्डला आदि जिलों में बारिश नदियों में पानी बढ़ रहा है जिसका सीधा प्रभाव नर्मदा नदी पर भी हो रहा है। बरगी बांध में लगातार पानी बढ़ रहा है। जिससे जबलपुर के लिए अच्छा संकेत माना जा सकता है।

# सीबीआई को सौंप दी जानी चाहिये जांच

**जबलपुर,देशबन्धु।** फर्जी नर्सिंग कॉलेजो के मामले को हाईकोर्ट ने काफी सख्ती से लिया। मुख्य न्यायधीश रवि विजय मलिमथ व न्यायधीश विशाल मिश्रा की खंडपीठ ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा है कि सरकार का रवैया देखते हुए हमारा विचार है कि मामले की जांच सीबीआई को सौंपी जाये। वहीं सरकार की ओर से बताया गया कि ग्वालियर खंडपीठ के आदेशानुसार सीबीआई जांच जारी है। न्यायालय ने ग्वालियर खंडपीठ में नर्सिंग कॉलेज से संबंधित 40 याचिकाओं को मुख्यपीठ में स्थानातंरित करने के आदेश जारी करते हुए अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद निर्धारित की है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के फर्जी तरीके से नर्सिंग कालेज संचालित होने को लॉ स्टूडेंट एसोसियेशन के अध्यक्ष अध्यक्ष एडवोकेट विशाल बघेल की ओर से दायर किया गया है। जिसमें प्रदेश भर में फर्जी तरीके से संचालित हो रहे नर्सिंग कालेजों को चुनौती दी गई थी। नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़ा उजागर होने के बाद मामला लंबित रहते हाईकोर्ट ने 23 अगस्त 2022 को सुनीता शिजू को निलंबित



### फर्जी नर्सिंग कालेजों के मामले में हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी

कर दिया था। सरकार ने 4 मई 2023 को सुनीता को काउंसिल से हटाते हुए गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल भेज दिया था। पूर्व सुनवाई के दौरान जब न्यायालय ने पूछा था कि जांच के दौरान सुनीता को भोपाल में क्यों रखा है तो सरकार ने 9 जून को भोपाल से इंदौर के एमजीएम में स्थानांतरण कर दिया। न्यायालय ने नाराजगी व्यक्त हुए डीएमई को 4 घंटे में उपस्थित होने के निर्देश दिये थे। आदेश के परिपालन में डीएमई अरुण श्रीवास्तव हाजिर हुए थे। न्यायालय ने उनसे पूछा था कि पूर्व रजिस्ट्रार स्पेशल ट्रीटमेंट क्यो दिया जा रहा है। जिस पर डीएमई की ओर से उचित कार्रवाई की अंडरटेकिंग दी गई थी।

वहीं सरकार से युगलपीठ ने पूछा कि जब अगस्त 2022 में हाईकोर्ट ने नर्सिंग काउंसिल में रजिस्ट्रार को हटाकर प्रशासक की नियुक्ति की थी तो सरकार द्वारा बिना अनुमति नई रजिस्ट्रार की नियुक्ति क्यों की। सरकार ने आश्वासन दिया कि दो सप्ताह के भीतर नई रजिस्ट्रार को हटा दिया जाएगा। मामले में सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से पेश की गयी रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद युगलपीठ ने उक्त तल्ख टिप्पणी की। वहीं याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि ग्वालियर खंडपीठ ने सिर्फ 364 नर्सिंग कॉलेज की सीबीआई जांच के निर्देश दिये है, प्रदेश में 670 नर्सिंग कॉलेज संचालित हो रहे है। जिसके बाद युगलपीठ ने उक्त निर्देश दिये। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता आलोक बागरेचा ने पैरवी की।

## 25 प्रकरणों के निराकरण संबंधी मामले में अब सुनवाई 7 अगस्त को

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रदेश की समस्त अधीनस्थ अदालतों में एक माह में 25 प्रकरणों के अनिवार्य निराकरण के हाईकोर्ट प्रशासन के आदेश को चुनौती देने के मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई शुरू हो गई। जस्टिस सुजय पॉल व जस्टिस एके पालीवाल की युगलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 7 अगस्त को निर्धारित की है।

ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधि व सेवानिवृत एडीजे राजेंद्र कुमार श्रीवास एवं एडवोकेट यूनियन फॉर डेमोक्रेसी एण्ड शोसल जस्टिस के प्रतिनिधि अधिवक्ता रामगिरीश वर्मा ने याचिकाएं दायर की हैं। मामले पर सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व विनायक शाह ने दलील दी कि याचिका में उठाए गए मुद्दों के सम्बन्ध में सुप्रीम कोर्ट के सात सदस्यों की बैंच ने स्पष्ट किया है कि देश की विधायका (संसद) के अलावा आपराधिक तथा दीवानी प्रकरणों की सुनवाई की समय सीमा का निर्धारण सुप्रीम कोर्ट तथा कोई भी हाईकोर्ट तय नहीं कर सकता। कोर्ट ने पूछा कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से याचिका वापस ले ली गई है, तो अब यहां सुनवाई कैसे होगी। इस पर अधिवक्ताओं ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में याचिका केवल इसलिए दायर की गई थी कि हाईकोर्ट में लंबित याचिका पर जल्द सुनवाई हो सके। अब इसी बिंदु पर अगली तारीख पर सुनवाई होगी।

# हार्डवेयर कारोबारी ने सरेंडर किये 20 लाख

## स्टेट जीएसटी की कार्यवाही 3 दिन चली,जप्त किये गये दस्तावेज

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्टेट जीएसटी की एंटी इवेजन विंग की टीम ने गत शुक्रवार को एक बड़े हार्ड वेयर कारोबारी के घर, फर्म, और गोदाम में छापामार कार्यवाही की थी, यह जांच की कार्यवाही तीन दिन चली और अनियमितता पाये जाने के बाद कारोबारी ने बीस लाख सरेंडर किये। यही नहीं जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने जांच के दौरान दस्तावेजों को जप्त भी किया है। जिनका परीक्षण विभाग में किया जायेगा, गणना के बाद कारोबारी से कर की और राशि वसूल की जायेगी। उक्त कार्यवाही संयुक्त आयुक्त जीएस कंवर के निर्देशन और असिस्टेंड कमिश्नर प्रकाश सिंह बघेल के मार्गदर्शन में की गयी।

गौरतलब है कि गत शुक्रवार को करमचंद चौक निवासी अशोक दशवानी के घर, फर्म अम्बिका ट्रेडर्स और गोदाम में स्टेट जीएसटी की एंटी इवेजन विंग की टीम ने छापामार कार्यवाही की थी, जांच के दौरान कर गड़बड़ी और अनियमितताएं की जांच बारीकी से टीम ने की थी और इससे जुड़े दस्तावेजों को भी जप्त किया गया था। सूत्रों के मुताबिक जांच के दौरान टीम को स्टॉक में गड़बड़ी भी मिली है।




जिसके चलते कारोबारी से बड़ी राशि सरेंडर की उम्मीद लगाई जा रही थी और अंतत: कारोबारी से कर की बड़ी राशि सरेंडर कराई गई। शुक्रवार से शुरू हुई यह कार्यवाही रविवार की देर रात एक बजे तक चली। बताया जाता है कि करदाता के द्वारा जितना टैक्स जमा किया जाना चाहिए था, उतना नहीं किया गया वहीं जांच के दौरान कारोबारी द्वारा बताया गया भौतिक स्टॉक भी सही नहीं पाया गया बल्कि कम पाया गया। फिलहाल गड़बड़ी के चलते कारोबारी से पेनाल्टी सहित 20 लाख की राशि जमा कराई गई है। इसके अलावा जांच के दौरान दस्तावेजों को जप्त किया गया है, जिसका परीक्षण जीएसटी विभाग में किया जायेगा और गणना के बाद जो भी कर की राशि बनेगी वह कारोबारी से वसूली जायेगी।

# 2 दर्जन नगर पालिकाओं के सीएमओ बदले गए

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की स्थानांतरण सूची जारी की है।

इसमें जबलपुर दतिया, धार सिहोर, रायसेन, धार सागर, छिन्दवाड़ा, व अन्य जिले के अधिकारी प्रभावित हुए हैं। इस सूची में आयुक्त नगर पालिका निगम कटनी भी बदले गए हैं। सूची के अनुसार सतेन्द्र सिंह धाकरे आयुक्त नगर निगम कटनी को उप संचालक संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल प्रियंका झारिया, सीएमओ बरेला जिला जबलपुर को सतना, सुषमा मिश्रा सेमरिया जिला रीवा से अमरपाटन ,दिनेश बाघमारे छिन्दवाड़ा से पनागर जिला जबलपुर आशीष शर्मा पनागर से छतरपुर शिवांगी सिंह बघेल बुढ़ार जिला शहडोल से रीवा संभाग,संजय कुमार पांडे नागौद जिला सतना से सीएमओ बरेला जिला जबलपुर निधि राजपूत बैकुंठपुर जिला रीवा से जैतवारा जिला सतना आरके इवनाती पांढुरना जिला छिन्दवाड़ा से मुलताई जिला बैतूल ओम पाल सिंह भदौरिया छतरपुर से जिला बैतूल ज्योति शिवहरे रेहली जिला सागर से बैरसिया जिला भोपाल नितन बिजबे बैतूल से पाढुरना जिला छिन्दवाड़ा अक्षत बुंदेला बैतूल से शहडोल हेमेश्वरी पटेल नर्मदापुरम शहरी विकास अभिकरण जिला नरसिंहपुर में पदस्थ किये गए हैं।

### वैद्य ने अपर कलेक्टर का कार्यभार ग्रहण किया

**जबलपुर,देशबन्धु।** शासन के आदेशों के परिपालन में जबलपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालिक अधिकारी के पद पर को अपरान्ह



दीपक कुमार वैद्य अपर कलेक्टर ने प्रशांत श्रीवास्तव, संयुक्त कलेक्टर से कार्यभार ग्रहण किया इस अवसर पर मुख्य कार्यपालिक अधिकारी प्रशांत श्रीवास्तव द्वारा दीपक कुमार वैद्य का स्वागत किया गया।

# दमोह-बांदकपुर के मध्य सीआरएस ने किया नवनिर्मित थर्ड लाइन का निरीक्षण

## यात्री यातायात संचालन की मिली मंजूरी



**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्य वृत्त के रेल संरक्षा आयुक्त मनोज अरोरा द्वारा थर्ड लाइन परियोजना के अंतर्गत दमोह से बांदकपुर सेक्शन का कमीशनिंग के उद्देश्य से निरीक्षण किया गया. सीआरएस ने दमोह-बांदकपुर सेक्शन में अधिकतम 118 किमी प्रतिघंटा की गति से सफल स्पीड ट्रायल भी किया।उल्लेखनीय है कि पमरे के बीना-कटनी थर्ड लाइन प्रोजेक्ट के अंतर्गत दमोह-बाँदकपुर रेलखंड में तिहरीकरण कार्य तेज गति के साथ निष्पादित किया जा रहा है जिसके तहत इस रेलखंड के स्टेशनों के बीच तीसरी लाइन का कार्य पूर्ण होते ही रेल सुरक्षा आयुक्त द्वारा परिचालन के लिए अनुमति प्रदान की गयी है।

गौरतलब है कि परिचालन हेतु मंजूरी मिलने वाले उक्त सेक्शन के दमोह-बांदकपुर स्टेशन के बीच की कुल दूरी 15.423 किलोमीटर है. कटनी-बीना रेलखंड एक कोल रूट होने के कारण एक अत्यंत व्यस्त रूट हैं।

उक्त सेक्शन थर्ड लाइन हो जाने से इस रूट की व्यस्तता में राहत मिलेगी साथ ही यात्री यातायात का संचालन और भी सुगम हो सकेगा। इस सेक्शन के निरीक्षण के दौरान पमरे मुख्यालय से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) के साथ अन्य अधिकारीगण एवं जबलपुर मंडल से मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील एवं वरिष्ठ मंडल इंजीनियर मौजूद रहे।

## सुनील श्रीवास्तव जबलपुर रेल मंडल के सीनियर डीसीएम बने



**जबलपुर,देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल प्रशासन ने सोमवार 31 जुलाई को पमरे मुख्यालय में उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के पद पर पदस्थ सुनील कुमार श्रीवास्तव को जबलपुर रेल मंडल का वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक द्वितीय के पद पर स्थानांतरित किया है।

उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व ही जबलपुर मंडल में डीसीएम के पद पर पदस्थ श्री श्रीवास्तव को पदोन्नति पश्चात पमरे मुख्यालय में पदस्थापित किया गया था, जहां से उन्हें जबलपुर रेल मंडल का सीनियर डीसीएम 2 के महत्वपूर्ण पद पर स्थानांतरित किया गया है। श्री श्रीवास्तव ने नया पदभार ग्रहण कर लिया है।

# डिवाइडर से टकराने से कार हवा में उछली, 2 की मौत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं, रविवार सोमवार की दरमियानी रात चंदनगांव क्षेत्र में एक कार बेकाबू होकर डिवाइडर से जा टकराई। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि टक्कर के बाद कार हवा में उछल गई और तीन बार पलटी खाकर गिर गई। कार हवा में ही तीन पलटी खाई और डिवाइडर के दूसरी तरफ जा गिरी। इस हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इस हादसे में दो दोस्तों की दर्दनाक मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक आपस में दोस्त थे और नागपुर रोड स्थित किसी ढाबे से खाना खाकर वापस छिंदवाड़ा लौट रहे थे मौके पर पहुंची पुलिस ने मशक्कत के बाद दोनों युवकों को बाहर निकाला। दोनों की घटनास्थल पर ही मौत होने के कारण शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल में पहुंचाया पुलिस घटना की जांच लगी हुई है। चंदनगांव इलाके में हुए इस हादसे को लेकर टी.आई सुमेर सिंह जगेत ने बताया कि कार में छिंदवाड़ा शहर के शनिचरा बाजार निवासी संगीत मिश्रा और संचार कालोनी निवासी अर्पित चड्ढा सवार थे। वे नागपुर रोड की तरफ जा रहे थे।

इसी दौरान हाई स्पीड कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार के परखच्चे उड़ गए। संगीत और अर्पित कार में फंसकर बुरी तरह जख्मी हो गए थे, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन दोनों की जान नहीं बचाई जा सकी। इस घटना के बाद स्वजन में गम का माहौल है। कड़ी मशक्कत के बाद निकाले शव टी आईं सुमेर सिंह जगेत ने कहा कि ज्यादा खून बहने से संगीत




और अर्पित की मौके पर ही मौत हो गई थी। शव डिवाइडर और कार के बीच बुरी तरह फंस गए थे। इन्हें कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। थमने का नाम नहीं ले रहे सड़क हादसे जिले में तमाम प्रयासों के बाद भी सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। बीते 6 महीने में सड़क हादसे में 200 से ज्यादा लोगों की सड़क हादसे में मौत हुई है।

**सोनू पोल्ट्री**

बड़ा ब्रॉयलर - रू. 90
मीडियम ब्रॉयलर - रू. 92
छोटा ब्रॉयलर - रू. 96
मोबाइल नं. 9300692405

**J.B.F.A.**
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रू. 100
मुर्गा मीडियम - रू. 96
मुर्गा बड़ा - रू. 94
मुर्गा जम्बो - रू. 94
मो.-9039925000, 9425800409




# पवन एक्सप्रेस से खराब पानी की बोतलें जप्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** ट्रेनों के पेन्ट्रीकार बोगी के माध्यम से सप्लाई किये जाने वाले खाद्य एवं पेय पदार्थ की गुणवत्ता एवं पेंट्रीकार की साफ सफाई का औचक निरीक्षण करने के लिए सोमवार सुबह से ही मण्डल के सीनियर पहुंचे और पवन एक्सप्रेस ट्रेन की पेंट्रीकार बोगी को चेक किया। चेकिंग के दौरान टीम सीनियर डीसीएम को अमानक पानी की बोतले व कोल्ड ड्रिंक्स मिली जिसे जुर्माना लगाते हुए जब्त कर लिया गया।



मिली जानकारी के अनुसार एलटीटी से चलकर मुजफ्फरपुर जा रही ट्रेन क्रमांक 11062 पवन एक्सप्रेस जैसे ही मुख्य रेलवे डीसीएम ट्रेन के स्टेशन विश्वरंजन अपने दलबल पहुंचते ही सीनियर कोल्डड्रिंक्स मिल गई जिसे के साथ मुख्य रेलवे स्टेशन डीसीएम ने दी दबिश ट्रेन से नीचे उतरवाकर जब्त स्टेशन पहुंची की सीनियर डीसीएम विश्वरंजन, स्टेशन मैनेजर कामर्शियल संजय जैसवाल व डिप्टीएसएस कामर्शियल चड्ढा सहित अन्य स्टॉफ पेंट्रीकार बोगी में घुस गया और बारीकी से निरीक्षण करने लगा। इसी बीच टीम सीनियर डीसीएम को भारी मात्रा में रखी हुई अमानक पानी की बोतलें व कर लिया गया। बताया जाता है कि पेंट्रीकार बोगी में यात्रियों को रेल नीर के स्थान पर दीगर कंपनी की पानी की बोतलें व कोल्डड्रिंक्स बेची जा रही थी जो कि गैर कानूनी है। आज सुबह 10 बजे हुई कार्रवाई का असर यह रहा है कि जबलपुर रेल मण्डल के जबलपुर से लेकर इटारसी, कटनी, सतना व बीना तक कार्रवाई की चर्चा रही।

आसान किस्तों में उपलब्ध

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है

1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।

**मिश्रा इन्टरप्राइजेज**

एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड
पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496